23 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 35

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of Hajji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# झारखंड की बागडोर का फैसला आज

## ■ सुबह 8 बजे शुरू होगी मतगणना ■ 9.30 बजे से आने लगेगा रुझान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की बागडोर किसके हाथ में रहेगी, इसका फैसला शनिवार को हो जायेगा। राज्य में मुख्य रूप से एनडीए (भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा) और इंडी गठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले) के बीच मुकाबला है। यहां दो चरणों में चुनाव संपन्न हुआ है। जनता ने 13 नवंबर को 43 विधानसभा सीटों पर और 20 नवंबर को 38 विधानसभा सीटों पर मतदान किया। जिला मुख्यालयों में इवीएम स्ट्रांग रूप बंद है। इसे शनिवार को खोला जायेगा। मतगणना शनिवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। साढ़े आठ बजे से इवीएम के वोटों की गिनती शुरू की जायेगी। सुबह 9.30 बजे से रुझान आने की उम्मीद है। पहले पोस्टल बैलेट के रुझान आयेंगे। फिर पहले राउंड का रिजल्ट आयेगा।

**13 से 27 राउंड तक होगी गिनती:** राज्य की 81 विधानसभा सीटों के परिणाम भी अलग-अलग समय पर आयेंगे, क्योंकि मतगणना कई राउंड में पूरी होगी। तोरपा में सबसे कम 13 राउंड और चतरा में सबसे अधिक 27 राउंड की गिनती होगी। इसलिए सबसे पहले तोरपा और सबसे अंत में चतरा का परिणाम आयेगा। रांची विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 राउंड में मतगणना होगी। सिल्ली की मतगणना 18 राउंड में पूरी होगी। इसी तरह अन्य विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग राउंड में मतगणना पूरी होगी।

**दलों के दावे और विजय जुलूस की तैयारी:** प्रत्याशी से लेकर राजनीतिक दल के नेता अपनी जीत-हार का दावा कर रहे हैं। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेता उनकी सरकार बनेगी, इसका दावा कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता विजय जुलूस का कार्यक्रम बना रहे हैं। जीत की उम्मीद रखने वाले उम्मीदवार और उनके समर्थक जश्न मनाने की तैयारी में जुट गये हैं। उन्हें इस बात का विश्वास है कि जीत उन्हीं की होगी। इसलिए चुनाव परिणाम आने के बाद जश्न मनाने की तैयारी चल रही है। चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी अपनी खुशी को जाहिर करने और जश्न मनाने के लिए बैंड बाजे या ताशा पार्टी का सहारा लेते हैं। इसकी भी बुकिंग चल रही है। उधर, प्रशासन ने भी किसी तरह की गड़बड़ी से निपटने की तैयारी कर रखी है। विजय जुलूस और जीत का जश्न मनाने के दौरान आम लोगों को परेशानी नहीं हो, इस पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है।


हेमंत सोरेन


बाबूलाल मरांडी


सुदेश महतो


रामेश्वर उरांव


अमर बाउरी


चंपाई सोरेन

## इनके चुनाव परिणाम पर टिकी है सभी की नजर

दो चरण में हुए चुनाव में कई चर्चित चेहरे मैदान में हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, कल्पना सोरेन, सुदेश कुमार महतो, बसंत सोरेन, सीता सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री रामेश्वर उरांव, ओड़िशा के राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश, चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन और सांसद जोबा मांझी के बेटे जगत मांझी पर सभी की विशेष नजर है।

### परिणाम होगा दिलचस्प

वर्तमान में हेमंत सरकार के मंत्री, सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक मैदान में हैं। इनमें से जनता ने किन्हें फिर से चुना, यह देखना दिलचस्प होगा। इनमें मुख्य रूप से अलग-अलग वजहों से जिन पर नजर रहेगी, वे हैं, रामदास सोरेन, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश ठाकुर, दीपक बिरुआ, बैद्यनाथ राम, सीपी सिंह, महुआ माजी, सरयू राय, भानु प्रताप शाही, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, रामचंद्र चंद्रवंशी, कमलेश कुमार सिंह, केएन त्रिपाठी, गोपाल कृष्ण पातर उर्फ ??राजा पीटर, इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय सिंह, हफीजुल हसन, बेबी देवी, विरंची नारायण, सुदेश कुमार महतो, अनंत कुमार ओझा, प्रदीप यादव, विनोद सिंह, प्रो स्टीफन मरांडी, बादल, रणधीर कुमार सिंह, सुनीता चौधरी, मथुरा प्रसाद महतो, नारायण दास, अमित कुमार मंडल, सुदिव्य कुमार सोनू, केदार हाजरा, लंबोदर महतो, कुमार जयमंगल, अपर्णा सेन गुप्ता, पूर्णिमा नीरज सिंह, राज सिन्हा, राजेश कच्छप, लोबिन हेंब्रम, जयप्रकाश भाई पटेल, सीता सोरेन, ममता देवी।

## शाम पांच बजे तक आ जायेंगे सभी सीटों के परिणाम: के रविकुमार



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतगणना के लिए सभी 24 केंद्रों पर तैयारी पूरी कर ली गयी है। मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना शनिवार की सुबह आठ बजे शुरू होगी। सुबह 9.30 बजे से रुझान आने शुरू हो जायेंगे। अंतिम चुनाव परिणाम शाम पांच बजे के पहले तक आने की संभावना है। वैसे तैयारी शाम चार बजे तक मतगणना की पूरी प्रक्रिया पूरी कर लेने की है। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे।

### किसी को मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं

रविकुमार ने कहा कि मतगणना केंद्र के भीतर डीइओ और आरओ के अलावा किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है। मतगणना हॉल में किसी भी पुलिसकर्मी का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पत्रकार मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जा सकेंगे। मतगणना हॉल के भीतर की तस्वीर सिर्फ एक बार कैमरे से अधिकारियों की देखरेख में लेने की अनुमति रहेगी।

### विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपी जायेगी

रविकुमार ने कहा कि 25 नवंबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर लेनी है, लेकिन हमारा प्रयास है कि प्रक्रिया को 24 नवंबर तक ही पूरा कर लें। झारखंड में सर्वाधिक मतदान पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि विजयी प्रत्याशियों की सूची राज्यपाल को सौंपने के साथ चुनावी प्रक्रिया पूरी हो जायेगी।

## कांग्रेस के गुलाम मीर पहुंचे रांची, जीत का किया दावा

राची (आजाद सिपाही)। मतगणना से कांग्रेस के कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर शुक्रवार को रांची पहुंचे। मीर ने गठबंधन की जीत का दावा किया। मीर ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने पांच साल काम किया है। हमने न सिर्फ पिछले पांच साल राज्य की जनता का ख्याल रखा, बल्कि अगले पांच साल के लिए जो एजेंडा जनता के सामने रखा, वह सबको पसंद आया। इसलिए हमें उम्मीद है कि हम फिर से अच्छे बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सही है कि भाजपा तोड़फोड़ कर सरकार बनाने में माहिर है, लेकिन राज्य की जनता बहुत समझदार है। वह इंडिया ब्लॉक को इतना स्पष्ट जनादेश देगी कि भाजपा को तोड़फोड़ करने का कोई मौका नहीं मिलेगा।



## भाजपा नेताओं ने विस्तारकों के साथ की बैठक

रांची (आजाद सपाही)। मतगणना से एक दिन पहले भाजपा ने अपने विधानसभा विस्तारकों के साथ बैठक की और उनसे फीडबैक लिया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेता मौजूद थे। विस्तारकों से मिले फीडबैक के आधार पर भाजपा अपनी जीत के प्रति आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता परिवर्तन के मूड में है और राज्य में भाजपा की लहर चल रही है। जो संथाल से लेकर कोल्हान तक दिखायी दे रही है। भाजपा की जीत सुनिश्चित है।




## न्यूज रील्स

### कांग्रेस ने झारखंड-महाराष्ट्र के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किये

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र और झारखंड के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। खड़गे ने पार्टी नेताओं तारिक अनवर, मल्लू भट्टी विक्रमार्क और कृष्णा अल्लावुरु को झारखंड के पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी है। अशोक गहलोत, भूपेश बघेल और डॉ जी परमेश्वर को महाराष्ट्र पर नजर बनाये रखने के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया है।

### विनोद तावड़े ने राहुल और खड़गे को भेजा 100 करोड़ का नोटिस

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के एक होटल में पांच करोड़ रुपये कैश लेकर पहुंचने और वोटरों को बांटने के आरोपों पर भाजपा नेता विनोद तावड़े ने कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को यह नोटिस भेजा है। उन्होंने इस नोटिस में माफी की मांग की है या फिर एक सौ करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा ठोकने की चेतावनी दी है। उनके वकील की ओर से इन सभी नेताओं को यह नोटिस भेजा गया है। तावड़े के वकील ने कहा कि इन सभी नेताओं को या तो माफी मांगनी होगी या फिर मानहानि के मुकदमे का सामना करना होगा। विनोद तावड़े ने एक्स पर पोस्ट करके इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस का एक ही काम है, वह है झूठ फैलाना। तावड़े ने लिखा, नालासोपारा वाले झूठे मामले में मैंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी और पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को मानहानि का नोटिस भेजा है, क्योंकि उन्होंने इस मामले में झूठ फैलाकर मेरी और भारतीय जनता पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। सत्य सबके समक्ष है कि चुनाव आयोग और पुलिस की जांच में कथित पांच करोड़ की राशि प्राप्त नहीं हुई। यह मामला पूरी तरह से कांग्रेस की निम्नस्तरीय राजनीति का प्रमाण है।

# महाराष्ट्र विस चुनाव का परिणाम भी आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की मतगणना के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। इंतजार की घड़ियां खत्म होने ही वाली हैं। शनिवार सुबह 8 बजे से महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के वोटों की गिनती शुरू होगी। नतीजे आने के बाद साफ हो जायेगा कि सत्ता का ताज किसके सिर सज रहा है। महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार गुट) का गठबंधन महायुति सत्तासीन है। इनका मुकाबला शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) तथा कांग्रेस के गठबंधन महा विकास अघाड़ी से है। महाराष्ट्र को लेकर जो भी एग्जिट पोल सामने आये हैं, उसमें महायुति गठबंधन को बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है, लेकिन कइयों ने महाविकास अघाड़ी और महायुति में कांटे की टक्कर की बात भी कही है। एग्जिट पोल कुछ भी कहें, लेकिन सत्ता का ऊंट किस करवट बैठेगा, ये तो पुख्ता तौर पर नतीजों के बाद ही साफ होगा। महाराष्ट्र में कुल 288 सीटें हैं और बहुमत के लिए 145 सीटों की जरूरत है।

# छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में 10 नक्सली ढेर

### जनवरी से अब तक 207 नक्सली मार गिराये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने 10 नक्सलियों को मार गिराया है। इसमें तीन महिला और सात पुरुष हैं। सभी के शव और तीन ऑटोमैटिक हथियार बरामद किये गये हैं। मुठभेड़ के बाद जवान जश्न मनाते भी दिखे। जवानों ने हथियारों के साथ डांस किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भेज्जी के दंतेसपुरम, कोराजुगुड़ा, नागाराम के जंगल में यह मुठभेड़ हुई है। डीआरएफ और सीआरपीएफ जवानों की कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इस साल एक जनवरी से अब तक 207 नक्सली मारे गये हैं।

### जवानों ने मनाया जश्न, हथियारों के साथ नाचे



### ओड़िशा के रास्ते घुसे थे नक्सली

सुरक्षाबलों को सूचना मिली थी कि भेज्जी के जंगल में नक्सलियों का जमावड़ा है। इसके बाद जवानों को रवाना किया गया, जहां नक्सलियों से मुठभेड़ हो गयी। एक दिन पहले ही भारी संख्या में नक्सली ओड़िशा के रास्ते छत्तीसगढ़ बॉर्डर में घुसे थे। इस दौरान ओड़िशा पुलिस के साथ मुठभेड़ भी हुई थी। इसमें एक नक्सली मारा गया था, वहीं एक जवान घायल हुआ था। इसके बाद छत्तीसगढ़ फोर्स अलर्ट पर थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 73,000 रु./10 ग्राम
चांदी 95,000 रु./प्रति किलो



# मतगणना : सबसे पहले तोरपा, आखिर में चतरा का आयेगा रिजल्ट

## ■ रांची में पहले सिल्ली और अंत में हटिया का रिजल्ट ■ धनबाद, सिंदरी, टुंडी और निरसा का शाम 4 बजे तक रिजल्ट

### सुबह साढ़े 9 बजे पहला रुझान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव की मतगणना शनिवार सुबह 8 बजे शुरू होगी। राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। साढ़े आठ बजे से इवीएम के वोटों की गिनती शुरू की जायेगी। अगर साढ़े आठ बजे तक पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी नहीं हुई, तो वह जारी रहेगी, पर इसके लिए इवीएम के वोटों की गिनती नहीं रोकी जायेगी। सुबह नौ बजे से रुझान आने लगेंगे। पहले पोस्टल बैलेट के रुझान आयेंगे। फिर साढ़े नौ बजे पहले राउंड का रिजल्ट आयेगा। सबसे पहले तोरपा और सबसे आखिर में चतरा विधानसभा का रिजल्ट आयेगा। क्योंकि तोरपा में सबसे कम 13 राउंड और चतरा में सबसे अधिक 27 राउंड की गिनती होगी। पोस्टल बैलेट की गिनती और इवीएम के वोटों की गिनती के लिए अलग-अलग हॉल बनाये गये हैं। सभी पोस्टल बैलेट संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में भेजे गये हैं।

**बोकारो में सबसे ज्यादा टेबल :** तोरपा विधानसभा क्षेत्र की काउंटिंग 13 राउंड में समाप्त हो जायेगी। यहां पर 252 पोलिंग स्टेशन के वोटों की गिनती के लिए 20 टेबल लगाये गये हैं। चतरा विधानसभा क्षेत्र का परिणाम 27वें राउंड के बाद आयेगा। यहां के 475 पोलिंग स्टेशन के वोटों की गिनती के लिए 18 टेबल लगाये गये हैं। सबसे ज्यादा टेबल बोकारो में लगाये गये हैं। यहां पर वोटों की काउंटिंग के लिए 30 टेबल लगाये गये हैं। 14 विधानसभा क्षेत्रों में 14-14 टेबल लगाये गये हैं।

**रांची से सबसे पहले सिल्ली और अंत में हटिया का रिजल्ट :** रांची जिले की 7 विधानसभा सीटों के 2277 बूथों पर पड़े वोटों की पंडरा बाजार समिति में बनाये गये 7 मतगणना केंद्र पर होगी। इस बार भी सबसे पहले सिल्ली विधानसभा क्षेत्र और सबसे अंत में हटिया विधानसभा क्षेत्र का परिणाम आयेगा। क्योंकि, सिल्ली में सबसे कम 279 और हटिया में सबसे अधिक 496 बूथ हैं। रांची विधानसभा क्षेत्र के लिए बने काउंटिंग हॉल में 20 टेबल लगाए गये हैं, जहां 19 राउंड में मतगणना होगी। सिल्ली के लिए 16 टेबल लगाये गये हैं, जहां 18 राउंड में मतगणना पूरी होगी। तमाड़ के लिए 16 टेबल लगाये गये हैं, लेकिन यहां 19 राउंड में मतगणना पूरी होगी। हटिया के लिए 22 टेबल लगाये गये हैं, जहां सबसे अधिक 23 राउंड में मतगणना होगी।

**पूर्वी सिंहभूम में बहरागोड़ा का सबसे पहले तो जमशेदपुर पश्चिमी का सबसे लेट आयेगा रिजल्ट :** बहरागोड़ा विधानसभा का सबसे कम 19 राउंड में व जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का 22 राउंड में इवीएम के मतों की गिनती की जायेगी। विधानसभा में मतदान केंद्र के आधार पर मतगणना टेबल लगायी जायेगी। बहरागोड़ा में सबसे कम 264 मतदान केंद्र हैं, जबकि पश्चिमी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 348 हैं। बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई व जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की गिनती जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर बनाये गये मतगणना हाल में की जायेगी, जबकि जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतों की गिनती पहली मंजिल पर बनाये गये मतगणना कक्ष में होगी।


बोकारो में मतगणना स्थल के बाहर तैनात जवान।
बोकारो


जामताड़ा में इवीएम की सुरक्षा में तैनात जवान।
जामताड़ा


रांची


रांची


रांची में मतगणना को लेकर दिया जा रहा दिशा-निर्देश।
रांची

### धनबाद, कृषि बाजार समिति परिसर में होगी मतो की गिनती

धनबाद जिले की 6 सीटों पर हुए मतदान की गिनती 23 नवंबर को कृषि बाजार समिति परिसर में होगी। सबसे कम बूथों वाले झरिया विस क्षेत्र में 20 टेबलों पर काउंटिंग होगी। टुंडी व बाघमारा के लिए भी 20-20 और सिंदरी व निरसा के लिए 22-22 टेबल होंगे। सबसे अधिक 23 टेबलों पर धनबाद सीट के लिए काउंटिंग होगी। सूत्रों के मुताबिक, कम प्रत्याशी होने के कारण सिंदरी, निरसा और झरिया सीटों के रुझान पहले आयेंगे। झरिया सीट की काउंटिंग 15 राउंड में पूरी हो जायेगी। उसका रिजल्ट सबसे पहले आयेगा। उसके बाद बाघमारा का परिणाम 17 राउंड के बाद आयेगा। निरसा और सिंदरी का रिजल्ट 20-20, टुंडी का 21 राउंड और धनबाद का 23 राउंड के बाद आयेगा। धनबाद में सबसे अधिक 458 बूथ और कुल प्रत्याशी 18 हैं। इस सीट का रिजल्ट सबसे आखिर में आयेगा।

### निर्वाची पदाधिकारियों को क्या हैं दिशा निर्देश

रांची में मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये गये हैं। चिह्नित मतगणना हॉल में सभी पदाधिकारियों को सुबह 6.30 बजे तक उपस्थित होना है। अगर कोई कर्मचारी अनुपस्थित होता है, तो सुबह सात बजे तक उसकी जगह अन्य कर्मियों की तैनात कर देनी है। हर राउंड की गिनती समाप्त होने पर दूसरे राउंड की गिनती शुरू करनी है। इससे पूर्व स्ट्रांग रूम के प्रभारी पदाधिकारी को सुबह पांच बजे उपस्थित होना है। वहीं, सभी आवश्यक जांच के बाद सुबह 5.30 बजे स्ट्रांग रूम की सील खोली जायेगी। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में इवीएम को मतगणना हॉल में लाया जायेगा।
मीडिया सेल से मिलेगी जानकारी : मतगणना स्थल पर मीडिया सेल की व्यवस्था की गयी है, जहां सभी राउंड की गिनती की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। यहां फोन और टीवी की व्यवस्था भी होगी। मीडिया सेल में प्रवेश अधिकृत पास के आधार पर होगा।

## गुमला : मतगणना का कार्य 18 पाली में होगा संपन्न

### मतों की गिनती के लिए विधानसभावार 18-18 टेबल लगाये गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** विधानसभा चुनाव 2024 के निमित सिसई, गुमला व बिशुनपुर विस में हुए मतदान के मतों की गिनती के लिए विधानसभावार 18-18 टेबल लगाये गये हैं। साथ ही मतगणना का कार्य भी 18 पाली में संपन्न किया जायेगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को मतगणना संबंधी कार्य को गंभीरता से लेने का तथा मतगणना में निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का पालन करने का निर्देश दिया। कहा कि मतगणना से जुड़े किसी काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मतगणना को पारदर्शी तरीके से पूर्ण करवाने तथा मतगणना के दौरान के साथ मतगणना स्थल पर व्यापक सुरक्षा व सभी व्यवस्थाओं को सुचारू तरीके से सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक स्तर पर गंभीरता से दायित्व निर्वहन करें। उपायुक्त ने मतगणना स्थल पर पानी, बिजली, फर्नीचर, साइनेज बोर्ड, खाने-पीने की व्यवस्था आदि सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। साथ ही मीडिया सेंटर कक्ष की तैयारी के साथ डिजिटल स्क्रीन लगवाने, इंटरनेट व्यवस्था, मतगणना स्थल पर फायर बिग्रेड की व्यवस्था, कंप्यूटर व ऑपरेटर व्यवस्था समेत काउंटिंग स्टाफ, मीडिया, राजनीतिक दलों के प्रवेश व बैठने की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम की व्यवस्था व पोस्टल बैलेट काउंटिंग के संबंध में भी चर्चा की गयी।

## 'इवीएम डिस्प्ले का फोटो लेना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा'

### डीसी और एसपी ने मतगणना में तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी को किया ब्रीफ, दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पाकुड़।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा बाजार समिति प्रांगण में शनिवार को होने वाले मतगणना को लेकर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग की। प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे बिना प्रवेश पत्र के तथा मोबाईल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट या किसी ज्वलनशील पदार्थ के साथ किसी भी परिस्थिति में किसी भी व्यक्ति को मतगणना हॉल के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों का यह दायित्व होगा कि प्रतिनियुक्त स्थल पर भीड़-भाड़ न हो साथ ही पास वाले व्यक्ति ही सुगमतापूर्वक मतगणना केंद्र में प्रवेश पा सकें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के मतगणना के मद्देनजर सभी पदाधिकारी एवं कर्मी की जिम्मेदारी है कि वे आपस में मिलकर एक टीम के रूप में काम करते हुए निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में मतगणना संपन्न कराने हेतु विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल एवं कर्मी ससमय प्रतिनियुक्त स्थल पर योगदान देंगे। संपूर्ण मतगणना अवधि में गोपनीयता भंग न हो इसको लेकर किसी भी परिस्थिति में इवीएम डिस्प्ले का फोटो लेना या वीडियो रिकॉर्डिंग करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मतगणना के दिन सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। किसी भी आपात स्थिति से निपटने एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु दंगा निरोधी दस्ता, वज्रवाहन, बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, लाठी, आंसू गैस आदि सुरक्षा उपकरण के साथ क्यूआरटी की प्रतिनियुक्त रहेगी। मतगणना के दिन सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग करने एवं विधि-व्यवस्था सामान्य बनाये रखने को लेकर निर्देशित किया गया।

## देवघर और सारठ विधानसभा में 21 और मधुपुर में 18 टेबुलों पर होगी मतों की गिनती

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर जिले के तीन विधानसभा सीटों के लिए वोटों की गिनती के लिए देवघर कॉलेज में तैयारी पूरी कर ली गयी है। थ्री लेयर सिक्योरिटी के बीच वोटों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी। वोटों की गिनती को लेकर देवघर और सारठ विधानसभा में 21-21 टेबुल और मधुपुर में 18 टेबुल बनाये गये हैं। इसके अलावा पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए अलग से टेबुल बनाये गये हैं, जिसमें देवघर में 07, मधुपुर 06 और सारठ में पांच टेबुल रहेंगे।

**हर टेबुल पर तीन-तीन कर्मी काउंटिंग में लगेंगे :** मिली जानकारी के अनुसार मतगणना में प्रत्येक टेबुल पर 3-3 मतगणना कर्मी लगेंगे। इस तरह देवघर और सारठ विधानसभा के 21-21 टेबुल पर 63-63 और मधुपुर विधानसभा के 18 टेबुल पर 54 कर्मी लगेंगे। इन लोगों के अलावा रिजर्व में सभी विधानसभा के लिए मतगणना कर्मी रहेंगे। सहायता के लिए अलग से कर्मियों को लगाया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी विशाल सागर, एसपी अंबर लकड़ा, सभी विधानसभा के आरओ और डिप्टी इलेक्शन अफसर शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी पूरी मतगणना कार्य की तैयारी में लगे हैं। डीसी और एसपी पूरी व्यवस्था की कड़ी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। वहीं मतगणना कार्य की पूर्ण निगरानी भारत निर्वाचन आयोग से आये स्पेशल ऑब्जर्वर रखेंगे।

**मतगणना केंद्र के बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध :** देवघर कॉलेज स्थित मतगणना केंद्र के चारों ओर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। बड़ी संख्या में सशस्त्र बलों की तैनाती की गयी है। प्रवेश द्वार पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर लगाये गये हैं। पूरे मतगणना हॉल से लेकर पूरे कैंपस में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं।



### सुबह 6.00 बजे काउंटिंग एजेंट को मिलेगा प्रवेश

सभी प्रमुख पॉलिटिकल पार्टी और उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट को सुबह 6.00 बजे से ही प्रवेश कराया जायेगा। सभी को सुरक्षा जांच के बाद और आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्र दिखाने पर ही प्रवेश मिलेगा।

### देवघर में इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

मंत्री हफीजुल हसन-जेएमएम, गंगा नारायण सिंह-बीजेपी, नारायण दास-बीजेपी, सुरेश पासवान-आरजेडी, रणधीर कुमार सिंह-बीजेपी और उदय शंकर सिंह-जेएमएम। इन प्रमुख प्रत्यशियों के अलावा देवघर से कामेश्वर दास, बजरंगी महथा, अंग्रेज दास, मधुपुर से जियाउल हक उर्फ टार्जन सहित 39 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला शनिवार को होगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.4 °C | 12.4 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.07 बजे |



# भूमि सुधार के लिए झारखंड को मिलेंगे 1060 करोड़ रुपये

## जमीन सर्वे के लिए अलग से छह सौ करोड़

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड को भूमि से संबंधित सुधार के लिए 1060 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद मिलेगी। यह राशि केंद्र सरकार द्वारा विशेष वित्तीय सहायता के रूप में दी जायेगी। इसके तहत भारत सरकार से प्रोत्साहन के रूप में राशि दी जायेगी, जो भूमि संबंधित सुधार के लिए मिलेगी। यह रकम ग्रामीण इलाकों में विशेष रूप से अंचल और निबंधन कार्यालयों का आधुनिकीकरण और जमीन के रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन पर खर्च की जायेगी। भारत सरकार ने छह माइलस्टोन को पूरा करने का लक्ष्य राज्य सरकार और राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग को दिया है। इसमें प्रमुख रूप से भू संपदा का उप विभाजन, सर्वे और पुनर्सर्वे के लिए छह सौ करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अन्य कार्यों के लिए भी भारत सरकार के भूमि सुधार मंत्रालय द्वारा राशि की स्वीकृति दी जायेगी।

भू-राजस्व विभाग ने केंद्र से राशि प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के सचिव से संपर्क भी किया है। चुनाव आचार संहिता हटते ही राशि आवंटन कराने का प्रयास किया जायेगा। जमीन रिकॉर्ड को मालिकों की आधार संख्या से जोड़ने का काम भी किया जायेगा। सरकार का मानना है की जमीन सर्वे और आधार कार्ड जोड़ने से आये दिन होने वाले जमीन विवाद को खत्म किया जा सकेगा। सरकार के पास भी बेहतर जमीन रिकॉर्ड उपलबध होगा। जमीन के दस्तावेजों का डिजीटाइजेशन होने से दस्तावेज ऑनलाइन हो जायेंगे। भू-अभिलेख से छेड़छाड़ भी संभव नहीं हो सकेगा। भू-माफियाओं पर भी लगाम कसी जा सकेगी। अंचल कार्यालयों के कर्मियों की भी मनमानी कम हो जायेगी।

### मुख्य सचिव ने इंसेंटिव लेने को कहा

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पूरे मामले की समीक्षा की है और राजस्व विभाग को कहा है कि जितना संभव हो, उसके आधार पर इंसेंटिव प्राप्त करने की कार्रवाई करे।

## सांसद दीपक प्रकाश को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

# विशेषाधिकार समिति के सदस्य बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को राज्यसभा में बड़ी ज़िम्मेदारी दी है। दीपक प्रकाश को राज्यसभा की महत्वपूर्ण संसदीय कमेटी विशेषाधिकार समिति का सदस्य बनाया गया है। राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश इसके अध्यक्ष होंगे। इस कमेटी में अध्यक्ष समेत कुल दस सदस्य होंगे। नयी कमिटी के गठन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। राज्यसभा में नयी जिम्मेदारी मिलने पर झारखंड भाजपा के नेताओं ने दीपक प्रकाश को बधाई दी है।



# हेमंत सोरेन दोबारा सीएम बनेंगे: मनोज पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजों से पहले, जेएमएम के नेता मनोज पांडेय ने दावा किया है कि पार्टी को चुनाव में जीत का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, कहां खुशी होगी कहां दुख का सैलाब आयेगा, बस चंद घंटों में पता चल जायेगा। हम लोगों को विश्वास है, हमें अपने मतदाताओं पर विश्वास है, हमें इस राज्य की आधी आबादी पर विश्वास है।




मनोज पांडेय ने यह भी कहा कि जेएमएम को अपनी जीत पर पूरा यकीन है और पार्टी के लिए खुश होने के पर्याप्त कारण हैं। उन्होंने विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, इनके जो बाहरी प्रचारक आये थे, वो भी टाटा, बाय-बाय कर-के चले गये। अगर उन्हें थोड़ा भी अंदाजा होता कि वे जीतने वाले हैं तो वे यहां डेरा जमाये रहते और यहां जश्न मनाकर जाते। पांडेय ने आगे कहा, परिदृश्य बहुत ही साफ है, हम चुनाव जीत रहे हैं और हेमंत सोरेन दोबारा मुख्यमंत्री बनेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से सहयोग से नये पद-अधिकार प्राप्त होगा। मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** बनते कार्य में रूकावटे खड़ी होगी। जहाँ तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। कामकाज अच्छा चलेगा। आमदनी बढ़ेगी, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी.मानसिक चिंता रहेगी। भाई-बहनों अथवा मित्रों वर्ग से कष्ट होगा।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा। किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** रोजी-रोजगार में सफलता,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों आप सम्बन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कामों में आपकी व्यवहार कुशलता देने वाली है, आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगाऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# सादगी से मनाया गया झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हर साल 22 नवंबर को झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया जाता है। राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सादगी के साथ झारखंड विधानसभा का स्थापना दिवस मनाया गया। विधानसभा स्थित कांफ्रेंस हॉल में शुक्रवार को सभा सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर झारखंड विधानसभा के स्थापना काल का स्मरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर ने झारखंड विधानसभा के पदाधिकारियों, कर्मियों को और जिम्मेदारी के साथ काम करने की नसीहत के अलावा शुभकामनाएं भी दी।

# कांग्रेस के पूर्व महासचिव मदन मोहन शर्मा का निधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव मदन मोहन शर्मा का रांची के बरियातू रोड स्थित रामप्यारी हॉस्पिटल में शुक्रवार को निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित अन्य नेता मौके पर पहुंचे और परिजनों को ढांढ़स बधाया। साथ ही शोक जताते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने उनके निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। उनके निधन पर कांग्रेस के कई नेताओं ने शोक जताया है।

# करोड़ों की गड़बड़ी के आरोप में चतरा के पूर्व जिला कल्याण पदाधिकारी बर्खास्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने तत्कालीन कार्यपालक दंडाधिकारी सह प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी चतरा आशुतोष कुमार को सेवा से बर्खास्त करने के दंड को यथावत रखा है। 27 सितंबर को ही हुई कैबिनेट की बैठक में उनकी अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया गया था। इसके बाद कार्मिक विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। उनके खिलाफ 2018 में ही आरोप पत्र गठित किया गया था। आरोप पत्र में 43 बैंक अंतरण द्वारा कुल 6.48 करोड़ रुपये की अनधिकृत रूप से निकासी करने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इसके अलावा दो नवंबर 2017 को अग्निकांड में रोकड़ पंजी और चेकबुक जलने की जानकारी वरीय पदाधिकारी को नहीं देने, अग्निकांड के बाद पूर्व से संचालित 12 बैंक खाते के विरुद्ध मात्र तीन बैंक खाते की राशि दर्ज कर नया रोकड़ पंजी खोलने, छात्रवृत्ति मद में प्राप्त राशि गलत तरीके से नाजिर के पारिवारिक सदस्यों के खाते में ट्रांसफर करने और सेवानिवृत्त प्रखंड कल्याण पदाधिकारी चतरा मिथिलेश मिश्र पर 1.33 करोड़ पूर्व से ही समायोजन के लिए लंबित रहने के बावजूद श्री कुमार द्वारा मिथिलेश मिश्र को 98 लाख के अग्रिम देने सहित आठ आरोप लगाये गये। पूरे मामले की जांच हुई। उन्हें निलंबित भी किया गया, प्राथमिकी भी दर्ज की गयी। पूरे मामले की जांच के बाद उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का दंड दिया गया। मामले पर उन्होंने अपील भी की थी, जिसे अस्वीकृत कर दिया गया है।




# इडी ने घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार आरोपियों को कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पांच दिनों की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शुक्रवार को घुसपैठ मामले में गिरफ्तार दो बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार आरोपितों को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में पेश किया। अदालत ने चारों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (जेल) भेज दिया। मामले में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। आरोपितों में कोलकाता से गिरफ्तार दो बांग्लदेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी के साथ भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बासु मुखर्जी शामिल हैं। यह जानकारी इडी के विशेष लोक अभियोजक बीएमपी सिंह ने दी। इससे पहले अदालत ने जेल में बंद चारों आरोपितों को इडी को 18 नवंबर को पांच दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड पर दिया था। इडी की ओर से पूछताछ के लिए सात दिनों की पुलिस रिमांड का आवेदन दिया गया।

उल्लेखनीय है कि इडी ने बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में गत 13 नवंबर को कोलकाता से चारों को गिरफ्तार किया था। इडी ने रॉनी और समीर के नाम पर बने फर्जी पासपोर्ट सहित अन्य दस्तावेज भी बरामद किया था। दोनों नाम बदल कर भारत में रह रहे थे। पूछताछ में दोनों ने खुद को बांग्लादेशी होने की बात स्वीकार की है। गिरफ्तारी के बाद चारों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर इडी टीम रांची पहुंची थी। इसके बाद रांची के पीएमएलए कोर्ट में पेश किया था।




# झारखंड में 2.91 लाख अबुआ आवास को मिली स्वीकृति

## आचार संहिता खत्म होने के बाद शुरू होगी प्रक्रिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने अबुआ आवास योजना के दूसरे चरण में 2.91 लाख आवास को स्वीकृति दी है। दूसरे चरण में 4.5 लाख लाभुकों को आवास देना है। आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद शेष 1.59 लाख आवास योजना की स्वीकृति दी जायेगी। इसके बाद इसके निर्माण के लिए आगे की प्रक्रिया की जायेगी। पहले चरण में दो लाख आवास बनाना तय किया गया है।



अब तक पहले चरण के तहत 1.99 लाख आवास योजना को स्वीकृति दी गयी है। पहले चरण में दो लाख आवास देना तय किया गया था।

इस तरह राज्य के मद से अब तक 4.90 लाख आवासों को स्वीकृति दे दी गयी है। पहले चरण के सभी आवासों पर काम जारी है। अब दूसरे चरण के आवासों पर काम होगा।

### बालू की कमी से प्रभावित होगा काम

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इस बार 1.13 लाख आवास झारखंड को दिये गये हैं। अबुआ आवास और पीएम आवास योजना को मिला कर एक साथ करीब चार लाख आवासों पर काम शुरू होगा। वहीं, पहले से 1.99 लाख आवासों पर काम जारी है। यानी करीब छह लाख आवासों पर काम जारी रहेगा। इधर, बालू की कमी पूरे राज्य में है। इसका असर आवासों के निर्माण पर पड़ रहा है। अब एक साथ इतने आवासों के लिए बालू की उपलब्धता नहीं होने से काम प्रभावित होगा।

# रांची में 160 हथियारों के लाइसेंस रद्द होंगे, नोटिस जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के 160 हथियार के लाइसेंसी अधिकार रद्द किये जायेंगे। यह सिफारिश रांची पुलिस ने की है। रांची के उपायुक्त ने ऐसे सभी लाइसेंसियों को अंतिम शोकॉज जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सभी के लाइसेंस रद्द कर दिये जायेंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने लाइसेंसी हथियारधारकों को लाइसेंस संबंधित थाना या शस्त्रत्त विक्रेता के पास जमा करने का आदेश दिया था। लेकिन ऐसे 160 लोगों ने हथियार जमा नहीं किये और जमा नहीं करने का कोई कारण भी नहीं बताया। ऐसे लोगों को पहले भी स्पष्टीकरण रांची पुलिस ने जारी किया था और हथियार जमा करने को कहा था। स्पष्टीकरण जारी किये जाने के बाद भी इन लोगों ने अपने हथियार जमा नहीं कराये। इसके बाद एसएसपी कार्यालय ने इन हथियारों के लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश डीसी को भेज दी है।

**21 अक्तूबर तक जमा करना था**

**हथियार :** चुनाव की घोषणा के बाद जिला प्रशासन ने सभी लाइसेंसियों को हथियार जमा करने का निर्देश दिया था। 21 अक्तूबर तक संबंधित थानों या शस्त्र विक्रेताओं के पास जमा करने को कहा गया था। लेकिन जिले के 160 लोगों ने हथियार जमा नहीं किये।




### इन लोगों को मिलती है छूट

हथियार जमा कराने के दौरान जिन्हें बंदूक रखना बेहद जरूरी होता है, उन्हें छूट दी जाती है। बैंक में गार्ड की नौकरी करने वाले, पेट्रोल पंप पर काम करने वाले और बहुत अधिक धन रखने वाले व्यापारी को छूट दी जाती है। इसके लिए उपायुक्त की अध्यक्षता में एक स्क्रीनिंग कमेटी बनायी जाती है।

### जिले में करीब 3500 लाइसेंसी हथियार

जिले में 3500 हथियारों के लाइसेंस जारी किये गये हैं। डीसी वरुण रंजन ने लाइसेंसियों को अपने हथियारों का सत्यापन कराने के बाद उसे जमा करने का आदेश दिया था। हथियारों का सत्यापन संबंधित थाने में कराना था।

# चुनाव आयोग ने ऐतिहासिक मतदान के लिए झारखंड के वोटरों को किया सलाम

**मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदान करने वाले मतदाताओं के साहस और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की बढ़ी हुई भागीदारी पर अत्यधिक संतोष व्यक्त किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मतदान करने वाले मतदाताओं के साहस और दृढ़ संकल्प की प्रशंसा की, जिन्होंने धमकियों और बहिष्कार के आह्वान को दरकिनार करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपना विश्वास दोहराया। उन्होंने कई निर्वाचन क्षेत्रों में पुरुष मतदाताओं से आगे निकलकर महिला मतदाताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी की भी सराहना की। झारखंड के मतदाताओं ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते समय मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार द्वारा की गयी अपील का उत्साहपूर्वक जवाब दिया।

आयोग ने मतदान अधिकारियों के समर्पण और दृढ़ता के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने घने जंगलों, ऊबड़-खाबड़ इलाकों और दूरदराज के इलाकों में जाकर यह सुनिश्चित किया कि हर मतदाता, चाहे वह कितना भी दूर क्यों न हो, मतदान केंद्रों तक अपना वोट डालने के लिए पहुंच सके। मुख्य निर्वाचन आयुक्त, राजीव कुमार के नेतृत्व में सावधानीपूर्वक योजना और मार्गदर्शन के माध्यम से अर्धसैनिक बलों और सुरक्षा बलों ने सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया, जिससे बूढ़ा पहाड़ और सारंडा जैसे उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में घटना मुक्त मतदान का मार्ग प्रशस्त हुआ। राज्य में स्थापित 29563 मतदान केंद्रों में से किसी में भी पुनर्मतदान नहीं हुआ। भारतीय वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के समन्वित प्रयासों से मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को राज्य के सुदूर कोनों तक ले जाने और वापस लाने में सहायता मिली। लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान प्राप्त अनुभवों आधार पर आइएलएमएस प्लेटफॉर्म आधारित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम, जिला स्तर, विधानसभा स्तर और प्रखंड स्तर पर चुनाव के लिए तैनात सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदान किया गया।




विशेष अभियान दिवसों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग के सदस्यों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे पात्र पीवीटीजी की पूरी आबादी का 100% नामांकन सुनिश्चित हुआ। समावेशी लोकतंत्र के लिए जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में 57 कुष्ठ रोग प्रभावित मतदाताओं के लिए एक सहायक मतदान केंद्र बनाया गया था और वहां 100% मतदान हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के आदर्श वाक्य इवरी वोट्स काउंट्स को सुनिश्चित करने के लिए, लगभग 1.8 लाख कर्मियों और 85 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांगजनों ने डाक मतपत्र का उपयोग करके अपने मताधिकार का प्रयोग किया और 44015 सेवा मतदाताओं को इटीपीबीएस प्रेषित किया गया।

**प्रलोभन मुक्त चुनाव**

नकदी, ड्रग्स, शराब और मुफ्त उपहार जैसे प्रलोभनों को मतदाताओं पर हावी न होने देने पर जोर देते हुए, मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों को सतर्क और त्वरित कार्रवाई के लिए सख्त संदेश दिया, जिसके परिणामस्वरूप झारखंड में जब्ती पर उल्लेखनीय रोक लगी और चुनावों के दौरान 200 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती हुई। जो 2019 की तुलना में 12 गुना से अधिक है। आयोग के नेतृत्व में उच्च अधिकारियों के साथ अंतर-राज्यीय बैठकों और आवधिक समीक्षाओं के परिणामस्वरूप सीमाओं पर प्रभावी नियंत्रण हुआ। वेबकास्टिंग फीड की सहायता से एकीकृत चेक पोस्टों की लगातार निगरानी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्तर और पुलिस अधीक्षक स्तर पर नियंत्रण कक्षों में की गयी, ताकि अवैध प्रलोभनों के खिलाफ त्वरित और लक्षित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

वन जांच चौकियों, मुफ्तखोरी के लिए जब्ती आदि की भूमिका बढ़ायी गयी और वाणिज्यिक कर विभाग और वन विभाग द्वारा जब्ती में तेजी से वृद्धि हुई। राज्य में चेक पोस्ट एकीकृत चेक पोस्ट के रूप में कार्यान्वित किया गया। चेक पोस्ट से वेबकास्टिंग फीड की निगरानी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्तर और पुलिस अधीक्षक स्तर पर नियंत्रण कक्षों में लगातार की गयी।






# संथाल से कोल्हान तक भाजपा की लहर, मिलेगा पूर्ण बहुमत: अजय साह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता विनोद पांडेय के इस दावे पर प्रतिक्रिया दी है कि इंडी गठबंधन 60 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इसे दिन में सपने देखने जैसा बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच वर्षों से जमीन पर हेमंत सरकार के खिलाफ संघर्ष किया है और परिवर्तन यात्रा के दौरान पार्टी को जनता का मूड स्पष्ट रूप से समझ में आ गया है। उनका दावा है कि झारखंड की जनता परिवर्तन के मूड में है और राज्य में भाजपा की लहर चल रही है, जो संथाल से लेकर कोल्हान तक दिखाई दे रही है। अजय साह ने कहा कि



लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने 51 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त हासिल की थी। उनके मुताबिक, लोकसभा चुनाव महज एक ट्रेलर था और पूरी फिल्म 23 नवंबर को झारखंड में रिलीज होगी, जब राज्य में ऐतिहासिक परिवर्तन होगा और भाजपा दो तिहाई बहुमत से ज्यादा संख्या के साथ सरकार बनायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के युवाओं में हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश है और यह आक्रोश नतीजों में कई चौंकाने वाले परिणाम ला सकता है। साह का मानना है कि जनता के इस आक्रोश की वजह से हेमंत सोरेन समेत इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता अपनी सीटें गंवा सकते हैं और इंडी गठबंधन का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है। भाजपा प्रवक्ता ने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि गठबंधन ने चुनाव के पहले चरण में ही अपनी हार स्वीकार कर ली थी। यही कारण है कि पहले चरण के बाद उनके नेताओं के ऊटपटांग बयान आने शुरू हो गये। उन्होंने झामुमो प्रवक्ताओं पर भी तंज कसते हुए कहा कि एक प्रवक्ता दूसरे प्रवक्ता के बयान को व्यक्तिगत बता रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने कांग्रेस-झामुमो पर आरोप लगाया कि उनका घोषणा पत्र चुनाव के ठीक एक दिन पहले जारी हुआ, जो इस बात का संकेत है कि उन्हें पहले से ही हार का अहसास था। भाजपा ने झामुमो और कांग्रेस को आत्ममंथन करने की सलाह दी कि जनता ने उनके पिछले पांच साल के कुशासन के खिलाफ परिवर्तन का फैसला क्यों लिया। साह ने कहा कि गठबंधन को चुनाव परिणामों का इंतजार किये बिना अपनी विफलताओं का विश्लेषण करना चाहिए।

# हरियाणा संघ की आम सभा कल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हरियाणा संघ के गठन के बाद से लेकर आज तक हरियाणा संघ के द्वारा कई बैठकों के साथ साथ कई सामाजिक कार्यों में संस्था ने बढ़-चढ़ करके हिस्सा लिया है। हरियाणा संघ की गत दिनों हुई बैठक में चर्चा उपरांत यह तय हुआ था कि हरियाणा संघ का संविधान बनाया जाये।

संविधान बनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया उनके द्वारा बनाये गये प्रस्तावित संविधान को कार्यकारणी की बैठक में रखा गया। और सदस्यों को पीडीएफ के माध्यम से संविधान की कॉपी भेजी गयी। जिसमें समय सीमा भी निर्धारित की गयी। उपरोक्त संविधान को नियम संबत आमसभा में चर्चा कर अनुमोदन किया जा सकता है। प्रस्तावित संविधान पर चर्चा एवं निर्णय के लिए रविवार 24 नवंबर 2024 को दिन में 11:00 बजे महाराजा अग्रसेन भवन में हरियाणा संघ के सदस्यों की आम सभा बैठक बुलायी गयी है। जिसमें प्रस्तावित संविधान पर चर्चा किया जाये।

हरियाणा संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा मंत्री विनोद जैन ने हरियाणा संघ के सभी सदस्यों से आम सभा की बैठक में आने का आग्रह किया है। जिसमें प्रस्तावित संविधान पर चर्चा एवं निर्णय कर आमसभा में पारित कर संविधान लागू किया जा सके। उपरोक्त जानकारी उप मंत्री प्रमोद सारस्वत ने प्रेषित की है।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्वच्छता के लिए सदैव तत्पर रहने से वातावरण स्वच्छ बनेगा : राजकुमार




रांची (आजाद सिपाही)। रांची के डोरंडा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान में महत्वपूर्ण स्थान लाने वाले एनएसएस के स्वयंसेवकों का सम्मान कार्यक्रम प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा भाव सभी के अंदर हमेशा दिखना चाहिए। स्वच्छता के लिए सदैव तत्पर रहने से हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ एवं सुंदर बनेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने घर के द्वार को साफ सुथरा रखते हैं उसी भाव अपने आस पड़ोस को भी स्वच्छ रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता हमारे दैनिक जीवन का प्रमुख हिस्सा बनना चाहिए। हमें स्वच्छ भारत अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित एनएसएस के स्वयंसवकों से कहा कि यदि सभी स्वच्छता को आत्मसात करेंगे तथा हमारे स्वभाव में स्वच्छता की सोच विकसित होगा तो पूरा देश स्वच्छ दिखेगा। सम्मान कार्यक्रम में पूर्व में हुए विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में श्रद्धांजलि सभा



रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा, रांची के संस्थापक अध्यक्ष एवं केशव नगर के भूतपूर्व संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) श्रद्धेय भुवनेश्वर नाथ उपाध्याय के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्रद्धेय उपाध्याय जी सरल हृदयी, मृदुभाषी एवं कर्मठ व्यक्ति थे। 1970 में श्रद्धेय उपाध्याय जी के अथक प्रयास से सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा की स्थापना की गयी। पांच बच्चों से प्रारंभ किया गया यह विद्यालय आज एक विशाल वट वृक्ष के समान खड़ा है। विद्यालय के प्रति उनका अनुराग अतुलनीय था। विद्यालय के प्रगति के लिए वे सतत चिंतनशील रहते थे। वे अभिभावक के रूप में हमेशा अपना विचार देते रहते थे। उनका आशीर्वाद हमेशा विद्यालय परिवार पर बना रहेगा। शिशु विकास मंदिर समिति के लिए यह एक अपूरणीय क्षति है। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास जी ने कहा कि प्रारंभिक काल से ही उपाध्याय जी रचनात्मक विचार रखते थे। शिशु विकास मंदिर समिति के वरिष्ठ सदस्य चंद्रधर दूबे, महावीर सिंह, डॉ धनेश्वर महतो, श्रीएस वेंकट रमण, प्रमोद कुमार सिंह, आशीष नाथ शाहदेव, सुनील दत्त सिंह, विद्यालय के प्राचार्य ललन कुमार, उप प्राचार्या मीना कुमारी, ने संस्थापक अध्यक्ष को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### स्टेम सेल थेरेपी से हड्डियों और जोड़ों की बीमारियों का इलाज करना आसान : डॉ विवेक कुमार डेविड



रांची (आजाद सिपाही)। पारस हॉस्पिटल धुर्वा के आथोर्पेडिक सर्जन डॉ विवेक डेविड ने स्टेम सेल थेरेपी के लाभ के बारे बताते हुए कहा कि स्टेम सेल थेरेपी से उन लोगों को भी लाभ हो सकता है, जिन्हें कूल्हे का अवास्कुलर नेक्रोसिस, कार्टिलेज का घिसाव, और फैक्चर का न जुड़ना जैसी स्थितियां हैं। स्टेम कोशिकाओं का अध्ययन अवास्कुलर नेक्रोसिस, ऑस्टियोआर्थराइटिस, स्पोर्ट्स इंजुरी, और अन्य स्थितियों के उपचार के लिए किया जा रहा है। स्टेम सेल, शरीर की एकमात्र ऐसी कोशिकाएं हैं जो रक्त, हड्डी, और मांसपेशियों जैसी विभिन्न तरह की कोशिकाएं बना सकती हैं। ये क्षतिग्रस्त टिशू की रिपेयर भी करती हैं। स्टेम कोशिकाएं विभिन्न प्रकार की कोशिकाओं में विकसित हो सकती हैं, जो क्षतिग्रस्त टिशू की मरम्मत में मदद करती हैं। स्टेम सेल थेरेपी को पुनयोर्जी चिकित्सा भी कहा जाता है। स्टेम सेल थेरेपी विभिन्न स्थितियों में स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आशाजनक लाभ प्रदान करती है। स्टेम सेल थेरेपी से समस्या के मूल कारण को प्राकृतिक रूप से ठीक करने में मदद मिलती है। ये क्षतिग्रस्त टिशु को रिपेयर भी करती है। पारस हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि पारस हॉस्पिटल धुर्वा में स्टेम सेल थेरेपी की सुविधा प्रारंभ हो चुकी है। इसका लाभ मरीज उठा रहे हैं।

### भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ ने लगाया स्टॉल



रांची (आजाद सिपाही)। नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ ने स्टॉल के माध्यम से भाग लिया है। यहां डेयरी के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस बार अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड राज्य फोकस स्टेट है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मेधा के स्टॉल का अवलोकन किया एवं मेधा डेयरी के कार्य कलापों के बारे में जानकारी ली। इसी क्रम में कई गणमान्य लोग भी स्टॉल पर आये और विकाशसील कार्यों एवं दुग्ध उत्पादकों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए प्रतिबद्धता कि सराहना की और इसी तरह अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर जितेंद्र सिंह, उद्योग सचिव, झारखंड सरकार, आनंद सिंह, न्यायाधीश, रांची उच्च न्यायालय, अरवा राज कमल, आवास आयुक्त, झारखंड भवन (नयी दिल्ली), अल्का तिवारी, मुख्य सचिव, झारखंड सरकार, सुधीर कुमार सिंह, पूर्व प्रबंध निदेशक आदि ने भी स्टॉल विजिट कर हौसला बढ़ाया। भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ को डॉ टीसी. गुप्ता (बतौर नोडल ऑफिसर), बिलाश यादव, अमन सिंह एवं राजेश कुमार राम प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**नये छात्रों का स्वागत किया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शहीद शेख भिखारी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को सत्र (2024-26) के बीएड प्रशिक्षणार्थियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नये छात्रों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय मिश्रा और कॉलेज के सचिव डॉ. पीके वर्मा और कोषाध्यक्ष नसीम अख्तर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की व्याख्याता अंजु शर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने छात्रों को कॉलेज की मूल्यों, शिक्षा प्रणाली, और



उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व छात्र भी मौजूद थे, जिन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया और नये छात्रों को सफलता की दिशा में मार्गदर्शन दिया।

मुख्य अतिथि डॉ. संजय मिश्रा ने अपने संबोधन में छात्रों को शिक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नैतिक और मानसिक मजबूती भी जरूरी है। कॉलेज के सचिव डॉ. पीके वर्मा ने कहा कि कॉलेज हमेशा छात्रों को सर्वांगीण विकास के लिए अवसर प्रदान करता है। कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. सपना त्रिपाठी ने उन्मुखीकरण कार्यक्रम को छात्रों को एक नयी दिशा देने वाला बताया, और यह कार्यक्रम न केवल शैक्षिक, बल्कि व्यक्तिगत विकास में भी योगदान देने वाला कहा। इस अवसर पर कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन रुपम रानी टोप्पो द्वारा दिया गया।

# एसबीयू में ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में पीएचडी के विद्यार्थियों (सत्र-2024-25) के लिए शुक्रवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवि के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विद्यार्थियों को शोध कार्य के दौरान ईमानदारी और पारदर्शिता अपनाने पर जोर दिया।

उन्होंने सरला बिरला विश्वविद्यालय के विभिन्न विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ हुए एमओयू का जिक्र करते हुए पीएचडी के विद्यार्थियों को शैक्षणिक आदान-प्रदान से होनेवाले महत्वपूर्ण लाभ की चर्चा की। कुलपति (प्रभार) एसबी डांडीन ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए क्वालिटी रिसर्च पर जोर दिया।



इस अवसर पर डीन डॉ. अरबिंद भंडारी, डीएसडब्ल्यू डॉ. अशोक अस्थाना और डीन डॉ. पंकज कुमार गोस्वामी ने रिसर्च से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, इससे जुड़े नैतिक आयामों और इसमें सॉफ्टवेयर की भूमिका पर अपना विचार प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. गगनदीप चड्ढा ने किया। स्वागत भाषण एसोसिएट डीन डॉ. अभिषेक चौहान और समापन भाषण पीएचडी सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. अतुल कुमार कर्ण ने दिया। इस अवसर पर कुलसचिव वीके सिंह समेत विवि के अन्यान्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति विजय कुमार दलान और सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने ओरिएंटेशन प्रोग्राम के आयोजन पर शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# ब्रदर्स एकेडमी का ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट) कल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ब्रदर्स एकेडमी की ग्रैंड स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (जी-सैट) आगामी सत्र के लिए 24 नवंबर 2024 को ऑफलाइन मोड में आयोजित की जायेगी। नये सत्र की कक्षाएं 8 अप्रैल 2025 से शुरू होंगी। जी-सैट के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट लिंक http://www.brothersacademy.co.in/admissions.php पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, रांची के लालपुर और डोरंडा परिसर से भी आवेदन पत्र प्राप्त और जमा किये जा सकते हैं।

जी-सैट परीक्षा का महत्व इस बात में है कि यही ब्रदर्स एकेडमी में आइआइटी-जेइइ कोचिंग में प्रवेश का एकमात्र माध्यम है। जी सैट के सभी प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम शुल्क पर न्यूनतम 40% स्कॉलरशिप दी जायेगी और प्रत्येक



कोर्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को 100% स्कॉलरशिप मिलेगी। कक्षा 7, 8, 9 और 10 में पढ़ने वाले छात्र, ओलंपियाड और बेसिक्स फाउंडेशन को ध्यान में रखते हुए 1 वर्ष / 3 वर्ष / 4 वर्ष / 5 वर्ष के फाउंडेशन कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। वर्तमान में कक्षा 10 में पढ़ने वाले और कक्षा 11 में जाने वाले छात्र आइआइटी-जेइइ के लिए 2 वर्षीय कोर्स में नामांकन ले सकते हैं, जिसमें उन्हें कक्षा 11 और 12 का सिलेबस भी पढ़ाया जायेगा।


## पूर्व डीसी छवि रंजन की बेल पर सुनवाई आज

**रांची (आजाद सिपाही)। सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की बेल पर रांची प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की स्पेशल कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। जिसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए शनिवार की तिथि निर्धारित की है। इडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है। दरअसल लैंड स्कैम की अब तक की जांच में अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, कथित रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम को गिरफ्तार कर चुकी है। सभी आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।**

# संत जेवियर्स कॉलेज में विद्यार्थियों को मिला मछली पालन प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज, रांची के विद्यार्थियों के लिए मछली किसान प्रशिक्षण और अनुसंधान केंद्र (एफएफटीसी), शालीमार, रांची में शैक्षिक यात्रा सह एक्सपोजर विजिट आयोजित किया गया। मछली पालन गतिविधि में क्षेत्र के अनुभव को बढ़ावा देने के लिए, सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को प्राणिशास्त्र विभाग के डॉ रितेश कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन के तहत एफएफटीस केंद्र, शालीमार, रांची का दौरा किया। पूरे शैक्षणिक भ्रमण सह एक्सपोजर दौरे की सभी व्यवस्था और कार्यक्रम को सहायक निदेशक मत्स्यपालन (अनुसंधान) एफएफटीसी, रांची गीतांजलि कुमारी की देखरेख और विशेषज्ञ मार्गदर्शन में निष्पादित किया गया। यहां छात्रों ने मछली पालन गतिविधि से संबंधित मिट्टी



और जल परीक्षण का व्यावहारिक क्षेत्र ज्ञान प्राप्त किया।

एफएफटीसी के मुख्य प्रशिक्षक डॉ प्रशांत कुमार दीपक एवं मत्स्य प्रसार अधिकारी रणविजय कुमार ने वर्तमान में मछली पालन के लिए लागू सभी नवीनतम तकनीकों और राज्य में नीली क्रांति को बढ़ावा देने में मत्स्य पालन निदेशालय, झारखंड की गतिविधियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी दी। एफएफटीसी की मत्स्य प्रसार अधिकारी शवन शीला हंस और मनुजश्री तिर्की ने केज कल्चर सेट अप, हैचरीज, बायोफ्लॉक यूनिट और पर्ल कल्चर यूनिट जैसी विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों का फील्ड एक्सपोजर दिया। सेंट जेवियर्स कॉलेज के विज्ञान और कला स्ट्रीम के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने मत्स्य पालन विभाग द्वारा हाल ही में शुरू की गयी पर्ल कल्चर गतिविधि के बारे में भी सीखा। सेंट जेवियर्स कॉलेज की फैकल्टी डॉ रमिता और डॉ प्रियंका भी मौके पर मौजूद रहीं।

# रोटरी रांची ने सदर अस्पताल में लगाया तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर

**कैंप में पचास से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ रांची और महावीर सेवा सदन, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में सदर अस्पताल रांची में तीन दिवसीय उम्मीद कि किरण 2024 मेगा कैंप का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस मेगा कैंप में पचास से अधिक जरूरतमंदों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण हेतु स्क्रीनिंग की गयी। तीन दिवसीय यह कैंप 10 बजे सुबह से शाम चार बजे तक चलेगा। रोटरी रांची के अध्यक्ष गौरव बागरॉय ने बताया कि समाज



के सबसे पिछड़े एवं जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग प्रदान करना हमारा लक्ष्य है। कृत्रिम अंग शरीर के उस हिस्से के लिए बनाया जाता है जो जन्म के समय से गायब होता है या दुर्घटना अथवा विच्छेदन के कारण खो जाता है। कैंसर, मधुमेह या गंभीर संक्रमण के इलाज के दौरान भी कई बार अंगों को हटा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में कृत्रिम अंग का प्रत्यारोपण व्यक्ति को सामान्य जीवन जीने के लायक बनाने में मदद करता है। कैंप के संयोजक हरमिंदर सिंह और लोकेश साहू ने बताया कि जरूरतमंद लोग शनिवार और रविवार को भी सदर अस्पताल के इस स्क्रीनिंग कैंप में आ लाभ उठा सकते हैं।

कैंप में अंगरा हेसल से झुनकी देवी- दायां पैर, सारण, बिहार से अरविंद रे- दायां पैर, सिमडेगा से सरिता तिर्की- दायां पैर, बहरीनबासा से अस्मित लकड़ा- बायां पैर, बसिया से प्रमिला देवी- बायां पैर, आशीष प्रसाद साव- बायां पैर, रामगढ़ से रोशन मुंडा मुंडा- दोनों पैर की स्क्रीनिंग कर उनके शरीर के अंगों का माप लिया गया। इस कैंप में मुख्य रूप से रोटरी रांची के रविंदर चड्ढा, दीपक श्रीवास्तव, अमित अग्रवाल, ख्याति मुंजाल, भावना तनेजा, अनंत कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी।

# कल शुकराना का दीवान सजाया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा,कृष्णा नगर कॉलोनी में रविवार को दोपहर 3:30 बजे से शुकराना का दीवान सजाया जायेगा। दीवान की शुरूआत सुखमनी साहिब के सामूहिक पाठ से होगी तत्पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी द्वारा शबद गायन किया जायेगा। अनंद साहिब के पाठ, अरदास, हुकूमनामा और कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ शुकराना दीवान की समाप्ति शाम 6 बजे होगी। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा श्रद्धालुओं के लिए चाय नाश्ते का लंगर भी चलाया जायेगा।



सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि यह शुकराना दीवान श्री गुरु नानक देव जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष में आयोजित सभी दीवानों के सफल समापन की खुशी सजाया जा रहा है जिसमें सुखमनी साहिब का सामूहिक पाठ तथा शबद कीर्तन होगा एवं प्रकाश पर्व के सफल समापन के लिए अरदास कर वाहेगुरु का शुक्रिया अदा किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



## गुहार : भाजपा पहुंची चुनाव आयोग, ज्ञापन सौंपा

# दुमका और नाला की काउंटिंग विशेष आब्जर्वर की निगरानी में हो: भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनाव आयोग से मांग की है कि दुमका और नाला विधानसभा में मतगणना विशेष पर्यवेक्षक की निगरानी में हो। भाजपा नेता सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि दुमका विधानसभा से झामुमो के प्रत्याशी बसंत सोरेन, जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई हैं, के कारण प्रशासन उनके इशारे पर काम कर रहा है। जिससे मतगणना में गड़बड़ी हो सकती है। इसी तरह, नाला विधानसभा से झामुमो के उम्मीदवार रविंद्र नाथ महतो, जो विधानसभा अध्यक्ष हैं, के क्षेत्र में भी प्रशासन उनके इशारे पर काम कर रहा है। जिससे मतगणना में गड़बड़ी हो सकती है। भाजपा ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि वे मतगणना के दौरान विशेष पर्यवेक्षक की नियुक्ति करें ताकि मतगणना पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हो। इन दोनों विधानसभा में मतगणना के समय भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हिंसा भी हो सकती है। चुनाव आयोग ने इस मामले में जांच के आदेश दिये हैं।

# मतगणना को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव

## मतगणना स्थल पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में 23 नवंबर को रिजल्ट आयेगा। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गयी हैं। सबसे पहले पोस्टल बैलेट से पड़े वोटों की गणना होगी। सुबह साढ़े आठ बजे से इवीएम के मतों की गिनती शुरू की जायेगी।

मतगणना के लिए रांची के पंडरा बाजार में मतगणना केंद्र बनाया गया। पंडरा बाजार में ही स्ट्रांग रूम भी बनाया गया है, जिसमें सभी मतदान केंद्रों से इवीएम और वीवीपैट मशीन को सुरक्षित रखा गया है। इस स्ट्रांग रूम में तीन लेयर की सुरक्षा की गयी है। स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी से निगरानी भी रखी जा रही है। सबसे पहले सिल्ली विधानसभा का नतीजा आयेगा जबकि सबसे अंत में हटिया विधानसभा का नतीजा आयेगा। रांची जिले में काउंटिंग में 3000 पदाधिकारी और कर्मी लगाये गये हैं।

रांची नगर निगम के नगर आयुक्त के निर्देशानुसार पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर परिसर तथा उसके आसपास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ पेयजल के लिए वाटर टैंकर, चलंत शौचलय व कूड़ेदान की व्यवस्था भी की गयी है। इसे देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने रूट में कई बदलाव किये हैं ताकि भीड़ और ट्रैफिक जाम से बचा जा सके। साथ ही मतगणना स्थल पर ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए 25 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं।

**पंडरा बाजार के आसपास सुबह आठ बजे से रात के आठ बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश बंद**

पंडरा बाजार के आसपास 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से बंद रहेगा। तिलता मोड़ और पिस्का मोड़ से आने वाले भारी वाहनों को रूट डायवर्ट कर दिया जायेगा। पंडरा बाजार समिति के मुख्य गेट से 100 मीटर के दायरे में सड़क ब्लॉक कर दी जायेगी। सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक तिलता चौक, पिस्का मोड़ और रिंग रोड पर छोटे मालवाहक वाहन, इ-रिक्शा और बसें नहीं चलेंगी। दोपहर 2 बजे से रात 9 बजे तक रांची शहर में सभी छोटे-बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। रातू के तिलता मोड़ से पिस्का मोड़ की ओर जाने वाले भारी वाहनों को दलादिली और कांके की तरफ मोड़ा जायेगा। न्यू मार्केट से पिस्का मोड़ होते हुए रातू की ओर जाने वाले वाहनों को कटहल मोड़ की ओर डायवर्ट किया जायेगा। मतगणना को लेकर रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से मतगणना के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के लिए सभी मतगणना से जुड़े पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की ब्रीफिंग करते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## झामुमो ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को लिखा पत्र

# मतगणना के दौरान निष्पक्ष, स्वच्छ एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोरचा के महासचिव ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखा है। पत्र में 23 नवंबर को छठे झारखंड विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतगणना के दौरान निष्पक्ष, स्वच्छ एवं पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि उन्हें यह जानकारी मिली है कि राज्य के हर मतगणना केंद्रों के आसपास बाहरी राज्यों से कई उच्च प्रशिक्षित, इलेक्ट्रोनिक विशेषज्ञों को भारतीय जनता पार्टी ने मतगणना स्थलों के आसपास मौजुदगी की व्यवस्था कर रखी है। यह एक गंभीर मामला है। अतः आपसे आग्रह है कि मतगणना स्थलों के न्यूनतम दो किलोमीटर के दायरे में सभी इंटरनेट सेवाएं बंद की जाये तथा इलेक्ट्रोनिक गैजेट्स के इस्तेमाल पर पूर्णतः रोक लगायी जाये। सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रति राउंड मतगणना के पूर्व इवीएम में डाले गये वोट का मिलान बूथ के पिठासीन पदाधिकारी द्वारा निर्गत फॉर्म 17 सी का मिलान कर लिया जाये। प्रत्येक राउंड के बूथों के मतगणना के पूर्व ध्वणी विस्तारक यंत्र से यह प्रचारित किया जाये कि किस मतदान केंद्र का, किस बूथ का मतणना का टेबल एवं निर्गत 17 सी मतदान प्रपत्र को सार्वजनिक घोषित की जाये। हर राउंड के प्रति टेबल अनुसार मतगणना का घोषणा सार्वजनिक तौर पर ध्वणी विस्तारक यंत्र से की जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी मतगणना केंद्रों के स्थान एवं संपूर्ण जिला में अवस्थित होटल, लॉज एवं धर्मशाला की जांच करवा ली जाये कि कहीं पर भी कोई संदिग्ध इलेक्ट्रोनिक विशेषज्ञ न प्रवास कर रहे हों। उपरोक्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर ही निष्पक्ष, स्वच्छ एवं पारदर्शी मतगणना संपन्न हो, ताकि दुनिया का सबसे मजबूल लोकतंत्रिक व्यवस्था पर सभी का विश्वास कायम रह सके। ज्ञापन की प्रतिलिपि झारखंड निर्वाचन पदाधिकारी और राज्य के सभी जिला निर्वाची पदाधिकारियों को भेजी गयी है।

# पासवा ने निर्वाचन आयोग को चुनाव के लिए दी बधाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मुलाकात की और उन्हें झारखंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुए चुनाव के लिए बधाई दी। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पारदर्शी, निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड के निजी विद्यालयों ने भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर इस दिशा में योगदान दिया। इस मौके पर पासवा प्रतिनिधिमंडल में कुमुद रंजन, विशाल सिंह, अमित कुमार, जाबिर राजा, खालिद राजा, मेंहुल दुबे के साथ के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

**प्रदीप यादव की गाड़ी का एक्सीडेंट, सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी जानकारी :** गोड्डा के पोड़ैयाहाट से कांग्रेस उम्मीदवार प्रदीप यादव ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि उनकी गाड़ी दुर्घटना की शिकार हुई है। हालांकि वह पूरी तरह से ठीक हैं। प्रदीप ने लिखा है, मेरी गाड़ी में एक ट्रक से पीछे से ठोकर लगी है, फिलहाल किसी भी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है, आप सब घबराये नहीं, मैं सकुशल हूं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **(1) ई-निविदा सं०:** पुमरे-मुप्रअ-नि-कोडरमा-ईटीएन-KQR-01दो पैकट सिस्टम, **कार्य का नाम:** नई बी.जी. के निर्माण के संबंध में 3.839 किमी (लगभग) की कुल लंबाई के साथ 09 सुरंगों और 01 कट और कवर के लिए डिजाइन और निर्माण पर्यवेक्षण और उपकरण का विवरण। सोनानगर-अंडाल मल्टीट्रैकिंग परियोजना के संबंध में कोडरमा से पहाड़पुर तक डबल लाइन रेलवे परियोजना। **टंकलित मूल्य (रू): 213253008.08, बोली प्रतिभूति (रू): 1216300.00, कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 महिने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय 13.12.2024, 15:30 बजे। ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जाएगा भले ही यह फर्म के लेंटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा कुचले गए। उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरन के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/कोडरमा**
**पूर्व मध्य रेलवे, कोडरमा, झारखंड**

पीआर/01560/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/24-25/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**गोमो, बरकाकाना और चोपन कोचिंग डिपो से चलने वाली गाड़ियों में सवारी डिब्बों की यंत्रीकृत सफाई, गोमो, बरकाकाना, बरवाडीह और चोपन में टर्न राउंड/प्लेटफार्म वापसी ट्रेनों की सफाई, गोमो, बरकाकाना और चोपन डिपो परिसर की सफाई और चोपन पर रूकी हुई ट्रेनों में रोजाना पानी भरने की व्यवस्था।**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट बिड" पर ई-निविदायें आमंत्रित है: **(1) बिड संख्या एवं दिनांक:** e-tender Notice No. MC-07-OPEN-2024-25, दिनांक 19.11.2024 **(2) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** गोमो, बरकाकाना और चोपन कोचिंग डिपो से चलने वाली गाड़ियों में सवारी डिब्बों की यंत्रीकृत सफाई, गोमो, बरकाकाना, बरवाडीह और चोपन में टर्न राउंड/प्लेटफार्म वापसी ट्रेनों की सफाई, गोमो, बरकाकाना और चोपन डिपो परिसर की सफाई और चोपन पर रूकी हुई ट्रेनों में रोजाना पानी भरने की चार (04) वर्षों की अवधि के लिए व्यवस्था। कार्य समापन अवधि-4 वर्षों। **(3) कार्य की अनुमानित लागत:** रू. 25,97,32,686.00 (पच्चीस करोड़ सत्तानवे लाख बत्तीस हजार छः सौ छियासी रूपये) मात्र। **(4) बयाना राशि:** 14,48,700.00 (चौदह लाख अड़तालीस हजार सात सौ रूपये) मात्र। **(5) ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** तारीख 10/12/2024 को 17:00 बजे।, **ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** तारीख 11/12/2024 को 12:00 बजे। **(6) प्री-बिड मिटिंग दिनांक एवं समय 25.11.2024 –11:30 बजे:** प्री-बिड मिटिंग स्थानः वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)/धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद। **(7) वेबसाईट विवरण: https://www.ireps.gov.in** ई-निविदा के तहद मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/01556/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24-25/48


# जगन्नाथपुर पुलिस ने जानकी ट्रेडर्स की अवैध चावल बिक्री का खुलासा किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जानकी ट्रेडर्स द्वारा जन वितरण प्रणाली की गाड़ी से अवैध रूप से चावल बिक्री करने का मामला सामने आया है। जगन्नाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी को जब्त कर लिया और थाने ले गयी। बताया जा रहा है कि जानकी ट्रेडर्स की गाड़ी में लगभग 100 बोरी में चावल बिक्री करने के लिए शालीमार बाजार में पहुंचे थे। लेकिन जब पुलिस ने गाड़ी की जांच की, तो ड्राइवर और खलासी के पास से कोई कागजात नहीं मिले। जगन्नाथपुर पुलिस के अनुसार इसकी जांच चल रही है और जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। यह मामला जन वितरण प्रणाली की अवैध बिक्री के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के दुरुपयोग को भी उजागर करता है। बता दें कि इससे पहले भी जानकी ट्रेडर्स पर कई अनियमितता की शिकायत वरीय अधिकारियों से की गयी है।

# बाल गीता का गुरमुखी में अनुवाद करने पर जगप्रीत कौर को दुबई में सम्मानित किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची की जगप्रीत कौर ने बाल गीता का गुरमुखी में अनुवाद किया है, जिसके लिए उन्हें दुबई में सम्मानित किया गया। जगप्रीत कौर ने बताया कि बाल गीता स्वस्ति योग के संस्थापक, डॉ. विकास चोथे और डॉ. श्वेतांबरी चोथे द्वारा अंग्रेजी में लिखी गयी है।

इस पुस्तक का दुबई में 10 नवंबर को प्रथम अंतरराष्ट्रीय योग और स्थिरता सम्मेलन में विमोचन किया गया। जगप्रीत कौर ने कहा कि बाल गीता बच्चों के लिए भगवद गीता की शिक्षाओं का एक सरल और मनोरंजक संस्करण है। यह पुस्तक बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए है। जगप्रीत कौर को दुबई सरकार द्वारा इको योग रिट्रीट्सः आधुनिक योगी के लिए सतत पर्यटन पर एक पेपर प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार विजेता सुश्री नौफ मारवाई द्वारा सम्मानित किया गया।

## धीरे-धीरे बढ़ने लगी ठंड, पारा गिर कर 12.4 डिग्री पहुंचा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी है। रात का पारा लगातार गिरने से ठंड का अहसास होने लगा है। शुक्रवार को रांची का न्यूनतम तापमान गिरकर 12.4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं, अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में गिरावट का रूख जारी रहेगा। दिसंबर से कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार हैं। राजधानी रांची में शुक्रवार को पूरे दिन सूर्य व हल्के बादलों की लुका-छिपी जारी रही। जिससे दिन में भी ठंड का अहसास हुआ।

## हिंदी कार्यशाला का आयोजन

# भाषा के बारे में सजग होना आज की जरूरत: डॉ वरुण

आजाद सिपाही संवाददाता




**हाजीपुर।** हिंदी प्रदेश में हिंदी के बारे में कुछ कहना कठिन है क्योंकि यहां अधिकांश लोग हिंदी के बारे में पर्याप्त ज्ञान रखते हैं परंतु आज जिस ढंग से देश-दुनिया की कई भाषाएं लुप्त हो रही हैं, उनका अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है उसे देखते हुए भाषा के बारे में सजग होना जरूरी है। भाषा सिर्फ अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है अपितु किसी समाज और देश की सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान है। ये बातें राजभाषा विभाग, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर द्वारा आयोजित हिंदी कार्यशाला में निदेशक/राजभाषा, रेलवे बोर्ड डॉ वरुण कुमार ने कहीं। अपने संबोधन में डॉ कुमार ने कहा कि भाषा की व्यापकता आपको चमत्कृत कर सकती है। आज राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं उसे और तेज करने की जरूरत है। भारत सरकार की राजभाषा नीति और उसके क्रियान्वायन पर उन्होंने विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि भारतीय रेल में राजभाषा का प्रचार-प्रसार संतोषप्रद है। तमाम प्रतिकूलताओं एवं चुनौतियों के बावजूद एक भाषा के रूप में हिंदी विस्तारित होती जा रही है, वहीं उसमें गुणवत्तापूर्ण शोधकार्य एवं तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ने की जरूरत है। इस अवसर पर अपने संबोधन में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/योजना मनीष कुमार ने कहा कि उन्होंने हाल में ही राजभाषा विभाग के अंतर्गत उप मुख्य राजभाषा अधिकारी का पदभार संभाला है और उनकी कोशिश है कि राजभाषा के क्षेत्र में पूर्व मध्य रेल एक नये अध्याय की रचना करे। उल्लेखनीय है कि राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बल देने के लिए मुख्यालय, हाजीपुर के राजभाषा विभाग द्वारा निरंतर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

## जानवरों को दिये जा रहे विटामिंस और प्रोटीन डाइट

# बिरसा जैविक उद्यान में ठंड बढ़ते ही लगाये गये हीटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में स्थित ओरमांझी प्रखंड के चकला स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान बच्चों से लेकर बड़े लोगों की पसंद हैं। उद्यान में कुल 86 प्रजाति के 1644 जानवर हैं, जिसमें स्तनधारी, सरीसृप व पक्षी शामिल हैं। ठंड का मौसम आते ही भगवान बिरसा जैविक उद्यान में उद्यान प्रबंधन ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा व ठंड से बचाव के लिए रूम हीटर, अलाव और खाने में प्रोटीन, मल्टीविटामिन और मिनिरल्स युक्त भोजन की व्यवस्था की है। उद्यान निदेशक जब्बर सिंह ने कहा कि उद्यान में रह रहे वन्य जीवों को ठंड से बचाव के लिए मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। जानवरों, पशु-पक्षियों को भोजन, स्वास्थ्य सुविधा में कमी नहीं होने दिया जायेगा। उनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। यहां के फॉरेस्ट गार्ड शशि भूषण ने बताया कि प्रतिदिन लगभग दो हजार लोग बिरसा जैविक उद्यान में आते हैं। ये आंकड़ा शनिवार और रविवार को बढ़ जाता है। यहां के पार्कों में लोग पिकनिक मानना पसंद करते हैं।

**रहने से लेकर खाने तक का रखा जा रहा ख्याल**

उद्यान के डॉ ओमप्रकाश साहू ने बताया कि वन्य प्राणियों को सुरक्षा के लिए जो बच्चा देनेवाली मादा प्रजाति के भालू हैं, उन्हें सेपरेट नर्सरी में रख कर एक पशुपालक को तैनात किया गया है। इसके अलावे समेत सभी प्रकार की अनुकूल व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी में ठंड को लेकर सभी के लिए जानवरों के लिए उनके अनुरूप व्यवस्था की गयी है। सभी खिड़कियों व ग्रिल में जूट का पर्दा लगाया गया है। सभी जानवरों के लिए उनके आसपास 18 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान को बनाये रखा जाता है। पक्षियों के लिए पुआल, पीला बल्ब, जीट बोरा की व्यवस्था की गयी है। उनके आहार में मल्टी विटामिन और अंडे को जोड़ा गया है। उद्यान में शुतुरमुर्ग, एमू, रंगीन मोर, सफेद मोर, तोता, मैना व कई प्रकार के तीतर प्रजाति को नियमित आहार समेत मल्टी विटामिंस व बी कंपलेक्स दिया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए बाड़ों में लकड़ी का पटरा बिछाकर उसपर पुआल बिछा दिया गया है। सभी केजों को चटाई आदि से घेर दिया गया है। वहीं मांसाहारी (कार्निवरोस) जानवरों को इंडिविजुअल सेल में रखा जाता है। बाघ, शेर, तेंदुआ, भालू को रात्रि विश्राम शेड में रूम हीटर लगाया गया है। सभी के लिए लकड़ियों के अलाव की व्यवस्था की गयी है। उनके सेल में पुआल की फ्लोरिंग की गयी है। इसके साथ सभी को एक्सट्रीम प्रोटीन डाइट दिया जा रहा है। उद्यान के हिमालयन भालू व देसी भालू को भी नियमित आहार दूध, केला, सेव समेत मल्टी विटामिंस, अंडा व शहद दिया जा रहा है। बाघ, शेर, तेंदुआ व अन्य मांसाहारी वन्य प्राणियों को मल्टी विटामिंस, कैल्शियम व अंडा भी दिया जा रहा है। शाकाहारी (ओमनीवोरॉस) जानवरों हिरण, नील गाय, कृष्ण मृग, चीतल, सांभर के लिए कुटी चोकर समेत ठंड से बचाव के लिए मिनरल मिक्सचर दिया जा रहा है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं. ई-निविदा/2024/35,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है एवं 15.30 बजे खोली जाएगी। **क्रम सं., निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) ई-केजीपी-वेस्ट-33-2024, कार्य का विवरण:** कलाईकुंडा के कार्य के लिए आरसीसी बॉक्स पुशिंग, डेड एंड और अन्य सिविल विविध कार्य का निष्पादन: डीईएन/पश्चिम/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर सिरे पर गुड्स साइडिंग लाइन की स्लूइंग और केजीपी सिरे पर सी/एल ओवर रन लाइन के विस्तार के साथ इंजन रिवर्सल सुविधा के लिए एक्स-ओवर का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 5,31,41,356.62, **बयाना राशि:** रु. 4,15,700/- **(2) ई-केजीपी-वेस्ट-34-2024, कार्य का विवरण:** डीईएन/वेस्ट/केजीपी के कार्यक्षेत्र के अधीन 10 स्टेशनों पर ओएच टैंक के साथ पुराने नालीदार पाइप लाइन को बदलना एवं 04 स्टेशनों पर डीप ट्यूब वेल का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 7,52,43,511.66, **बयाना राशि:** रु.5,26,200/- **(3) ई-केजीपी-वेस्ट-35-2024, कार्य का विवरण:** डीईएन/पश्चिम/केजीपी के क्षेत्राधिकार के अधीन एडीएसटीई/झाड़ग्राम के लिए कार्यालय और आवास का निर्माण। **निविदा मूल्य:** रु.94,00,167.12, **बयाना राशि:** रु. 1,88,000/-, **(4) ई-केजीपी-ईस्ट-50-2024, कार्य का विवरण:** डीईएन/पूर्व/केजीपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत खड़गपुर मंडल में आरओबी द्वारा एलसी को हटाने के लिए डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) सह टेक्निकल फिजेबिलिटी रिपोर्ट (टीएफआर) तैयार करने के लिए कंसल्टेंसी की नियुक्ति के कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु.1,20,98,039.06, **बयाना राशि:** रु. 2,10,500/-, **(5) ई-केजीपी-ईस्ट-51-2024, कार्य का विवरण:** डीईएन/पूर्व/केजीपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत क्षीराई और हौर में एसओडी के अनुसार प्लेटफार्म सतह, वाटर वैट, यूरिनल के सुधार कार्य और जंग लगी पाइपलाइनों के प्रतिस्थापन कार्य का निष्पादन। **निविदा मूल्य:** रु.2,27,47,878.62, **बयाना राशि:** रु. 2,63,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** प्रत्येक हेतु 0, **खुलने की तिथि:** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक 05.12.2024, क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु दिनांक 11.12.2024 और क्रम सं. 4 एवं 5 प्रत्येक हेतु दिनांक 12.12.2024, **कार्य की समापन अवधि:** क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु 18 माह, क्रम सं. 3 एवं 5 प्रत्येक हेतु 12 माह और क्रम सं. 4 हेतु 6 माह। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** क्रम सं. 1 हेतु दिनांक 21.11.2024 से 05.12.2024 को 15.00 बजे तक, क्रम सं. 2 से 3 प्रत्येक हेतु दिनांक 27.11.2024 से 11.12.2024 को 15.00 बजे तक और क्रम सं. 4 से 5 प्रत्येक हेतु दिनांक 28.11.2024 से 12.12.2024 को 15.00 बजे तक। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-818)

# सुप्रीम कोर्ट : तलाक में गरिमा

तलाक से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसकी प्रक्रिया के दौरान पत्नी को 1.75 लाख रुपये महीना गुजारा भत्ता दिया जाये। बेशक यह रकम पहली नजर में खासी बड़ी लगती है, लेकिन इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फैसला जिन आधारों पर दिया गया है, वे व्यक्ति की गरिमा को नये सिरे से रेखांकित करते हैं। मसला एक ऐसे कपल का था, जिसकी 2008 में शादी हुई और 2019 में पति की ओर से तलाक की अर्जी दी गयी। पति को पहली शादी से एक बेटा था, मगर इस शादी में कोई संतान नहीं हुई। दिलचस्प है कि फैमिली कोर्ट ने पति की आमदनी के तमाम स्त्रोतों का ब्योरा देखने के बाद अंतरिम गुजारा भत्ता 1.75 लाख रुपये मासिक ही तय किया था, जिसे हाइकोर्ट ने घटाकर 80,000 रुपये मासिक कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के फैसले को खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के फैसले को बहाल किया। मामले की सुनवाई के दौरान कई तरह के सवाल उठे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा अहमियत इस बात को दी कि शादी के दौरान महिला जिस तरह की लाइफस्टाइल की आदी थी, वह बरकरार रहनी चाहिए। यह बात भी अदालत की जानकारी में आयी कि शादी से पहले महिला जॉब कर रही थी, जो उसे पति की जिद के कारण छोड़नी पड़ी। अपने देश में अक्सर शादी के बाद महिलाओं को नौकरी छोड़नी पड़ती है, जिससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता समाप्त हो जाती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि गुजारा भत्ता तय करते समय जिंदा रहने की न्यूनतम आवश्यकताओं को ही नहीं, सोशल स्टेटस को भी प्रमुख आधार बनाया जाये। वैसे, यह फैसला अपने आप में अनोखा या अपवाद नहीं है। हाल के वर्षों में आये कई अहम फैसलों की यही दिशा रही है। फिर भी इस फैसले की अहमियत इस मायने में है कि इसने न्यायपालिका के इस प्रगतिशील रुख पर इतना जोर दिया है कि यह एक झटके में समाज के संज्ञान में आता है। ध्यान रहे, भारत आज भी उन देशों में शामिल है, जहां तलाक की दर न्यूनतम स्तर पर है। ऐसा तब है, जब नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 के मुताबिक देश में 18 से 49 वर्ष के उम्र की करीब 30 फीसदी शादीशुदा महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। जाहिर है, मजबूरी में चलती शादियों को तलाक से बेहतर मानने की सोच बदलने की जरूरत है और सुप्रीम कोर्ट के ऐसे फैसले इसमें मदद कर सकते हैं।

**मामले की सुनवाई के दौरान कई तरह के सवाल उठे, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने सबसे ज्यादा अहमियत इस बात को दी कि शादी के दौरान महिला जिस तरह की लाइफस्टाइल की आदी थी, वह बरकरार रहनी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पहले कदम के रूप में उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) को जनवरी 2023 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आइएमइ के पंजीकरण की सुविधा के लिए शुरू किया गया था। इन्हे सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत रिटर्न दाखिल करने से छूट दी गयी है। यूएपी के शुभारंभ के बाद से 2 करोड़ 60 लाख से अधिक रोजगार के साथ 2 करोड़ 20 लाख से अधिक उद्यमों ने पंजीकरण किया है।**

# अर्थव्यवस्था के लिए अहम है नैनो का पोषण




डॉ इशिता जी. त्रिपाठी और नितिशा मान

नैनो-व्यवसाय और अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम (आइएमइ) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमइ) के अंदर एक अलग खंड हैं। इसमें हाइपरलोकल कार्यक्षमता है। उनकी विशिष्ट विशेषताओं के कारण, उनके लिए विशेष प्रावधान रखना महत्वपूर्ण है ताकि वे अपने आप को बनाये रखते हुए व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हो जायें। भारत सरकार इस दिशा में वचनबद्ध है। पहले कदम के रूप में उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) को जनवरी 2023 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा आइएमइ के पंजीकरण की सुविधा के लिए शुरू किया गया था। इन्हे सीजीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत रिटर्न दाखिल करने से छूट दी गयी है।

यूएपी के शुभारंभ के बाद से 2 करोड़ 60 लाख से अधिक रोजगार के साथ 2 करोड़ 20 लाख से अधिक उद्यमों ने पंजीकरण किया है। यूएपी नामित एजेंसियों को एक इंटरफेस प्रदान करता है, जो अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सूक्ष्म वित्त संस्थान, एनबीएफसी आदि हो सकते हैं, जो थोक में अपने आइएमइ ग्राहकों के सहमति-आधारित डेटा को पंजीकृत कर सकते हैं। पीएम स्वनिधि जैसे सरकारी कार्यक्रमों के आइएमइ लाभार्थियों को भी यूएपी में शामिल किया जाता है।

**पीआइडीएफ प्रावधान डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स को निम्नलिखित प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।**



**नैनो उद्यमों को सब्सिडी वाले डिजिटल भुगतान उपकरण और क्यूआर कोड। भौतिक या डिजिटल उपकरणों की तैनाती को सब्सिडी देने के अलावा, अन्य समकालीन उपकरणों, जैसे साउंडबॉक्स डिवाइस, नियर फील्ड कम्युनिकेशन और आधार-सक्षम बायोमेट्रिक स्कैनर उपकरणों को भी भीम आधार पे के माध्यम से स्वीकार करने के लिए सब्सिडी दी जाती है।**

उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य को जारी रखते हुए, सितंबर 2023 में शुरू की गयी पीएम विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य 18 ट्रेडों के कारीगरों और शिल्पकारों को एंड-टू-एंड सहायता प्रदान करना है, जो अपने हाथों और उपकरणों से काम करते हैं। योजना के घटकों में पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और आइडी कार्ड के माध्यम से मान्यता, कौशल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, 5 प्रतिशत ब्याज दर पर जमानत से मुक्त ऋण, 8 प्रतिशत तक की ब्याज सहायता, डिजिटल लेनदेन और विपणन सहायता के लिए प्रोत्साहन शामिल हैं। अनिवार्य रूप से यह विश्वकर्मा की आकांक्षाओं को पूरा करने के उद्देश्य से सभी प्रकार के समर्थन को शामिल करता है, जिनके पास आत्मनिर्भर व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक उद्यमशीलता कौशल हैं। प्रभावी रूप से सरकार ने उन संस्थाओं की पहचान करने का मार्ग प्रशस्त किया है, जिनके पास क्षमता है, लेकिन एमएसएमइ चैंपियन के रूप में विकसित होने के साधन नहीं थे।

नैनो उद्यमियों के लिए एक बड़ी चुनौती ये है कि वे क्रेडिट के लिए नये हैं या उनके पास कोई क्रेडिट या व्यावसायिक इतिहास नहीं है, वित्त तक पहुंच है। कोई भी क्रेडिट इतिहास बैंकों को ऋण देने से नहीं रोकता है। एक सक्षम इकोसिस्टम बनाने के लिए, मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों की चुनौतियों का समाधान करने के लिए उपाय किए गए हैं। इस दिशा में एक कदम एमएसएमइ मंत्रालय और आरबीआइ की अधिसूचना है कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण लाभों का लाभ उठाने के उद्देश्य से यूएपी प्रमाणपत्रों को उद्यम पंजीकरण प्रमाणपत्र के समान माना जायेगा। पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के लिए आरबीआइ द्वारा अधिसूचित पेमेंट्स इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (पीआइडीएफ) योजना जैसी पहलों के माध्यम से, देश में स्वीकृति उपकरणों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है, टियर -3 से टियर -6 केंद्रों में भुगतान स्वीकृति बुनियादी ढांचे का विकास करना, लेनदेन की लागत को कम करना और छोटे व्यवसायों की स्वीकार्यता में वृद्धि करना। पीआइडीएफ प्रावधान डिजिटल भुगतान एग्रीगेटर्स को निम्नलिखित प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

नैनो उद्यमों को सब्सिडी वाले डिजिटल भुगतान उपकरण और क्यूआर कोड। भौतिक या डिजिटल उपकरणों की तैनाती को सब्सिडी देने के अलावा, अन्य समकालीन उपकरणों, जैसे साउंडबॉक्स डिवाइस, नियर फील्ड कम्युनिकेशन और आधार-सक्षम बायोमेट्रिक स्कैनर उपकरणों को भी भीम आधार पे के माध्यम से स्वीकार करने के लिए सब्सिडी दी जाती है। इस तरह के पूरक डिजिटलीकरण और डिजिटल ट्रेल्स उन्हें अधिक स्पष्ट बनाएंगे, एकत्र किए गए आंकड़ों के आधार पर वैकल्पिक क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल का समर्थन करेंगे और उनके लिए क्रेडिट अदायगी को बढ़ायेंगे।

क्रेडिट गारंटी योजना के अंतर्गत आइएमइ के लिए विशेष वितरण की घोषणा फरवरी 2024 में उदार शर्तों के साथ की गयी थी, जिसमें 20 लाख रुपये तक की ऋण राशि का 85 प्रतिशत गारंटी कवरेज बढ़ाया और 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए 0.37 प्रतिशत का कम वार्षिक गारंटी शुल्क और 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच के ऋण के लिए 0.45 प्रतिशत शामिल है। इन पहलों से औपचारिक ऋण देने वाली संस्थाओं के जोखिम के मुद्दे का समाधान होगा, जो उन्हें नैनो उद्यमों और आइएमइ को ऋण देने से सजग करता है।

संसाधनों, समर्थन और जागरूकता के संयोजन से नैनो व्यवसाय और अपेक्षाकृत बड़े एमएसएमइ एक साथ पनपते हैं। एक स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करते हैं। अंतिम लक्ष्य जमीनी स्तर की संस्थाओं को शामिल करते हुए आर्थिक आधार को मजबूत करना है, ताकि अर्थव्यवस्था की बड़ी अधिरचना चमकती रहे।

**(लेखक : 1. अतिरिक्त विकास आयुक्त, एमएसएमइ मंत्रालय, भारत सरकार और 2. उप निदेशक, एमएसएमइ मंत्रालय, भारत सरकार हैं। उपर्युक्त विचार व्यक्तिगत हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### पीएम नरेंद्र मोदी की कूटनीति का रिकॉर्ड

# यात्रा के दौरान की 31 वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी तीन देशों की पांच दिवसीय यात्रा के दौरान 31 वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। पीएम मोदी अपनी यात्रा के शुरुआती चरण में नाइजीरिया पहुंचे, जहां पर उन्होंने वहां के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लिया था। इसके बाद पीएम जी-20 समारोह में शामिल होने के लिए ब्राजील पहुंचे। ब्राजील में पीएम मोदी की 10 वैश्विक नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत हुई। इसके बाद गुयाना में भी पीएम ने नौ देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की। अधिकारियों के मुताबिक प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं के अपनी मुलाकात के दौरान प्रमुख एजेंडों और ग्लोबल साउथ के मुद्दों को मजबूती से रखा। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के अलावा पीएम मोदी ने 10 द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने यहां ब्राजील, इंडोनेशिया, पुर्तगाल, इटली,नॉर्वे, फ्रांस, यूके, चिली, अर्जेंटीना और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लिया। इन नेताओं में पांच नेता ऐसे थे, जिनके साथ पीएम मोदी की यह पहली बातचीत बैठक थी। इंडोनेशिया के नेता प्रबोवो सुबियांटो, पुर्तगाल के लुइस मोंटेनेग्रो, ब्रिटेन के कीर स्टॉर्मर, चिली के गेब्रियल बोरिक और अर्जेंटीना के जेवियर माइली के साथ उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक थी। पीएम मोदी ने ब्रजील में सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मिस्त्र, अमेरिका और स्पेन के नेताओं और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और कार्यपालकों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लिया। इनमें यूरोपीय संघ की उर्सुला वॉन डेर लेयेन, संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस, विश्व व्यापार संगठन की नगोजी ओकोंजो-इवेला, विश्व स्वास्थ्य संगठन के टेड्रोस घेब्रेयेसस और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष की क्रिस्टलीना जॉर्जीवा और गीता गोपीनाथ के साथ मुलाकात शामिल है। पीएम मोदी ने इसके अलावा नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनुबू के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी। अपनी पांच दिवसीय यात्रा के आखिरी चरण में गुयाना पहुंचे पीएम मोदी ने यहां पर नौ देशों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में हिस्सा लिया। यहां पर पीएम ने गुयाना, डोमिनिका, बहामास, त्रिनिदाद और टोबैगो, सूरीनाम, बारबाडोस, एंटीगुआ और बारबुडा, ग्रेनेडा और सेंट लूसिया के नेताओं के साथ बातचीत की। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी को तीन देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित किया है। विशेषज्ञों के मुताबिक वेस्ट इंडियन देशों में पीएम मोदी का जाना भारत की कूटनीति का एक अहम पड़ाव है। गुयाना में 56 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री पहुंचा था। पीएम ने गुयाना की संसद को भी संबोधित करते हुए कहा था कि वह द्वीपीय देशों को छोटे-छोटे देश न मानकर महासागरीय देश मानते हैं। गुयाना की संसद में दिया गया संबोधन दूसरे देश की संसद में पीएम मोदी का 14वां संबोधन था।

# दिल्ली की विधि-व्यवस्था में कोताही बर्दाश्त नहीं : शाह

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो-टूक कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस वाली रही है। इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक में गृह सचिव गोविंद मोहन, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरकत की।

बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रत्येक दिल्ली पुलिसकर्मी की व्यक्तिगत जवाबदेही है कि हर एक दिल्लीवासी खुद को सुरक्षित महसूस करे। दिल्ली पुलिस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसको देख कर दिल्लीवासियों में सुरक्षा का भाव और अपराधियों में भय पैदा हो। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस को नागरिक सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्पेशल एक्शन प्लान के साथ अभियान चलाना चाहिए और बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। समीक्षा बैठक में अपराध के प्रति सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर जोर देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि पुलिस बल को अपराधियों में भय पैदा करने के लिए काम करना चाहिए। दिल्ली में कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# मणिपुर में नेताओं के घरों में लूटपाट करने वाले संदिग्धों की पहचान हो गयी : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** मणिपुर में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। पिछले हफ्ते जिरीबाम में छह लोगों का शव मिलने के बाद फिर एकबार हिंसा भड़क गयी। इस दौरान भीड़ ने मंत्रियों और विधायकों के घरों को निशाना बनाया और महत्वपूर्ण सामानों को लूट लिया। उनकी संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों में लूटपाट की घटना पर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि 16 नवंबर को प्रदर्शन के दौरान मंत्रियों-विधायकों के घरों में लूटपाट करने वालों की पहचान कर ली गयी है और अब उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। सीएम बीरेन सिंह ने मंत्रियों के घरों में आग लगाने और उनके दिवंगत पिता की तस्वीरों को जलाने और लीटपाट की घटना की निंदा की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक आंदोलन के नाम पर कुछ गैंग मंत्रियों के घरों को लूट रहे हैं और उनकी संपत्तियों में आग लगा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के जरिये संदिग्धों की पहचान कर ली गयी है और अब उनके खिलाफ उचित कार्रवाई होगी। मुझे सार्वजनिक तौर पर यह कहते हुए शर्म आती है कि मणिपुर में यह हो रहा है। मणिपुर के मुख्यमंत्री ने लोगों से किसी भी हिंसात्मक कृत्यों में शामिल होने से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्हें जिरीबाम में बच्चों और महिलाओं की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों से कोई परेशानी नहीं है, लेकिन इस स्थिति का फायदा उठाने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### हमलावरों की तलाश में है राज्य सरकार

**बीरेन सिंह ने कहा कि जब स्थिति में सुधार होगा, तब क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जायेगी। हमलावरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया है। जिरीबाम में मासूमों की हत्या का मामला एनआइए संभाल रही है। राज्य सरकार चुप नहीं है। हम उनकी तलाश में लगे हुए हैं। बता दें कि पिछले सप्ताह तीन महिलाओं और तीन बच्चों के लापता होने के बाद राज्य में एक बार फिर हिंसा भड़क गयी। हिंसा भड़कने के बाद भीड़ ने विधायकों के घरों को निशाना बनाया और उसमें तोड़फोड़ करने लगे। हालांकि, कुछ दिनों बाद लापता हुए लोगों के शव पाये गये। पिछले साल मई से इंफाल घाटी के मैतेइ और आसपास की पहाड़ियों पर स्थित कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में दो सौ से अधिक लोग मारे गये हैं और हजारों लोग बेघर हो गये हैं।**

# दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन बना विद्यार्थी परिषद

### 55 लाख छात्रों के सदस्य होने का किया गया दावा


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भाजपा की छात्र इकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दावा किया है कि वह दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन बन चुका है। संगठन के अनुसार उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या 55 लाख को पार कर चुकी है। इस वर्ष उसके सक्रिय सदस्यों की संख्या 55 लाख 12 हजार 470 हो चुकी है। दुनिया के किसी भी देश में किसी भी छात्र संगठन के पास इतने सक्रिय सदस्य नहीं हैं। संगठन ने पहले ही दुनिया के सबसे बड़े संगठन होने का दावा किया था, लेकिन इस वर्ष उसकी सदस्य संख्या में एक बार फिर बढ़ोतरी हुई है। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चल रहे विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में विद्यार्थी परिषद की संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया है कि इस वर्ष पूरे देश भर से सदस्यता हुई है। उनके अनुसार छात्रों के मुद्दे उठाने और उनके हितों की बात करने के कारण अभाविप का छात्रों के बीच भरोसा बढ़ा है। संगठन ने शैक्षणिक संस्थानों में महिलाओं के लिए सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के पक्ष में आवाज उठाने, महिलाओं को नेतृत्व देने की दिशा में बढ़ाने के लिए विद्यार्थी परिषद ने अच्छा प्रयास किया है।

# संविधान में 'सेकुलर' शब्द जोड़ने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला 25 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संविधान में सेकुलर, सोशलिस्ट जैसे शब्द जोड़े जाने को लेकर दायर याचिकाओं पर शुक्रवार को आखिरी सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने अब इस मामले में सोमवार यानी 25 नवंबर को फैसला सुनाने की बात कही है। राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी, वरिष्ठ वकील अश्विनी उपाध्याय और बलराम सिंह की ओर से दाखिल अर्जी पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की बेंच ने कहा कि हम 25 तारीख को फैसला सुनायेंगे। इसके साथ ही बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि सेकुलरिज्म तो संविधान के मूल ढांचे का ही हिस्सा है। इसके अलावा जिस 42वें



संशोधन में इस शब्द को संविधान की प्रस्तावना में शामिल किया गया, उसका तो पहले ही रिव्यू हो चुका है। बेंच के रुख से ऐसा लग रहा है कि अदालत सेकुलर और सोशलिस्ट शब्दों को संविधान में जोड़े जाने को सही करार दिया जा सकता है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, 42वें संशोधन की पहले भी न्यायिक समीक्षा हो चुकी है। हम यह नहीं कह सकते कि संसद ने जो पहले किया था, वह सब कुछ गलत है। यही नहीं, बेंच का कहना था कि सेकुलरिज्म और सोशलिस्ट की परिभाषा को हमें पश्चिम के चश्मे से नहीं देखना चाहिए। दरअसल याचिकाकर्ताओं का कहना है कि संविधान में इन शब्दों को असामान्य परिस्थितियों में जोड़ा गया था। लोकसभा के अतिरिक्त सत्र में इसे शामिल करने का प्रस्ताव पारित हुआ था। याचिका में कहा गया कि इन संशोधनों को राज्यों से मंजूरी के बिना ही शामिल किया गया था। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने याचिकाकर्ताओं की आपत्तियों को विस्तार से सुना, लेकिन यह भी कहा कि इस पर तो पहले भी अदालत में विचार हो चुका है।

# आज होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



**गढ़वा विस के लिए 20 तथा भवनाथपुर विस के लिए 22 टेबल बनाये गये हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र और 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना केंद्र कृषि उत्पादन बाजार समिति, को बनाया गया है। आज शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय और मतगणना पर्यवेक्षक ने मतगणना केंद्र का दौरा कर फाइनल तैयारियों का जायजा लिया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से 20 और भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से 17 उम्मीदवारों का भाग्य, जो वर्तमान में मतगणना स्थल के बज्रगृह में सुरक्षित है। आज शनिवार को सुबह 8 बजे से मतगणना कार्य शुरू हो जायेगा। मतगणना को लेकर गढ़वा विधानसभा के लिए 20 टेबल भवनाथपुर विधानसभा के लिए 22 टेबल बनाये गये हैं।

**दोनों विधानसभा क्षेत्रों में 23-23 राउंड मतगणना होगी:** गढ़वा विधानसभा में कुल 2,92,000 मत, जबकि भवनाथपुर विधानसभा में 3,01,000 मतों की गणना होगी, जिसमें पोस्टल बैलट पेपर भी शामिल हैं। मतगणना के दौरान शहर में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था लागू की गयी है। सभी तैयारियों को जिला प्रशासन ने अंतिम रूप दे दिया है। पदाधिकारियों के अनुसार मतगणना की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए प्रशासन मुस्तैद है।

## बाजार समिति के चारों तरफ 200 मीटर में निषेधाज्ञा

**मतगणना परिसर और परिसर के बाहर 200 मीटर परिधि में नारेबाजी, जुलूस, धरना और आतिशबाजी पर प्रतिबंध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** शनिवार को गढ़वा बाजार समिति परिसर में 80- गढ़वा तथा 81-भवनाथपुर दोनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना का कार्य किया जाना है। उक्त मतगणना कार्य को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने तथा मतगणना के उपरांत परिणाम घोषणा के क्रम में लोक शांति तथा विधि व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को अनुमंडल दंडाधिकारी गढ़वा सदर संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत बाजार समिति परिसर व इसके बाहर चारों ओर 200 मीटर की परिधि में विशेष निषेधाज्ञा लागू की है। उक्त निषेधाज्ञा शनिवार 23 नवंबर सुबह 5:00 बजे से लेकर अगले आदेश तक जारी रहेगी। इस निषेधाज्ञा के तहत लोगों के अनावश्यक जमावड़े, नारेबाजी करने, जुलूस, धरना, आतिशबाजी, शस्त्र प्रदर्शन आदि को निषेधित किया गया है। ध्वनि विस्तारक का उपयोग भी उक्त अवधि व परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। मतगणना परिसर में मोबाइल सहित अन्य संबंधित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ प्रवेश पर पाबंदी रहेगी। परिसर के अंदर खैनी, गुटखा, सिगरेट, माचिस आदि ले जाने की भी सख्त मनाही होगी। बाजार समिति के सामने के मुख्य मार्ग पर सघन आवाजाही व संभावित भीड़ को देखते हुए मझिआंव मोड़ से लेकर उंचरी रेलवे क्रासिंग तक एहतियातन 'नो वेंडिंग जोन' घोषित किया गया है अर्थात शनिवार मतगणना दिवस पर इस सड़क किनारे दुकान लगाने पर पाबंदी होगी।

**बड़ी संख्या में दंडाधिकारियों और पुलिस बलों की तैनाती :** संजय कुमार ने बताया कि बड़ी संख्या में सभी प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। साथ ही उक्त सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल और क्यूआरटी टीमें तैनात की गयी हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना दिवस पर विधि-व्यवस्था संधारण के क्रम में जिला प्रशासन के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

## दुष्कर्म के आरोपी के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



आरोपी के घर पर इश्तिहार चिपकाती कांडी थाना की पुलिस।

**कांडी (आजाद सिपाही)।** दुष्कर्म के एक आरोपी जो विगत एक साल से फरार चल रहा है। उसके खिलाफ न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तिहार उसके मकान पर शुक्रवार को कांडी थाना की पुलिस के द्वारा चिपकाया गया। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने कहा कि कांडी थाना कांड संख्या 85/23 में ग्राम सड़की की रहने वाली एक महिला के द्वारा दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया गया था। उसके आलोक में आरोपी के विरूद्ध वारंट निर्गत किया गया था। जिसके आलोक में वारंटी उपेंद्र चंद्रवंशी उर्फ उपेंद्र कुमार पिता रामचंद्र चंद्रवंशी ग्राम सड़की थाना कांडी जिला गढ़वा के विरुद्ध न्यायालय द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। लेकिन वह यहां से लगातार फरार है। फरार रहने की स्थिति में वारंट को अग्रिम कार्रवाई के लिए दिनांक 31 अगस्त 2024 को न्यायालय को लौटा दिया गया था। इसी के आलोक में न्यायालय द्वारा दिनांक 20 नवंबर 2024 को उक्त वारंटी उपेंद्र चंद्रवंशी का इश्तिहार जारी किया गया। जिसका तामिला आज कर दिया गया।

## केएसएमएस ऑडिटोरियम में करियर मेला का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** केएसएमएस कैरियर गाइडेंस क्लब और स्काईहाई एजुकेशनल सर्विसेज के सहयोग से एक दिवसीय कैरियर मेला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को केएसएमएस ऑडिटोरियम में आयोजित मेले में कक्षा 11 और 12 के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को विविध शैक्षिक अवसरों की खोज करने व प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करना। इस अवसर पर एमिटी यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, चितकारा यूनिवर्सिटी, चेन्नई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, डीआईटी यूनिवर्सिटी और एडमास यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों ने छात्रों को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे और कैरियर की संभावनाओं के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों ने आकर्षक प्रस्तुतियों और आमने-सामने परामर्श सत्रों के माध्यम से विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्तियों, कैरियर पथों व वैश्विक अवसरों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त की। वहीं मेला में छात्रों ने एक समृद्ध अनुभव हासिल की।

## पुलिस ने 16 लाख रुपये की चोरी हुए 100 मोबाइल किये जब्त, दो गिरफ्तार, एक फरार

**एसपी ने बताया कि कृष्णा कुमार चौधरी और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जबकि बसंत चौधरी नामक आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से फरार है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने मझिआंव स्थित मां वैष्णवी मोबाइल दुकान में 13 नवंबर को हुई चोरी का खुलासा करते हुए 16 लाख रुपये मूल्य के 100 मोबाइल फोन बरामद किये हैं। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपी फरार है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मझिआंव बाजार की मां वैष्णवी मोबाइल दुकान में वेंटिलेटर तोड़कर 105 स्मार्टफोन चोरी कर लिये गये थे। इस मामले में दुकानदार सुमित कुमार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

पुलिस ने तकनीकी सेल की मदद से छापेमारी अभियान चलाया। पहली सफलता भगोडीह गांव से मिली। जहां कृष्णा कुमार चौधरी के घर से एक विवो कंपनी का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में कृष्णा ने खुलासा किया कि चोरी की घटना को उसका साला मुकेश कुमार (मेराल थाना क्षेत्र के सोहबरिया गांव) और गढ़वा थाना क्षेत्र के डटमा निवासी बसंत चौधरी ने अंजाम दिया था। सोहबरिया और डटमा गांव से बोरे में बंद मोबाइल बरामद हुए। मेराल थाना क्षेत्र के सांवरिया गांव सेः अन्य मोबाइल भी बरामद किये गये। कुल मिलाकर पुलिस ने 100 मोबाइल फोन बरामद किये, जिनकी कुल कीमत लगभग 16 लाख रुपये आंकी गयी है। एसपी ने बताया कि कृष्णा कुमार चौधरी और मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। जबकि बसंत चौधरी नामक आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से फरार है। पुलिस अब फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सघन अभियान चला रही है। चोरी गये मोबाइल की पूरी बरामदगी के प्रयास जारी हैं।

## तापमान में गिरावट के बाद ठंड में हुई वृद्धि



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** तापमान में अचानक गिरावट से ठंड में वृद्धि हुई है, जिससे ठंड के कारण लोग सुबह से शाम तक घरों में दुबके रहते हैं। और लोगों का दिनचर्या बदल गया है। वहीं छोटे-बड़े और बूढ़े-बुजुर्ग सभी अलाव के सामने बैठ कर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे है, तथा ठंड से बचाव के लिए दिन भर अधिकांश लोग गर्म व ऊनी कपड़ा उपयोग कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में ठंढ से बचने के लिए पर्याप्त सुविधा का अभाव होने के कारण कुछ लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। तापमान में गिरावट के बाद ठंढ बढ़ने के साथ परेशानी भी बढ़ी है, फिर भी ग्रामीण क्षेत्र के लोग चादर कंबल लपेट कर खेत खलिहान में काम करते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही शाम होते ही लोग आग जलाकर अलाव के पास बैठकर ठंढ से बचने का उपाय करते हैं।

### नौशाद सेवा सदन अस्पताल में किया गया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

## हर महीने की एक तारीख को किया जायेगा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन : इरशाद

**इस शिविर में रिम्स रांची, टीएमएच जमशेदपुर जैसे बड़े अस्पतालों में चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत रह चुके प्रसिद्ध डॉक्टर अपना यहां क्षेत्र के मरीजों की निःशुल्क इलाज कर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मंझिआंव (गढ़वा)।** मंझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुरानी हॉस्पिटल के नजदीक मंझिआंव गढ़वा मुख्य पथ के बगल में नौशाद सेवा सदन हॉस्पिटल में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें रिम्स रांची, टीएमएच जमशेदपुर जैसे बड़े अस्पतालों में चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत रह चुके प्रसिद्ध डॉक्टर अपना यहां क्षेत्र के मरीजों की निःशुल्क इलाज कर महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। बताते चलें कि इस हॉस्पिटल में इस अस्पताल में स्त्री से सम्बंधित रोग, नेत्र रोग, लकवा, नॉर्मल डिलीवरी, हर्निया बच्चेदानी, बवासीर, ट्यूमर बंध्याकरण, हड्डी प्लास्टर, बीपी शुगर, दर्द, बुखार, घुटना दर्द, छाती रोग, पेट से संबंधित रोग, पेशाब से संबंधित रोग का इलाज किया जाता है। वहीं मौके पर उपस्थित डॉक्टर इरशाद ने बताया कि हमारे क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से आये हुए मरीजों का बीपी, शुगर, सांस से संबंधित बीमारी, आंख, दर्द, बुखार, छाती, यूरिन और पेट से संबंधित और अन्य बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जा रहा है साथ ही उससे संबंधित दवा भी मुफ्त दिया जा रहा है। साथ ही यह निशुल्क चिकित्सा शिविर का प्रत्येक महीना के एक तारीख को मंझिआंव स्थित नौसाद सेवा सदन हॉस्पिटल में किया जायेगा।

### थाना प्रभारी ने क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की

## डीजे पर पूर्ण रूप से रहेगा प्रतिबंध : थाना प्रभारी

**गुलशन कुमार गौतम ने कि हम सभी को न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करना परम कर्तव्य है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना परिसर के बैठक हाल में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम की अध्यक्षता में थाना क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए थाना प्रभारी ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया, और कहा कि हम सभी को माननीय न्यायालय के आदेशों का अनुपालन करना परम कर्तव्य है। इसलिए कोई भी त्यौहार रामनवमी, मुहर्रम, स-ब-ए- बरात, दुर्गा पूजा, होली, दिपावली सहित अन्य कोई भी त्यौहार या शादी विवाह या किसी भी कार्यक्रम में डीजे नहीं बजाने के आदेश का सख्ती से अनुपालन करना होगा।

बैठक के संबंध में थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश की प्रति सभी डीजे संचालकों को उपलब्ध करा दी गयी है, ताकि उन्हें प्रतिबंध के बारे में पूर्ण जानकारी हो सके। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर कोई समारोह में डीजे साउंड बजाते हुए संचालन होता है, तो उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई किया जायेगा। साथ ही ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अगर कहीं डीजे का संचालन हो रहा है, तो पुलिस को तुरंत सुचना दें, ताकि कार्रवाई किया जा सके, और जानकारी देने वालों का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

## जीत-हार को लेकर अटकलों का बाजार गर्म, चर्चा हुई तेज

**वर्तमान परिणाम जो भी हो, लेकिन विगत 20 वर्षों के चुनाव का आकलन किया जाये, तो निश्चित रूप से इस बार का चुनाव विशेष कर गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लिए विशेष है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव की काउंटिंग आज होने वाली है, लेकिन समय बीतने के साथ-साथ लोगों का कौतूहल और उत्सुकता काफी बढ़ गयी है। विगत चुनाओं से तुलना करें, तो इस बार गढ़वा, रंका विधानसभा क्षेत्र के परिणाम को लेकर राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं से अधिक आम लोगों में इस बात को लेकर कौतूहल है कि किसकी हार और किसकी जीत होगी। बताते चलें की शुक्रवार के शाम मेराल के चाय दुकान पर काफी लोग जमा थे और चुनाव परिणाम को लेकर तर्क वितर्क के साथ-साथ अपना-अपना समीकरण एक दूसरे को समझा कर जीत हार का परिणाम तय कर रहे थे। लोगों से जानने का प्रयास किया गया कि अब तो चुनाव परिणाम सामने आने वाला है फिर भी आप लोग इतना परेशान क्यों हैं। कुछ लोगों ने वेवाक तरीके से अपनी बातों को रखते हुए कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा का चुनाव पूरे झारखंड का सबसे हॉट सीट बन गया है क्योंकि इस वर्ष जनबल से ज्यादा चर्चा धनबल की है। उत्सुकता है कि ऐसी स्थिति में क्या परिणाम सामने आता है। हालांकि चर्चा में भारतीय जनता पार्टी तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा समर्थक भी थे, जो अपनी-अपनी विचारों और समीकरणों को प्रस्तुत कर अपनी पार्टी की जीत को सुनिश्चित बताने में लगे हुए थे। वर्तमान परिणाम जो भी हो, लेकिन विगत 20 वर्षों के चुनाव का आकलन किया जाये, तो निश्चित रूप से इस बार का चुनाव विशेष कर गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के लिए विशेष है। क्योंकि एक और विकास पुरुष के नाम से जाने जा रहे मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है, तो दूसरी ओर दो बार विधायक रह चुके भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्र नाथ तिवारी की भी राजनैतिक प्रतिष्ठा दांव पर है।

**प्रारूप C-1**

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार
(पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम :- **अशोक भारती**
राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा**
स्वतंत्र अभ्यार्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें ।
निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **27, चतरा आ.ज**

मैं **अशोक भारती** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ:-

(A) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | CJM | सदर थाना कांड संख्या 273/2023 | जमानत पर | 148, 149, 341, 342, 477 138, 290, भा.द.वि. |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियों) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|

ह0/-
**अशोक भारती**
झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रान्तिकारी मोर्चा
27- चतरा, झारखण्ड विधानसभा 2024

## दामाद ने ससुर की कुदाल से मार कर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी थानांतर्गत पोसेया ग्राम निवासी रमय पाहन नामक व्यक्ति ने किसी विवाद में अपने वृद्ध ससुर सतीश नाग (75 वर्ष) की गुरुवार को अपने घर के सामने ही कुदाल से मारकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर खूंटी थाना की पुलिस देर शाम पोसेया गांव पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को थाना ले गाई। पुलिस ने हत्याके के आरोपित रमय पाहन को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मुरहू के सीटी लोहाडीह गांव निवासी सतीश नाग गत बुधवार को अपनी बेटी के घर ग्राम पोसेया आया था। गुरुवार को दोपहर में खाना खाने के बाद किसी बात पर सतीश नाग की अपने दामाद रमय पाहन के साथ विवाद हो गया। इसी विवाद में आरोपित रमय राम ने अपने वृद्ध ससुर सतीश नाग पर कुदाल से जोरदार वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस के समक्ष आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। इस संबंध में आरोपित के विरूद्ध खूंटी थाने में हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया गया।

# निर्वाचन की प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि : निर्वाची पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** विधानसभा निर्वाचन के तहत 23 नवंबर को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र की होनेवाली मतगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना प्रक्रिया को सुचारू, निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्र ने मतगणना कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को कई निर्देश दिये। जिला निवार्ची पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोपरि है, सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का पूर्णतः अनुपालन करते हुए अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना प्रक्रिया और अंतिम परिणाम घोषणा के दौरान निर्धारित मानकों और नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाये। सभी आरओ, एआरओ और अन्य संबंधित पदाधिकारी इसका अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को सुबह निर्धारित समय पर मतगणना स्थल पर पहुंचने और अपनी भूमिका निभाने के लिए निर्देशित किया गया। मतगणना के दौरान इवीएम और वीवीपैट की गणना और सत्यापन सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया। मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति दिए जाने की बात कही गई। मतगणना के दौरान राउंड वार आनेवाली रिपोर्ट को मीडिया के साथ नियमित रूप से साझा करने को लेकर मीडिया सेंटर को सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया। ज्ञात हो कि 13 नवंबर को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान के पश्चात बिरसा कॉलेज खूंटी में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित इवीएम और पोस्टल बैलट को रखा गया है। खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 20-20 टेबल इवीएम के लिए और 11-11 टेबल पोस्टल बैलेट के लिए लगाये गये हैं। तोरपा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 13 राउंड में और खूंटी वधानसभा क्षेत्र की मतगणना 15 राउंड में पूरी होगी। 23 नवम्बर को प्रातःआइ बजे से पोस्टल बैलेट से हुए मतदान की मतगणना होगी और प्रातः 8.30 बजे से इवीएम के मतों की गणना होगी।

## खूंटी में अधिकारियों-कर्मचारियो को दिया गया मतगणना का प्रशिक्षण



खूंटी। लॉयला इंटर कॉलेज खूंटी में शुक्रवार को प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान के पश्चात 23 नवम्बर को होनेवाली मतगणना को लेकर विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को गहन प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना प्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं और अन्य कार्यों की जानकारी दी गयी। साथ हीं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना को लेकर जारी सभी एसओपी के संबंध में भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मियों को 23 नवबर को होनेवाली मतगणना के दिन ससमय मतगणना केंद्र पर उपस्थित होने और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरे उत्तरदायित्व और ईमानदारी पूर्वक मतगणना कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया।

## खनन टीम ने किया बालू घाटों का औचक निरीक्षण, मची अफरा-तफरी



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में खान निरीक्षक समीर कुमार ओझा के नेतृत्व में खनन टीम द्वारा स्वर्ण रेखा नदी घाटों का औचक निरीक्षण किया। टीम द्वारा जारगोडीह सहित कई बालू घाटों पर औचक धावा बोला। जारगोडीह जेएसएमडीसी के घाट के बगल में नदी घाट पर करीब 50 ट्रैक्टर बालू उत्खनन करते पाया गया। खान निरीक्षक को देखते ही ट्रैक्टर चालकों में अफरातफरी मच गया। ट्रैक्टरों से बालू खाली कर झाड़ी जंगलों कि ओर भागने लगा। पुलिस पहुंचते पहुंचते सभी ट्रैक्टर बालू खाली कर भाग खड़े हुए। औचक निरीक्षण से बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि जारगोडीह, बीरडीह आदि घाटों से अवैध तरीके से बालू का उत्खनन कर स्टोक यार्ड में भंडारण किया जा रहा है। खनन विभाग के पदाधिकारियों ने नदी घाटों पर ट्रैक्टर द्वारा बालू उत्खनन करते देखा गया मगर टीम का भनक लगते ही ट्रैक्टर से बालू खाली कर सभी ट्रैक्टर जंगल की ओर भाग गया।

## उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का हुआ आयोजन





खलारी (आजाद सिपाही)। उसुर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में सीबीएसई द्वारा जारी निर्देश पर आयोजित जनजातीय गौरव पखवाड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पखवाड़ा के तहत प्रथम दिन कक्षा आठ के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें आदिवासी जनजाति से जुड़े व्यंजन जैसे मड़ुवा रोटी, धुसका, आलू झोर, चावल आटा लड्डू, छिलका रोटी, पिट्ठा आदि का आनंद लिया गया। दूसरे दिन कक्षा छह और आठ के विद्यार्थियों ने अलग-अलग जनजातिय कलाओं का प्रदर्शन किया। जिसमें सोहराई, मधुबनी, वर्ली, गोंड आदि कलाओं से जुड़े चित्र एवं वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। तीसरे दिन कक्षा चार के विद्यार्थियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी का चित्रण किया गया। चौथे दिन कक्षा सात के विद्यार्थियों ने बिरसा मुंडा और सिद्धू-कान्हू के जीवन पर नाटक प्रस्तुत किया। जिसमें हूल आंदोलन और उलगुलान आंदोलन को दशार्या गया। पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के सभी जनजातीय भाषाओं पर सामूहिक गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें कक्षा पाँच से आठ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिकाओं ने भी अपनी सहभागिता देते हुए पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिकाओं ने संताली, पाइका, खड़िया, सादरी, मुंडारी, कुडुख और हो नृत्य और गान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका आरती तिर्की, नॉर्बरता टोप्पो, अलका राही, रोजी मगदली टोप्पो, षिक्षक मुकेश कुमार सिंह, जॉन डुंगडुंग, ऑगस्टीन टोप्पो की सराहनीय भूमिका रही। वहीं प्राचार्या सिस्टर जयंती ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुबी सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बच्चों की पढ़ाई के साथ संस्कार भी जरूरी : डॉ रिशु चौधरी



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शुक्रवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी परामर्श कक्षा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम में स्कूल की प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार और अच्छी आदतों को सिखाने के लिए ब्रह्माकुमारी परामर्श कक्षा का आयोजन किया गया है। इस तरह के आयोजन करने का मुख्य उदेश्य बच्चो मे संस्कार और अच्छी आदतों के प्रति जागरूक करना है। बहन प्रतिभा ने कहा कि बच्चों को सबसे पहले सभी का सम्मान करना और अपने से बड़ों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। इस कार्यक्रम में बच्चों की एकाग्र शक्ति को बढ़ाने के कई उपाय बताया गया। उन्होंने बच्चों को हर परिस्थिति में सकारात्मक रूप अपने के लिए कहा शिक्षा ग्रहण कर अंधेरे से प्रकाश की ओर बढ़ाने की जानकारी दी। इस परामर्श कक्षा में स्कुल के कक्षा आठवीं से कक्षा दसवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी, भूमि बहन, प्रीति बहन, प्रतिभा देवी, अशोक मंडल, प्रेमचंद कुमार, शिक्षक एके लाल, एपी द्विवेदी, सीएस सिंह, एके घोष सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# किसके सिर सजेगा ताज, फैसला आज

आजाद सिपाही संवाददाता



गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, विकास मुंडा, दयमंती मुंडा और सुरेश मुंडा।

**तमाड़।** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मभूमि और कर्मभूमि तमाड़ में विधानसभा चुनाव का गिनती आज होने से किसकी जीत होगी व किसकी हार होगी पता चल जायेगा। तमाड़ में एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे का मुकाबला है। यहां 18 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। एनडीए गठबंधन से जदयू के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर है, वहीं इंडिया गठबंधन से झामुमो उम्मीदवार विकास कुमार मुंडा है, वहीं रेस में सीपीआईएम माकपा के सुरेश मुंडा और जयराम की पार्टी से दयमंती मुंडा है। किस्मत का पिटारा खुलते ही वोटरों का मुड समझ में आने लगेगा। पांच साल के इस महापर्व में जीत का तिलक किसके माथे पर लगेगा वह वोटों की गिनती के साथ पता चल जायेगा। लोग शनिवार को रूझान जानने के लिए बैचेन होंगे। पिछले एक महीने दस दिनों तक नेता उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं ने खुब पसीना बहाया है, जिसका परीक्षा का परिणाम आज आ रहा है। कुछ लोगों ने मंदिरों, मस्जिदों और गुरूद्वारा में माथा टेक कर मनौती भी रखें है, वह आज पुरे होने वाले हैं। इसके बाद सरकार बनने से विकास सरपट दौड़ेगी। बुंडू प्रखंड क्षेत्र में 1 से 90 बुथों पर 50 हजार 751 अड़की प्रखंड क्षेत्र में 91 से 166 बुथो पर 35 हजार 810 और तमाड़ प्रखंड क्षेत्र में 167 से 303 बुथों पर 76 हजार 46 मत पड़े, कुल एक लाख 62 हजार 607 वोटों की गिनती होगी, जो वोटरों ने डालें है। सुबह आठ बजे से गिनती चालू होगी। एक दो राउंड के बाद पता चल जायेगा कि रूझान किस ओर है, वे मतगणना स्थल से निकलते रहेंगे। कुल मिलाकर आज का दिन ऐतिहासिक दिन होगी। उंट किस करवट बैठेगा, यह रूझान से ही पता चल पायेगा।

# झाड़ियों से मिला व्यक्ति का कंकाल, 39 दिन से थे लापता

आजाद सिपाही संवाददाता





**खलारी।** झारखंड की राजधानी रांची जिला अंतर्गत मैक्लुस्कीगंज थाना के बघमरी पिकेट से करीब 200 मीटर दूर झाड़ियों से पुलिस ने एक कंकाल बरामद किया है। यह बरियातू प्रखंड के पहले उपप्रमुख रहे 47 वर्षीय गौरी शंकर उरांव का कंकाल बताया जा रहा है, जो 39 दिनों से लापता थे। इसे लेकर बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने बताया कि कंकाल के पास से मोबाइल, बाइक, पर्स सहित कई अन्य चीजें भी बरामद हुई हैं। हालांकि, पुलिस द्वारा बरामद किए गए कंकाल का डीएनए परीक्षण कराया जायेगा। फिलहाल, इस मामले में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। बता दें कि पूर्व उपप्रमुख गौरी शंकर उरांव की पत्नी लक्ष्मी देवी के मुताबिक 14 अक्टूबर को गौरी शंकर निजी काम से रांची गये थे। वह 15 अक्टूबर को बाइक से अपने घर खुटेरबर लाटू, बरियातू वापस आ रहे थे। इसी बीच रात करीब 8:30 बजे वह बालूमाथ के झाबर गांव के राजकुमार उरांव के साथ मैकलुस्कीगंज के एक होटल में खाना खा रहे थे। तभी उन्हें किसी का फोन आया, इस पर वह खाना छोड़कर ही बाहर निकले। फिर राजकुमार को बिना कुछ बताये गौरी मोटरसाइकिल लेकर बालूमाथ की ओर निकल गये। लेकिन जब वह देर रात तक घर नहीं पहुंचे, तो रात के लगभग 11:30 बजे पत्नी ने उन्हें कॉल किया, मगर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वहीं, गौरीशंकर की लास्ट लोकेशन बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया की मिली है, जबकि इसके बाद गौरी शंकर उरांव का फोन ऑफ हो गया था। इस कारण किसी अनहोनी की आशंका से परेशान होकर गौरी शंकर की पत्नी ने बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन दिया और पति की सकुशल बरामदगी की गुहार लगायी। पूर्व उपप्रमुख के लापता होने के दूसरे दिन से ही बालूमाथ पुलिस चंदवा, बरियातू, खलारी सहित कई संभावित जगहों पर उनकी खोजबीन कर रही थी, लेकिन कुछ भी नहीं पता चल सका था।

# इटकी आरोग्यशाला में ठंड से मरीजों की लग रही है भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** इटकी क्षेत्र के मौसम के गिरते पारा के कारण कड़ाके की ठंड के चपेट में आकर लोग कई बिमारियों शिकार हो रहे है। बिमारियों से पिड़ितों की लम्बी कतार इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के आउटडोर सहित अन्य अस्पतालों में देखी जा सकती है। सबसे ज्यादा बिमार बुजुर्ग और बच्चे पड़ रहे है। खाश कर टीबी,अस्थामा, सर्दी जुकाम, खांशी और सांस की समस्या जैसी रोग से लोग पिड़ित हो रहे है। बढ़ती ठंड के कारण इन मरीजों की परेशानी बढ़ने लगी है। मौसम में उतार चढ़ाव के कारण वायरल संक्रमण, सर्दी- खांशी जुकाम, ब्लड प्रेशर,डायबिटिज, हार्ट, निमोनिया सहित शरीर के जोड़ो में दर्द से जैसी अन्य बिमारी का प्रकोप बढ़ा है। प्रत्येक दिन आरोग्यशाला के आउट डोर में टीबी सहित अन्य सामान्य रोग के इलाज के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे।

**इटकी आरोग्यशाला के आउट डोर में अबतक 10,866 मरीज इलाज के लिए पहुंचे :** आरोग्यशाला के आउट डोर में पिछले जनवरी माह से लेकर 20 नवम्बर तक 10,866 मरीजों ने टीबी सहित अन्य रोगों का इलाज करा चुकें है। जिसमें महिला रोगी 4670 जबकि पुरुष 6196 रोगी शामिल है। टीबी और सामान्य मरीजों को निःशुल्क इलाज कर दवा उपलब्ध करा दी जाती है किन्तु गंभीर बिमारियों के लिए चिकित्सकों द्वारा उचित पारामर्स देकर संबंधित अस्पतालों में इलाज कराने सलाह देते है।

### खान पान और नियमित दिनचर्या पर रखें ध्यान, बुजुर्ग बच्चों को लेकर रहें सचेत : यक्ष्मा आरोग्यशाला अधीक्षक

इटकी यक्ष्मा आरोग्यशाला के अधीक्षक प्रभाकर कुमार भगत ने इस बढ़ती ठंड के प्रति लोगों को सचेत करते हुए कहा कि ठंड के कारण बिमारियों का सामना करना पड़ सकता है। खाश कर बच्चे और बुजुर्ग प्रभावित हो सकते है। इसके लिए खान पान के साथ दिनचर्या में बदलाव और पहनावा में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। खाश कर टीबी रोगी, अस्थामा और सांस की समस्या से पिड़ितों को सावधानी बरतने की अत्यंत जरूरी है। गुनगुने पानी से स्नान, गर्म खाना और प्रतिदिन शारीरिक परिश्रम करने से ठंडा के प्रकोप से निजात मिलेगी। बिमार हो तो चिकित्सकों का परामर्श के बाद दवा लें।

# खूंटी और तोरपा सीट से विनर और रनर के फैसले को लेकर आज छंटेगी धुंध

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र से विधायक बनने की उम्मीद पाले दलीय और निर्दलीय उम्मीदवारों की किस्मत का ताला खुलने में महज चंद घंटे रह गये है। 23 नवंबर को यह साफ हो जायेगा, किसके सिर पर ताज और किस पर गाज गिरेगी। खूंटी और तोरप सीट से विनर और रनर के फैसले को लेकर अब भी धुंध बरकरार है। कोई भी राजनीतिक दल या राजनीति के जानकारी इन दोनों सुरक्षित सीटों के बारे में कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। इस क्षेत्र की राजनीति में गहरी पकड़ रखनेवाल और पिछले तीन दशकों से रानीति में सक्रिय रहे संतोष जायसवाल और धर्म्रेद कुमार सहित अन्य लोग भी इतना ही कहते हैं कि खूंटी और तोरपा में 23 नवंबर को या तो कमल खिलेगा या फिर तीर धनुष अपना जलवा दिखायेगा, यह कहना मुश्किल है। चाय की दुकानों में चाय की चुस्कियां के बीच चुनाव के परिणाम को लेकर मानो लोगों में जंग छिड़ गयी है। एक ओर भाजपा समर्थक दोनों सीटों पर कमल खलने का दावा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थक परिणाम को लेकर काफी उत्साहित है। लोग इस बात का कयास लगाने में मगन है कि पिछले पांच चुनाव से लगातार जीत का सेहरा अपने सिर पर बांधने वाले भाजपा के विधायक और खूंटी के चुनावी मैदान में किस्मत आजमा रहे नीलकंठ सिंह मुंडा क्या अपनी साख बचा पाएंगे या खूंटी विधानसभा सीट पर कोई नया इतिहास लिखा जायेगा। तोरपा विधानसभा सीट से भी जहां एक ओर तीन बार विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी कोचे मुंडा के समक्ष प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती है। दूसरी ओर झामुमो समर्थक इस बात को लेकर आश्वस्थ हैं किइस बार तीर धनुष अपना कमाल दिखायेगा। ज्ञात हो कि खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट पर झामुमो और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। बता दें कि खूंटी से भाजपा के नीलकंठ सिंह मुंडा और झामुमो के राम सूर्या मुंडा सहित 11 उम्मीदवार चुनाव मैदान में है, वहीं तोरपा में भाजपा के कोचे मुंडा और झामुमो के सुदीप गुड़िया सहित 12 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं।

### कहीं लग रही है रसगुल्ले की बाजी, तो दारू-मुर्गा पर दाव

खूंटी जिले का शहरी क्षेत्र हो या गांव अथवा कस्बा, इन दिनों सिर्फ एक चर्चा है कि आखिर इन दोनों सीटों पर जीत सेहरा किसके सिर पर सजेगा और कौन अपनी किस्मत पर रोयेगा। दोनों विधानसभा सीटों पर हार-जीत की गणित इस कदर उलझी हुई है कि हर कोई अपने समीकरण के आधार पर हार-जीत की भविष्यवाणी कर रहा है। परिणाम को लेकर आम लोगों में उत्साह इस कदर हावी है कि समर्थक हार-जीत को लेकर शर्त तक लगा रहे हैं। कहीं रसगुल्ले की बाजी लग रही है, तो कहीं दारू मुर्गा का दांव लगाया जा रहा है। खैर परिणाम जो भी हो, पर पूरा क्षेत्र राजनीति के रंग में रंग गया है और लोग परिणाम का बेसब्री से इंतजार करे हैं।

### आज बिरसा कॉलेज में की जायेगी मतगणना

विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 13 नवंबर को हुए मतदान के वोटों की गिरती 23 नवंबर को सुबह आठ बजे से बिरसा कॉलेज खूंटी में बनाये गये मतगणना केंद्र पर होगी। सुबह आठ बजे से बैलेट पेपर से हुए मतदान की गणना होगी और सुबह साढ़े आठ बजे से इवीएम के मतों की गिनती की जायेगी। तारपा विधानसभा के वोटों की गिनती 13 राउंड में और खूंटी विधानसभा क्षेत्र की गणना 15 राउंड में होगी। दोपहर 12 बजे तक रुझान आना शुरू हो जायेगा।

# दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामशोभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन चुट्टुपालू, रामगढ़ में सेल्फ डिफेंस पर दो दिवसीय वर्कशॉप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर ज्योति वालिया, मुख्य अतिथि हेड कांस्टेबल, बीएसएफ, गुलजार अहमद, सीनियर कांस्टेबल पाटिल गणेश और कांस्टेबल महेश सोनेवने और सभी व्याख्याताओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रथम दिन 22 नवंबर को आइक्यूएसी कोर्डिनेटर और एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर अभिषेक कुमार पांडेय के द्वारा मुख्य अतिथिगण का स्वागत किया गया। सीनियर कांस्टेबल पाटिल गणेश ने विद्यार्थियों को तरह-तरह के सेल्फ डिफेंस के टेक्निक्स सिखाएं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर ज्योति वालिया ने कहा ने कहा, सेल्फ डिफेंस का अर्थ स्वयं की रक्षा करने से है। भारत का संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को स्वयं की रक्षा हिफाजत के अधिकार देता है। आज के समय में सेल्फ डिफेंस की जानकारी सभी को होनी चाहिए। प्रशिक्षु नम्रता 24-26 के द्वारा प्रश्न भी पूछा गया कि अगर कोई बाल पकड़ता है, तो हम अपने आप को कैसे डिफेंस कर सकते है। लड़कियों को रोजमर्रा की वस्तुओं जैसे कि चाबी का गुच्छा, दुपट्टा, स्टोल, मफलर, बैग, पेन/पेंसिल, नोटबुक आदि को अवसर के हथियार/स्व-रक्षा के तात्कालिक हथियार के रूप में अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करना सिखाया। महाविद्यालय के शारीरिक प्रशिक्षक श्री दिनेश के नेतृत्व में इस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यातागण सहित प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# अमेठिया नगर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम के अमेठिया नगर में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन दुर्लभ है। इसलिए ऐसे कर्मों से सार्थक करें कि समाज आपको याद रखे। कथा वाचन के लिए बनारस से पंडित आचार्य संजय कृष्ण त्रिपाठी आमंत्रित है। उन्होंने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके श्रवण मात्र से मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कार्यक्रम का संचालन धनंजय त्रिपाठी ने किया। इस आयोजन में मुन्ना सिंह, अजय सिंह, शत्रुधन सिंह, संतोष राय, सुभाष प्रसाद, गुड्डू सिंह, अरुण तिवारी और ममता सिंह का विशेष योगदान रहा। कथा एक सप्ताह तक चलेगी।

# बेड़ो में सड़क हादसा, चार घायल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी चौक के समीप शुक्रवार की शाम 5.30 बजे दो बाइक की आमने-सामने की हुई टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा व ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ कुसुमलता ने प्राथमिक इलाज के बाद विशेश्वर महतो व विष्णु उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इधर, घायलों में एक बाइक पर सवार पुरना पानी बेड़ो निवासी विष्णु उरांव (25) शामिल है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार विशेश्वर महतो (35), सुरेश उरांव (40) और सोमरा मुंडा (40) बेड़ो के कादोजोरा के रहने वाले हैं। जो जहाना बाजार से अपने घर जा रहे थे।

# झारखंड में फिर बन रही है हेमंत सोरेन की सरकार : महेश-सुषमा

## कहा- आइएनडीआइए गठबंधन 42 से 45 विस सीटें जीतेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



महेश कुमार महीष और सुषमा देवी की फाइल फोटो।

**कांके।** झारखंड में फिर से आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनने जा रही और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ही होंगे। उक्त बातें रांची जिला कांग्रेस के महासचिव महेश कुमार मनीष और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री सुषमा देवी ने कही। दोनों ने दावा किया है कि आइएनडीआइए गठबंधन 42 से 45 विस सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत के साथ फिर से सरकार बनाएगी। वहीं, कांके विस से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा और रामगढ़ विस से ममता देवी भी 8 से 10 हजार वोट से जीतेंगें। दोनों ने कहा कि भाजपा के झारखंड प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री व झारखंड के सह चुनाव प्रभारी हेमंत विश्व सरमा की कार्यशैली व काटने बांटने के लहजे को जनता ने सिरे से खारिज कर दिया है। कहा कि जिस तरह से भाजपा के बड़े नेताओं ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाकर लोगों के बीच नफरत पैदा करने की कोशिश की उसे वोट की चोट देकर जनता ने सिरे से नकार दिया है। कहा कि झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बन रही और हेमंत सोरेन दोबारा मुख्यमंत्री बन रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, शिवराज सिंह चौहान, हिमंता बिश्व सरमा और राजनाथ सिंह जैसे भाजपा के बड़े नेताओं का जादू झारखंड में बेअसर रहा। पूरे चुनाव में भाजपा नेताओं ने यहां के आदिवासियों-मूलवासियों को लड़ाने की कोशिश की। लेकिन झारखंड की जनता ने धर्म और जाति की राजनीति करने वालों को वोट की चोट से करारा जवाब दिया है। भाजपा की अब उल्टी गिनती झारखंड से ही शुरू होगी।

# रातू के तिलता से लोडेड पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**चार कारतूस व एक मोबाइल फोन भी जब्त**


**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के तिलता से पुलिस ने लोडेड पिस्तौल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बिहार के कैमूर जिले के दुर्गावती थाना अंतर्गत छाता गांव निवासी सोनू गुप्ता (220 के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि रातू थाना अंतर्गत तिलता के पास एक संदिग्ध युवक घूम रहा है। सूचना के बाद पुलिस उपाधीक्षक 2 अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। शुक्रवार की सुबह 6.45 बजे पुलिस तिलता ओवरब्रिज के पास पहुंची। हालांकि



गिरफ्तार आरोपित की जानकारी देते डीएसपी अरविंद कुमार व अन्य।

पुलिस को देखते ही युवक वहां से भागने लगा। पर पुलिस ने उसे खदेड़कर पकड़ा लिया। तलाशी में युवक के कमर से एक पिस्टल, चार जिंदा कारतूस व एक मोबाईल बरामद किया गया है। पुलिस युवक के खिलाफ कांड संख्या 380 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस दौरान छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय-02 अरविंद कुमार, पुनि सह रातू थाना प्रभारी रामनारायण सिंह,पुअनि उमेश कुमार सिंह, पुअनि विशेश्वर कुमार, पुअनि अनुरंजन कुमार, पुअनि छोटू कुमार, पुअनि नवीन शर्मा, सअनि सुनील कुमार सिंह, आनंद पांडेय और निर्भय कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# लापुंग में धान की कटनी 50 फीसदी खत्म, पर सरकारी धान क्रय केंद्र अभी तक नहीं खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड में चुनाव महापर्व के साथ ही धान कटनी की शुरूआत हो गयी है। लगभग 50 पीसदी धान की कटनी हो गई है। इसके बावजूद झारखंड सरकार ने धान की खरीद शुरू नहीं की है। लापुंग के 11 पंचायत में कुल 87 गांव है। यहां के 90 फीसदी जनता खेती पर आश्रित है। साल भर में मात्र एक खरीफ फसल की खेती होती है। यहां सिंचाई की सुविधा नगण्य है। लापुंग में 11 पंचायत में 11 लैंपस है पर किसानों को इसका लाभ नहीं मिलता है। लापुंग में धान व सब्जी मंडी नहीं है। यहां के किसानों को मंडी के अभाव में औने-पौने दाम में बिचौलिया के हाथों में धान और सब्जी बेची जाती है।

# शोध को प्रभावी बनाने को लेकर झारखंड शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण की हुई बैठक

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रांची के तत्वाधान में शुक्रवार को जेसीईआरटी अनुसंधान कोषांग की एक महत्त्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे शोध-अनुसंधान पर चर्चा की गई। यथा शोध करने के क्रम में आ रही समस्याएं, उसपर समाधान कैसे की जाए, उसके प्रभावी निष्कर्ष को शिक्षा के क्षेत्र में कैसे उपयोगी बनाएं, जिससे अधिक प्रभावी प्रतिफल मिले इस पर चर्चा की गई। जेसीईआरटी शोध कोषांग की इस बैठक में उप निदेशक प्रदीप



कुमार चौबे, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह शोध प्रभारी नवीन कुमार बाड़ा, शोध सलाहकार अनुराधा रानी, शोध सीआरजी प्रीति पूनम कुजूर, अनुसंधान विशेषज्ञ डां अंजना सिंह, संत जेवियर कॉलेज के सहायक प्रोफेसर अंजु रोजो के साथ विभिन्न डापर से आए संकाय सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# पिपरवार में खुलने वाली भूमिगत खदान में स्थानीय लोगों को मिले रोजगार : ट्रस्ट



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को हयुमन रिसोर्स डेवलपमेंट एंड रिसर्च फाऊंडेशन ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के मतीउल रहमान और संचालन विकास खलको ने किया। बैठक में क्षेत्र में उत्पन्न प्रदूषण जैसी गंभीर समस्या पर विचार विमर्श किया गया एवं बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे स्थानीय युवकों को रोजगार दिलाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में पिपरवार में खुलने वाली नयी भूमिगत खदान में स्थानीय लोगों को रोजगार देने और राजधर साईडिंग सेलो से निकलने वाले सभी मालगाड़ी पर त्रिपाल लगाने की मांग स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त समस्या के समाधान की मांग को लेकर ट्रस्ट के द्वारा जल्द ही स्थानीय प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा जायेगा। ज्ञापन के बाद यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो ट्रस्ट के द्वारा पूरे क्षेत्र में उग्र आंदोलन किया जायेगा। बैठक को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष जाहिद अली ने कहा कि अपनी ही जमीन देकर सीसीएल को कोयला खदान खोलने देने वाले रैयत ग्रामीणो की समस्या पर प्रबंधन का कोई ध्यान नही है। क्षेत्र में दर्जनों प्राइवेट कंपनी संचालित है, लेकिन स्थानीय युवकों को उसमें रोजगार नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण स्थानीय युवक पलायन करने को मजबूर है। प्रबंधन इस पर ध्यान देते हुए स्थानीय लोगों को उक्त कंपनी में रोजगार दिलाने का काम करें। इसके अलावा राजधर साईडिंग सेलो से निकलने वाले मालगाड़ी से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण से स्थानीय ग्रामीण पूरी तरह से परेशान है। ट्रस्ट के द्वारा सभी मालगाड़ियों पर त्रिपाल लगाने की मांग की जाती है। बैठक मे जाहिद अली, मतिउल रहमान, विकास खलखो, निजाम अंसारी, बिरेंद्र उरांव, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद नासिर, मोहम्मद अनवर, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बच्चों के लिए नवगठित कानूनी सेवा शाखा का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# कानूनी और नीतिगत ढांचों के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** नालसा की ओर से संचालित बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं योजना 2024 के तहत रांची डालसा में बच्चों के लिए नवगठित कानूनी सेवा यूनिट के सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण रांची व्यावहार न्यायालय के प्रक्षिण हॉल में शुक्रवार से शुरु हुआ। जिसका उद्घाटन गणमान्य लोगों ने किया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, अपर न्यायायुक्त-3 आनंद प्रकाश, अपर न्यायायुक्त 7 विशाल श्रीवास्तव, अपर न्यायायुक्त-4 सह पोक्सो जज मो आसीफ ईकबाल, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश -2, अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार सिंह, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालमुकुंद रॉय, डालसा सचिव सहित अन्य उपस्थित थे। प्रथम सत्र में अपर न्यायायुक्त-4 सह पोक्सो जज मो आसीफ ईकबाल ने बच्चों के मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं नवसंचालित योजना-2024 एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनी




पहलुओं पर अपने विचार रखते हुए इसके प्रावधानों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। द्वितीय सत्र में जिला समाज कल्याण विभाग के सुपरवाईजर छवि पाठक, रांची डीसीपीयू के सीमा जी एवं एनयूएसआरएल के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ श्यामला कंडाडाई ने बच्चों के संदर्भ में कानूनी और नीतिगत ढांचों के बारे में प्रशिक्षण दिया एवं विभिन्न उदाहरणों के साथ किस तरह बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका विश्वास प्राप्त कर उनकी सहायता की जा सकती है, इस पर विस्तार से बताया। बच्चों से संबंधित चल रहे विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाएं और उनसे बच्चों को जोड़ने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। जबकि, तृतीय सत्र में सीडब्ल्यूसी रांची के सदस्य प्रियरंजन, विनय कुमार श्यामा एवं अंशुमाला ने बच्चों से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कार्यवाही और हस्तक्षेप, देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों को कानूनी सेवाएं, सीडब्ल्यूसी परिवार आधारित देखभाल, सीसीआई अपराध के पीड़ित, गुमशुदा/तस्करी किए गए बच्चों और बाल श्रम से बचाए गए बच्चों के लिए पुलिस स्टेशन आदि विषयों पर विस्तार से अपनी बातों को रखा। उन्होंने प्रेमाश्रय, बालाश्रय एवं विभिन्न चाईल्ड देखभाल संस्थानों में वैसे बच्चे, जिनके माता-पिता या अभिभावक या उनकी सुध लेनेवाला अगर निर्धारित अवधि के भीतर उनके समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं, तो ऐसी स्थिति में वैसे बच्चों को उनके देखभाल के लिए विभिन्न अधिकृत चाईल्ड केयर इंस्टीटयूशन को सौंपे जाने की प्रक्रिया के बारे में बताया। बच्चे और अभिभावक के काउंसलिंग की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया, ताकि उसका पुनर्वास हो सके। चौथे सत्र में प्रधान मजिस्ट्रेट जेजे बोर्ड, रांची अमित गुप्ता एवं बोर्ड के सदस्यों ने जेजे एक्ट के प्रावधानों के बारे में विस्तार से चर्चा की। सीसीआई के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही नालसा योजना-2024 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुपालन पर प्रकाश डालते हुए विशेष विधिक सेवा ईकाई के सदस्यों को उसके जिम्मेदारी से अवगत कराया।

# राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में सीसीएल सीएसआर योजना के तहत लगा स्वास्थ्य जांच शिविर




**खलारी (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बुकबुका में सीसीएल, सीएसआर योजना के तहत सेंट्रल हॉस्पिटल डकरा एनके क्षेत्र की मेडिकल टीम के द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉक्टर ष्वेता सुमन ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के अलावा आसपास के ग्रामीणों का भी स्वास्थ जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। साथ सभी को जांच के उपरांत निःशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। षिविर को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरलाल सतनामी ने कहा कि षिविर लगने बच्चे एवं ग्रामीण काफी उत्साहित थे। साथ ही सभी ने सीसीएल सीएसआर टीम एवं मेडिकल टीम के प्रति आभार भी प्रकट किया है। इस अवसर पर मेडिकल टीम में षामिल गोपीनाथ, सिस्टर रीता एक्का, प्रेम कुमार प्रजापति, बुटकी देवी के अलावा विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमरलाल सतनामी, शिक्षक जगदीश नायक, कुलदीप एक्का, सुषमा देवी, प्रतिमा एक्का, सुनीता देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# ट्रक मालिकों ने बैठक कर भाड़ा बढ़ोतरी का लिया निर्णय



**खलारी (आजाद सिपाही)।** चूरी कॉलोनी में शुक्रवार को भाड़ा बढ़ोतरी के निर्णय को लेकर ट्रक मालिकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विकास दुबे और संचालन भोला पांडे ने किया। बैठक के दौरान ट्रक मालिकों की माली हालत पर चर्चा करते हुए भाड़ा बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया। इस मौके पर विकास दुबे ने कहा कि चूरी परियोजना से रोड सेल का कोयला उठाव काफी कम भाड़ा में किया जा रहा है। जिसके कारण ट्रक मालिकों की परेशानी काफी बढ़ गयी है। डीजल और पार्ट्स की कीमत में बढ़ोतरी होने के कारण कम भाड़ा में गाड़ी चलाने में काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नया कोयला का उठाव भाड़ा वृद्धि के साथ किया जायेगा। लिफ्टरों को इसके लिए तैयार रहना होगा। अन्यथा कोयला का उठाव पूरी तरह से बंद करते हुए सभी ट्रक मालिक हड़ताल पर चले जायेंगे। बैठक में सतीश चैबे, गुड्डू गिरी, गौतम थापा, अशोक महतो, छोटे सिंह, संटू सिंह, अनुज दुबे, विनोद प्रसाद, आदित्य मंगल यादव, गुड्डू सिंह, अमित श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, रणविजय सिंह, विक्की सिंह, सचिन बनर्जी सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

# बीकेबी मेमोरियल स्कूल में गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा स्थित बीकेबी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा के जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के झारखंड के प्रांत श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा, विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक सहित अन्य शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि प्रदान की। मौके पर मुसाफिर विश्वकर्मा ने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें भगवान बिरसा मुंडा की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर विश्वकर्मा ने वीर शहीदों की कुबार्नी व्यर्थ न जाने देंगे हम.जैसे वीर रस से ओतप्रोत गीत गाकर बच्चों में उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और बाल संसद के पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित कर भगवा‍न बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि प्रदान की। मौके पर श्री लच्छुधान बोदरा (उपसचिव), प्रभंजन नाग, सत्येंद्र कुमार गोप, मोबशीर खान, सावित्री कुमारी, रजनी तोपनो, दीपमाला कुमारी सहित बाल संसद के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध बालू का परिवहन करते चार हाइवा को वन विभाग ने किया जब्त



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के वन प्रमंडल पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग के अधि्कारियों और कर्मचारियों ने गुरुवार कीर देर रात तोरपा थाना क्षे के गिड्डुम जंगल में छापामारी कर अवैध बालू लदे चार हाइवा को जब्त कर लिया। पकड़े गये हाइवा में जेएच 01 बीएक्स 1764, जेएचच01डीएम 0501, जेएच 01PXRYजी 8523 और जेएच 02 एवी 5630 शामिल हैं। जानकारी के अनुसार खूंटी के डीएफओ को गुप्त सूचना मिली थी कि गिड्डुम जंगल के पास कारो नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर उसका परवहन किया जा रहा है। डीएफओ के निदेश पर तोरपा और रनिया के विन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम का गठन कर जंगल में छामामारी कर उक्त चारों हाइवा को जब्त किया गया। इस संबंध में वन विभाग द्वारा शुक्रवार को सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। छामापारी टीम में प्रभारी वनपाल नितेश केशरी, प्रभारी वनपाल विनोद लुगुन, खूंटी के प्रभारी वनपाल प्रवीण सिंह और राकेश सिंह के अलावा अन्य वनकर्मी शामिल थे।

# नाबालिग छात्रा ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र के टुडू रमा गांव निवासी बिरसाय मुंडा की नाबालिक 11 वर्षीय पुत्री ने अपने घर में वृहस्पतिवार 21 नवंबर 2024 की शाम को तौलिया से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह आर सी प्राथमिक विद्यालय टुडू रमा की वर्ग 4 की छात्रा थी। मृतिका के माता-पिता अपने खेत मे धान काटने गये थे। भाई घर आया तो देखा उसकी बहन फांसी में झूल रही है। दौड़कर खेत गया और मां पिताजी को बुला लाया। सुबह में इसकी सूचना रायडीह थाना पुलिस को दिया गया। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। और गुमला सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया। घटना का कारण पता नहीं चल पाया है। माता-पिता भी हतप्रभ हैं कि उसकी बेटी आखिर ऐसा कदम क्यों उठाया? थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि इस आत्महत्या के मामले में पुलिस अनुसंधान में जुट गयी है।

### हिदायत : ड्राइरन का आयोजन, मतगणना की तैयारी पूरी, सुबह आठ बजे से होगी मतों की गिनती

# हार-जीत चुनाव प्रक्रिया का अंग, हथियार लहराने या फायरिंग करने पर होगी कार्रवाई : शशि रंजन

**मतगणना से जुड़े कर्मियों, सहायकों व पर्यवेक्षकों को सुबह पांच बजे से रिपोर्ट करने का दिया गया निर्देश**

## पलामू जिले के पांच विस सीटों की गिनती के लिए बनाये गये हैं 96 टेबल



गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित व्रज गृह व मतगणना स्थल का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद शनिवार को होने वाली मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। शुक्रवार को पलामू जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन, डीडीसी शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन और सभी आरओ समेत विभिन्न पदाधिकारियों की मौजूदगी में काउंटिंग के ड्राईरन का आयोजन किया गया। इससे पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित व्रज गृह व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान ब्रैकेडिंग, पंडाल व अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, काउंटिंग हॉल तक जाने वाले रास्ते, मीडिया सेंटर, मेडिकल सेंटर, खाने का स्टॉल व मतगणना कक्ष के कमरों की विभिन्न सुविधाओं का भी अवलोकन किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से जारी प्रवेश पत्र के माध्यम से ही मतगणना केंद्र पर प्रवेश कराया जायेगा। मतगणना केंद्र में तैनात मजिस्ट्रेट व्यक्ति की पहचान पत्र की सत्यता की जांच करने के बाद ही उसे एंट्री करायेंगे। तीन स्तर पर जांच होने के बाद कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र में प्रवेश कर सकेगा। मतगणना से जुड़े कर्मियों, सहायकों व पर्यवेक्षकों को शनिवार की सुबह पांच बजे से रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। बतातें चलें कि पलामू जिले के कुल पांच विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 96 टेबल बनाये गये हैं। वहीं पोस्टल बैलट के माध्यम से प्राप्त मतों की गणना के लिए 40 टेबल (प्रत्येक विधानसभा 8) बनाये गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर इंटरनेट व बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। शनिवार को मतगणना कर्मियों का रेंडमाइजेशन के बाद टेबल का निर्धारण कर लिया जायेगा जिसके बाद मतों की गणना शुरू की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशियों पर एफएसटी की पैनी नजर रहेगी। किसी भी कीमत पर कानून व नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हार-जीत चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है। इसे इसी रूप में देखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस में हथियार लहराने या हर्ष फायरिंग करने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## ब्लॉक कार्यालय के पीछे जमा कूड़े के ढेर से निकल रही दुर्गंध, लोग परेशान



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में कई जगहों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसे लेकर कई नगरवासियों ने बताया कि नप कर्मियों द्वारा सिर्फ होल्डिंग टैक्स और ट्रेड लाइसेंस बनवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। जबकि प्रखंड कार्यालय के पीछे काफी दिनों से कूड़े कचड़े की डंपिंग कर छोड़ दिए जाने से आस पास के क्षेत्रों में दुर्गंध फैल रही है। जिस कारण कई तरह की बीमारी फैलने की आशंकाओं से लोग चिंतित हैं। क्षेत्र में फैल रही गंदगी से स्वच्छ भारत अभियान भी बेअसर साबित हो चुका है। अलावे इसके एनएच 98 किनारे दोनों ओर कई जगहों पर गंदगी और कचरा बिखरा हुआ हैं। शहर से गांव को जोड़ने वाले कई रास्तों में भी गंदगी की भरमार है। इस कारण शहरवासियों और राहगीरों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। लोगों ने बताया कि बावजूद इसके नगर पंचायत की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर पंचायत कार्यालय के समीप खाली जगह पर जमा किए गए कूड़ों की ढेर की वजह से मच्छरों का भी काफी प्रकोप बढ़ गया है। जिसका खामियाजा आस पास के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्लस टू कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने उपस्थित बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच की और आवश्यकता अनुसार आयरन की टैबलेट उपलब्ध कराई, जो साप्ताहिक खानी होती है। स्वास्थ्य जांच में शारीरिक साफ सफाई के साथ ही स्वच्छ भोजन की महत्ता को भी बताया गया। साथ ही स्वास्थ्य जांच में प्रियंका कुमारी, प्रीती रानी और सीएचओ द्वारा हाथों को अच्छी तरह साफ करने के बारे में भी बताया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा लगभग 150 से अधिक बालिकाओं के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

## हुसैनाबाद सीओ ने जब्त किया 35 ट्रैक्टर डंप बालू



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एसडीओ कृष्णकांत कनवड़िया के निर्देश पर सीओ पंकज कुमार ने 35 ट्रैक्टर डंप बालू जब्त किया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा से 27 व बनकट गांव के समीप 8 ट्रैक्टर डंप किया गया बालू जब्त किया गया है। उक्त दोनों गांव के समीप अवैध तरीके से बालू डंप करने की लगातार सूचना मिल रही थी। जिसके आधार पर अभियान चलाकर कुल 35 ट्रैक्टर अवैध बालू जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सोनपुरवा से जब्त किए गये बालू को पंचायत सचिवालय में रखा गया है। जिसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी चौकीदार व मुखिया को दी गयी है। जबकि बनकट गांव से जब्त बालू को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में रखा गया है। आगे की कार्रवाई के लिए पलामू डीसी व जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दी गयी है। उक्त बालू के संबंध में अगर कोई व्यक्ति अपना कागजात प्रस्तुत करना चाहते हैं तो कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अवैध भंडारण के विरुद्ध यह अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## आरपीएफ ने शराब के साथ युवक को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** गढ़वा रोड आरपीएफ ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बिहार के नवादा जिला निवासी श्रवण कुमार के रूप में हुई है। युवक चोरी छिपे तीन बैग में शराब की बोतलों को भरकर अवैध रूप से लेकर जा रहा था। आरपीएफ ने गिरफ्तार युवक को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गढ़वा उत्पाद विभाग को सौंप दिया है। गढ़वा रोड आरपीएफ की यह कार्रवाई ऑपरेशन सतर्क के तहत किया गया। गढ़वा रोड आरपीएफ प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि गढ़वा रोड रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के क्षेत्राधिकार में अवस्थित गढवा टाउन रेलवे स्टेशन पर कैम्पिंग ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी जितेन्द्र कुमार मीणा व आरक्षी देव कुमार पांडेय गाडी संख्या 13349 सिंगरौली-पलामू एक्सप्रेस को पास कराने के लिए रात 10.30 बजे गश्त लगा रहे थे। तभीगढ़वा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 02/03 पर स्थित फुट ओभर ब्रिज के पास एक व्यक्ति दो पिठ्ठु बैग व एक कपड़ा का बैग लेकर खड़ा था। पास जाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम श्रवण कुमार बताया। उसके बैग की तलाशी लेने पर विदेशी खराब की कई बोतलें बरामद हुई। जिसकी किमती 34,950 रुपए है। उक्त शराब से संबंधित पूछने पर बताया कि बिहार में शराब बंदी के कारण वहां ले जाकर ऊंची कीमतों पर वह शराब बेचता है। इसके बाद आरपीएफ उक्त तस्कर व शराब को कब्जे में लेकर पोस्ट पर लाया। जिसके बाद उत्पाद विभाग गढवा के आरक्षी ओम प्रकाश सिंह को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया।

## 14 मार्च से आइपीएल-2025, फाइनल 25 मई को

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आइपीएल का अगला सीजन 14 मार्च 2025 से शुरू होगा। इसका फाइनल 25 मई को खेला जायेगा। आइपीएल ने इसकी जानकारी टीमों को गुरुवार को भेजे ईमेल में दी है। क्रिकइंफो के मुताबिक, आइपीएल ने सभी टीमों को अगले तीन सीजन का ड्राफ्ट शेड्यूल भेजा है, लेकिन संभावना है कि ये अंतिम तारीखें होंगी। 2026 सीजन 15 मार्च से 31 मई के बीच खेला जायेगा, जबकि 2027 सीजन 14 मार्च से 30 मई के बीच खेला जायेगा। 2025 सीजन में 74 मैच होंगे, जो पिछले तीन सीजन के बराबर है। हालांकि, इसके बारे में आइपीएल या बीसीसीआइ की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है। आइपीएल के भेजे ईमेल में दावा किया गया है कि अगले तीनों सीजन के लिए विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धि पर सहमति दे दी है। विदेशी खिलाड़ियों को उनके बोर्ड से इस दौरान खेलने की मंजूरी मिल गयी है। इसमें पाकिस्तान शामिल नहीं है।

## आयुष पद्धति से सफल इलाज के बाद बुजुर्ग के चेहरे पर आयी मुस्कान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** पीपरा प्रखंड के डिहरिया गांव निवासी पैरालाइसिस से ग्रसित 75 वर्षीय दिलीप साव की आखिरकार गांव के पास ही आयुष पद्धति से सफल इलाज के बाद उसके चेहरे पर मुस्कान लौट आयी। इससे पहले परिजनों ने कई जगहों पर उसका इलाज कराया पर सुधार नहीं हो सका। शुक्रवार को पीपरा प्रखंड क्षेत्र के अंधरीबाग खुर्द स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में इलाज के लिए पहुंचे बुजुर्ग दिलीप साव ने बताया कि पांच छह महीना पहले दाहिना हाथ में लकवा मार दिया था। वह कई अस्पताल में इलाज के लिए गये, लेकिन सुधार नहीं हो रहा था। इसी बीच जानकारी मिलने पर पांच महीना से हेल्थ वेलनेश सेंटर पर इलाज करा रहे हैं और काफी सुधार हुआ है। इस बाबत पूछे जाने पर हेल्थ वेलनेश सेंटर के प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुमार ने बताया कि आयुष पद्धति से विभिन्न रोगों का इलाज सहित असाध्य रोगियों का भी निःशुल्क इलाज किया जाता है। पैरालाइसिस से ग्रस्त बुजुर्ग दिलीप साव का सफल इलाज का परिणाम है।

## श्राद्धकर्म में केवल सेजिया दान नहीं, पौधा दान करने से मिलेगी मृतक की आत्मा को शांति : डॉ कौशल

आजाद सिपाही संवाददाता



पौधा लगाते व शपथ दिलाते पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल व पार्षद अमित।

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर अनुमंडल के कई गांवों के आधे दर्जन श्राद्ध कर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसस अवसर पर ट्री मैन डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में केवल सेजिया दान करने से नहीं, बल्कि पौधे लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी। उन्होंने बताया कि मुनकेरी पंचायत के मनहु गांव के नंदू साव की रांची के रिम्स अस्पताल में निधन की सूचना मिलते ही सदमे में उनके बड़े भाई झगर साव की भी मौत हो गयी थी, जबकि उसी परिवार के उनके चाचा सगुनी साव की मौत भी एक सप्ताह के भीतर हो गयी थी। कहा कि एक सप्ताह के भीतर एक ही परिवार से तीनों लोगों की अर्थी उठना काफी कष्टदायक था। उन्होंने सभी के अंतिम संस्कार में शामिल होकर संवेदना व्यक्त किया था। इसी तरह उन्होंने जिला पार्षद अमित जायसवाल के साथ डाली बाजार पंचायत के स्व सुनैना देवी एवं ग्राम कोकरो के स्व सोनू यादव और इटकदाग के स्व तारकेश्वर यादव के श्राद्ध में भी शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वनराखी मूवमेंट के प्रणेता डॉ कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। कहा कि यदि घर के मुखिया का साया सिर से हट जाए तो उनके नाम का फलदार पौधा आंगन में लगाने से उसकी छाया से उसकी मौजूदगी का अहसास होगा और लाभ भी मिलता रहेगा। वहीं, पार्षद अमित ने कहा कि किसी के घर शादी विवाह या किसी खुशी के मौके पर भले ही न जाय, लेकिन गम में जरूर शामिल होना चाहिए। इस मौके पर स्व नंदू साहब के पुत्र डोमन साव, राजन, सुदर्शन, सुधीर स्व झगर साव के पुत्र अर्जुन साव, सरजू, अरविंद, सुनील, स्व सगुनी साव के पुत्र शंकर, प्रसाद, सर्विस, निर्मल स्व तारकेश्वर यादव के पुत्र सुरेंद्र यादव, किशुन यादव, स्व सोनू यादव के पुत्र डॉ कृष्ण यादव, स्व सुनैना देवी के पुत्र शंभू सिंह, विजय सिंह, संजय सिंह, जय सिंह, डाली पंचायत के उप मुखिया अंसारी और बसंत विश्वकर्मा शामिल थे।

## स्पोर्ट्स



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ टेस्ट में शुक्रवार से शुरू मैट के पहले दिन 17 विकेट गिर गये। हालांकि बल्लेबाजी में फिलल भारतीय खिलाड़ी गेंदबाजी के बूते मजबूत स्थिति में पहुंच गयी है।

# पर्थ टेस्ट के पहले दिन गिरे 17 विकेट, भारत 150 पर ऑलआउट

## ऑस्ट्रेलिया का भी बुरा हाल, 67 पर गिरे 7 विकेट, कप्तान बुमराह को मिले 4 विकेट



**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को भारत मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। टीम 83 रन से आगे है और ऑस्ट्रेलिया के 3 ही विकेट बाकी है। ऑप्टस स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पर भारतीय पारी लड़खड़ा गयी और कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका और टीम 150 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलियाइ गेंदबाज जोश हेजलवुड ने चार विकेट लिए। हालांकि भारत ने गेंदबादी से कमबैक किया और ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट 59 रन पर ही गिरा दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 67 रन बना लिए। एलेक्स कैरी 19 और मिचेल स्टार्क 6 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। भारत से जसप्रीत बुमराह ने चार और मोहम्मद सिराज ने दो विकेट लिए।

### नीतीश रेड्डी ने 41 रन बनाए

भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। टीम ने 73 रन बनाने में अपने छह विकेट गंवा दिए थे। यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पडिक्कल खाता नहीं खोल सके। विराट कोहली ने 5 रन, ध्रुव जुरेल 11 और वॉशिंगटन सुंदर 4 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, डेब्यू कर रहे नीतीश रेड्डी ने 41 रन (59 बॉल) और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 78 बॉल पर 37 रन की पारी खेली। दोनों के बीच 7वें विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी हुई। वहीं, केएल राहुल ने 74 बॉल पर 26 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने चार विकेट झटके। पैट कमिंस, मिचेल मार्श और मिचेल स्टार्क को 2-2 विकेट मिले।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत:** जसप्रीत बुमराह (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, देवदत्त पडिक्कल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, नीतीश रेड्डी, हर्षित राणा और मोहम्मद सिराज।

**ऑस्ट्रेलिया:** पैट कमिंस (कप्तान), नाथन मैकस्वीनी, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लायन।


**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, गुमला।**
**विधानसभा निर्वाचन, 2024**
**(निर्वाचन व्यय कोषांग)**

ज्ञापांक ................../निर्वा0 व्यय को0 दिनांक –

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों/अभिकर्ताओं (67–सिसई, 68–गुमला, एवं 69–विशुनपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र) के निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने हेतु एक दिवसीय Facilitation Training Programme, Account Reconcillation gsrq Account Reconcillation meeting एंव निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने की अंतिम तिथि निम्नरूपेण निर्धारित की जाती है –

| क्र0 | दिनांक | कार्यक्रम | स्थान | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17.12.2024 | निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने हेतु एक दिवसीय Facilitation Training Programme | नया समाहरणालय भवन का सभा कक्ष | 11.00 बजे पूर्वा0 से |
| 2 | 19.12.2024 | Account Reconcillation meeting | पुराना विकास भवन का सभा कक्ष | 11.00 बजे पूर्वा0 से |
| 3 | 23.12.2024 | निर्वाचन व्यय लेखा जमा करने की अंतिम तिथि | पुराना विकास भवन का सभा कक्ष | 10.00 बजे पूर्वा0 5.00 बजे अप0 तक |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, गुमला।

PR.NO.340260 Election(24-25):D

# मतगणना आज, डीसी-एसएसपी ने किया मतगणना सेंटर का निरीक्षण

## ऑब्जर्वर-डीइओ रूम व मीडिया सेंटर में हाइ स्पीड इंटरनेट लगाने का निर्देश

**कृषि बाजार समिति की सुरक्षा चाक चौबंद, मीडिया कर्मी समाहरणालय परिसर में करेंगे वाहनों की पार्किंग**

### समाहरणालय से कृषि बाजार जाने के लिए रिंग बस या रिंग कार की रहेगी व्यवस्था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को कृषि बाजार स्थित काउंटिंग सेंटर का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी और बाघमारा विधानसभा के काउंटिंग हॉल, विधानसभा वार बनाए गए पोस्टल बैलट एवं इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट काउंटिंग हॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान काउंटिंग हॉल में मतगणना कर्मियों के बैठने, आरओ टेबल, कंप्यूटर सिस्टम सेटअप, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन, लाइट, पंखा, स्ट्रांग रूम से हॉल तक पहुंचने वाले मार्ग में बैरिकेडिंग आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्याशियों के बैठने, मीडिया सेंटर, हेल्प डेस्क, मेडिकल डेस्क, दीदी किचन समेत



कृषि बाजार समिति में बने मतगणना सेंटर का निरीक्षण करतीं जिला निर्वाचन पदादिकारी माधवी मिश्रा, एसएसपी व अन्य।

अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। डीसी ने सभी छह विधानसभा के जनरल ऑब्जर्वर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूम व मीडिया सेंटर में टीवी के साथ हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन लगाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सिविल सर्जन को भी काउंटिंग सेंटर में सभी आवश्यक दवाइयों के साथ 3 मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति और काउंटिंग सेंटर में दो एवं उसके बाहर दो एंबुलेंस मौजूद रखने का निर्देश दिया। कहा कि मतगणना के दिन मीडिया कर्मी अपने वाहनों की पार्किंग समाहरणालय परिसर में करेंगे। समाहरणालय से कृषि बाजार जाने के लिए रिंग बस या रिंग कार की व्यवस्था रहेगी। इस मौके पर एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन, सिंदरी विस के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निरसा विस के निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, धनबाद विस के निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ राजेश कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, टुंडी विस के निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप महतो, बाघमारा विस के निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी मुख्यालय 2 धीरेंद्र कुमार बंका और डीएसपी ट्रैफिक अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

# 'अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल 2024' में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगें बोकारो के लाल अजय महतो

## ओड़िशा में एक से पांच दिसंबर तक होने जा रहा आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय सेल आर्ट फेस्टिवल-2024 में बोकारो जिले के चंदनक्यारी प्रखंड अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र सीलफोड सुयाडीह निवासी अजय शंकर महतो का चयन हुआ है। अजय को झारखंड का पहला सेंड आर्टिस्ट का गौरव प्राप्त है। वे पिछले डेढ़ दशक से दामोदर नदी के तट पर झारखंडी संस्कृति जल जंगल जमीन, पर्यावरण संरक्षण, मतदाता जागरूकता एवं सामाजिक मुद्दो के साथ ही देश व झारखंड के महापुरुषों के त्याग व बलिदान की गाथा रेत में उकेर कर अपनी कलाकृति से समाज को एक संदेश देते आये हैं, जो आज भी जारी है।



सैंड आर्टिस्ट अजय शंकर महतो।

इसी बीच अजय शंकर महतो का चयन विश्व स्तरीय बहुचर्चित सेंड आर्ट फेस्टिवल 2024 के लिए हुआ है, जो ओडिशा के पूरी स्थित चंद्रभागा कोणार्क बीच पर एक से पांच दिसंबर तक आयोजित होनी है। उक्त उत्सव में देश-विदेश के चयनित सैंड आर्टिस्ट भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगें। इस बाबत अजय शंकर महतो ने कहा कि मैं आज बहुत खुश हूं कि विश्व स्तरीय उत्सव का हिस्सा बना हूं। यह मेरी वर्षों की मेहनत का नतीजा है। मुझे खुशी हो रही है कि फेस्टिवल में मैं अपने राज्य का प्रतिनिधित्व कर पाऊंगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मैं ओडिशा में आयोजित पांच दिवसीय सैंड आर्ट फेस्टिवल में अपने राज्य एवं देश का सफलता पूर्वक प्रतिनिधित्व कर एक छाप छोड़ सकूं।

# धनबाद असफर्ी अस्पातल में लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट क्लीनिक का आयोजन 27 नवंबर को

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद और चेन्नई एमजीएम हेल्थकेयर के सहयोग से पहली बार धनबाद में लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट क्लीनिक का आयोजन किया जा रहा है। 27 नवंबर को असफर्ी अस्पताल में आयोजित होने वाला लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट क्लीनिक का पहल का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर असफर्ी अस्पताल के सीइओ हरेंद्र सिंह ने कहा कि हम हमेशा से मरीजों की बेहत र देखभाल और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हम आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त और सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। यह क्लिनिक उन मरीजों के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जो लीवर और किडनी



संबंधित गंभीर समस्याओं से पीड़ित हैं। उन्हें बेहतर परामर्श और उपचार की आवश्यकता है। इस क्लिनिक में एमजीएम हेल्थकेयर, चेन्नई के विशेषज्ञ डॉ. त्यागराजन श्रीनिवासन, एमबीबीएस. एमएस. डीएनबी (सर्जिकल गैस्ट्रो), वरिष्ठ सलाहकार और निदेशक, लिवर रोग संस्थान. प्रत्यारोपण और एचपीबी सर्जरी एवं डॉ विक्रम सागर टीवी, एमबीबीएस, एमआरसीपी (यूके), सीसीटी इन रीनल मेडिसिन (यूके), एफआरसीपी (एडिनबर्ग), एफआरसीपी (लंदन), वरिष्ठ सलाहकार नेफ्रोलॉजिस्ट और किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन शामिल होंगे, जो लीवर और किडनी ट्रांसप्लांट के लिए परामर्श प्रदान करेंगे और मरीजों के लिए उचित उपचार की योजना बनाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से मरीजों और उनके परिजनों को चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी।

# सुरक्षा, उत्पादन एवं पर्यावरण पहली प्राथमिकता में : जीएम



**- कथारा स्टाफ क्लब में द्विपक्षीय खान समिति के सदस्यों की बैठक**
**- श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने सुरक्षा से संबंधित रखी बात**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कथारा।** स्टाफ क्लब में शुक्रवार को द्विपक्षीय खान सुरक्षा समिति के सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि कामोद प्रसाद और संचालन कथारा कोलियरी के खान प्रबंधक कृष्ण मुरारी प्रसाद ने किया। इसमें क्षेत्र के महाप्रबंधक (जीएम) संजय कुमार भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न श्रमिक संगठन के सेफ्टी कमेटी के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत जीएम और श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसमें सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने सुरक्षा व खामियों पर विस्तृत प्रकाश डाला। जिसमें हॉल रोड, खदान में काम करने वाले लोग का प्रशिक्षण, लाइट की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, टोपी, जूता, पहचान पत्र, कार्य स्थल पर कर्मियों के लिए सेड निर्माण, खदानों में आउटसोर्सिंग कंपनी के वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करना आदि शामिल था। लगे हाथ क्षेत्रीय अस्पताल में डॉक्टरों, नर्सों और जरूरी दवाओं और सफाईकर्मियों के घोर अभाव की ओर भी इशारा किया। वहीं, जीएम ने कहा कि सुरक्षा, पर्यावरण की रक्षा और उत्पादन का कार्य हो। सुरक्षा मानक के उपायओं को अमल में लाने का ही परिणाम है कि इस वर्ष उत्पादन के साथ ही शून्य दुर्घटना का रिकॉर्ड हुआ है। उन्होंने जानकारी दी कि खदान से पानी हटाने के लिए बड़ी मशीने मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं में किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया। धन्यवाद ज्ञापन खान प्रबंधक कृष्ण मुरारी प्रसाद ने किया। इस मौके पर सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों में पीके जयसवाल, कृष्ण कुमार, विनोद कुमार, निजाम अंसारी, बालेश्वर महतो, विजय कुमार सिंह, इम्तियाज खान, बाल गोविंद मंडल, इकबाल अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। दूसरी ओर, प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक खनन सीबी तिवारी, महाप्रबंधक एक्सवेशन जेएस पैकरा, विभागध्यक्ष इएंडएम विपिन कुमार, परियोजना पदाधिकारी जारंगडीह विनोद कुमार, पीओ कथारा कोलियरी डीके सिन्हा, पीओ गोविंदपुर स्वांग कोलियरी एके तिवारी, पीओ कथारा वाशरी विजय कुमार, पीओ स्वांग वाशरी भी मोहन बाबू, एसो (पीएंडपी) अर्जुन प्रसाद, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राजीव रंजन, एसओसी संजय कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय सेफ्टी पदाधिकारी राजकुमार बरनवाल आदि उपस्थित थे।

# प्रत्याशियों की बढ़ी बेचैनी, किसके सिर बंधेगा बेरमो में जीत का ताज

**संदीप कुमार सिंह**

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। शनिवार को मतगणना होनी है। दोपहर 12 बजे के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी या आइएनडीआइए की। वहीं मतगणना को लेकर प्रत्यासियों की बेचैनी भी घड़ी की सुइयों की तरह ही बढ़ती जा रही है। झारखंड के कुछ महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों में शुमार बेरमो पर भी इस बार लोगों की निगाहें टिकी हुई हैं। क्योंकि बेरमो विस सीट से इस बार 14 प्रत्यासी चुनावी मैदान में हैं। लेकिन सबसे अधिक चर्चा वर्तमान विधायक सह आइएनडीआइए समर्थित कांग्रेस प्रत्यासी कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, भाजपा के कद्दावर नेता वह एनडीए प्रत्यासी रविंद्र कुमार पांडेय और जेकेएलएम प्रत्याशी जयराम महतो को लेकर है। इस बार बेरमो विस सीट से इन तीनों के बीच की कांटे की टक्कर मानी जा रही है। उक्त सीट से तीनों प्रत्यासियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर हैं। क्योंकि अनूप सिंह पर जहां अपनी सीट बचाने का दबाव है, वहीं, गिरिडीह लोकसभा सीट से पांच बार के सांसद रह चुके रविंद्र कुमार पांडेय को जिताने के भाजपा ने भी अपनी पूरी शक्ति झोंक रखी है। वहीं, जयराम महतो विगत 3 वर्ष से भाषा खतियान आंदोलन को लेकर चर्चा में आए हैं। जिन्हें स्थानीय युवाओं का भरपूर साथ मिला है।

### बेरमो विस से कौन कब-कब बने विधायक

| साल | पार्टी | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| 1957 | सीएनपीएस | ब्रजेश्वर सिंह |
| 1962 | कांग्रेस | बिंदेश्वरी दुबे |
| 1967 | कांग्रेस | बिंदेश्वरी दुबे |
| 1969 | कांग्रेस | बिंदेश्वरी दुबे |
| 1972 | कांग्रेस | बिंदेश्वरी दुबे |
| 1977 | जेएनपी | मिथिलेश कुमार |
| 1980 | भाजपा | रामदास सिंह |
| 1985 | कांग्रेस | राजेंद्र प्रसाद सिंह |
| 1990 | कांग्रेस | राजेंद्र प्रसाद सिंह |
| 1995 | कांग्रेस | राजेंद्र प्रसाद सिंह |
| 2000 | कांग्रेस | राजेंद्र प्रसाद सिंह |
| 2004 | भाजपा | योगेश्वर महतो बाटुल |
| 2009 | कांग्रेस | राजेंद्र प्रसाद सिंह |
| 2014 | भाजपा | योगेश्वर महतो बाटुल |
| 2019 | कांग्रेस | राजेंद्र प्रसाद सिंह |
| 2020 (उपचुनाव) | कांग्रेस | कुमार जयमंगल |

### चर्चाओं का बाजार गर्म

बेरमो विस सीट पर जीत-हार को लेकर लोगों में भी चर्चाओं का बाजार गर्म हैं। सभी दल के कार्यकर्ता-समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत का दंभ भर रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी बहस छिड़ी है। नेता-कार्यकर्ता और समर्थक अपने-अपने पार्टी की हार- जीत का हिसाब अपने स्तर से लगाने में जुटे हैं। हालांकि सभी का मानना है कि बेरमो में मुख्य मुकाबला कुमार जयमंगल सिंह और रवींद्र कुमार पांडेय के बीच ही है।

# बीएसएल में अधिशासी निदेशकों ने संभाला पदभार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोकारो।** सेल में हाल ही में जारी अधिशासी निदेशक के लिए पदोन्नति के आदेश के आलोक में बीएसएल में पदस्थापित तीन नए अधिशासी निदेशकों ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इनमें अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (कोलियरीज) संजीव कुमार सिंह और अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीष सेनगुप्ता शामिल हैं। नए अधिशासी निदेशकों ने बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र तिवारी की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया।

# गोमिया विस की मतगणना 17 राउंड तक चलेगी : निर्वाची पदाधिकारी

**कसमार (आजाद सिपाही)।** निवार्ची पदाधिकारी सह कसमार बीडीओ नम्रता जोशी ने बताया कि शनिवार को मतों की गणना सुबह 8 बजे से शुरू होगी, जो 17 राउंड तक चलेगी। मतगणना चास बाजार समिति में रखे ईवीएम स्ट्रांग रूम के समीप बने मतगणना केंद्र पर होगी। पहले पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती होगी, जिसके लिए 8 टेबल बनाये गये हैं। उसके बाद ईवीएम की गणना शुरू होगी। बीडीओ ने बताया कि इवीएम में पड़े मतों की गणना के लिए कुल 20 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल पर एक-एक बूथ से एक-एक ईवीएम की गणना की जाएगी। बतातें चलें कि गोमिया विधानसभा में कुल 341 बूथ हैं। इस लिहाज से 17 राउंड में 340 बूथों की गिनती हो जाएगी। शेष बचे एक बूथ की गणना अलग से की जाएगी। जिसे राउंड की केटेगिरी में नहीं रखा जाएगा। बताया मतगणना प्रारंभ एक नंबर बूथ से की जाएगी।मतगणना के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिना पास के मतगणना स्थल में अनाधिकार प्रवेश वर्जित रहेगा।

## कांग्रेस नेता स्व ओपी लाल की चौथी पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

# स्व ओपी लाल के विचार आज भी जीवित हैं : जलेश्वर महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोयाबाद/धनबाद।** पूर्व मंत्री सह कांग्रेस नेता स्व ओपी लाल की चौथी पुण्यतिथि शुक्रवार को राकोमयू के संयुक्त महामंत्री रवि चौबे के आवसीय कार्यालय में शुक्रवार को मनायी गयी। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, राकोमयू के महामंत्री एके झा, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामप्रीत यादव, कांग्रेस जिला महासचिव राजकुमार महतो, स्व ओपी लाल की पुत्रवधू शकुंतला लाल आदि ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि




स्व ओपी लाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते जलेश्वर महतो व अन्य।

आज के दिन उनको याद करना नैतिक जम्मेवारी है। वे मशहुर मजदूर नेता व कर्मठ व्यक्ति थे। उनसे मेरा बहुत ही मधुर संबध था। वे अपनी दिल की बात साझा करते थे। उनके विचार आज भी जीवित है। वहीं, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि वे सात्विक जीवन के मिशाल थे। उनसे बहुत कुछ सिखा है। एक महापुरूष में सौम्यता, सरलता, सादगी, मृदभाषी, सहनशीलता जितना गुण होता है। वे सभी गुण उनमें थे। उनके पदचिन्हो पर चलना ही बहुत बड़ी बात है। एके झा ने कहा कि लाल साहब बहुत संघर्षशील, मेहनती, लड़ाकू व जमीनी नेता थे। वे लंबे समय तक कांग्रेस व इंटक के लिए संघर्ष किये। उनके लिए मजदूर हीत सर्वोपरि था। इस दौरान रामप्रीत यादव, लगनदेव यादव, भोला राम, चंद्रदीप यादव, राजकुमार महतो, सुरेश लाल आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस मौके पर अनुज सिन्हा पलटू, बिनोद विश्वकर्मा, चांद खान, नागेन्द्र शर्मा, राममहेश अधिकारी, ताजोद्दिन अंसारी आदि मौजूद थे।

# ढोरी डीएवी पब्लिक स्कूल में हुई प्रिंसिपल-अभिभावकों की बैठक




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**फुसरो/बेरमो।** मकोली स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल ढोरी में शुक्रवार को प्रिंसिपल-पैरेंट्स मिल का आयोजन हुआ। जिसमें कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड की आसन्न केंद्रीय माध्यमिक व उच्च माध्यमिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के अभिभावक शामिल हुए। इसका मुख्य उद्देश्य बोर्ड की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने के गुण, बच्चों के लिए घर पर प्रतिदिन 6 घंटे का पढ़ाई का टाइम टेबल निर्धारित करना, बच्चों को तनाव से मुक्त रखना, समय-समय पर प्रोत्साहित करना था। बच्चों को पौष्टिक भोजन देने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। प्राचार्य एस कुमार ने अपने सेवाकाल की अंतिम संगोष्ठी में प्रयुक्त बातों को अमल में लाने के लिए प्रेरित किया, ताकि बच्चों के बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त हो। उन्होंने बच्चों के बेहतर सुखमय भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षक मुकेश कुमार, एसके शर्मा, एलके पॉल, पीके सहाय और गोपाल शुक्ला आदि मौजूद थे।

## नये परियोजना प्रधान से मिला डीवीसी मजदूर संघ

**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** डीवीसी मजदूर संघ बोकारो थर्मल इकाई ने डीवीसी बीटीपीएस के नये वरीय महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया से शिष्टाचार मुलाकात की। मजदूर संघ की ओर से बीटीपीएस इकाई के अध्यक्ष एमके चौधरी, सचिव राजदेव सिंह, संयुक्त सचिव शाहिद इकराम, जितेन्द्र कुमार, अनिल सिंह, धनेश्वर कुमार, वीके सिंह, बासुदेव महतो, विवेकानंद कुमार इत्यादि उपस्थित रहें। अध्यक्ष एवं सचिव ने नये परियोजना प्रधान को कर्मचारियों की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया एवं संयुक्त सचिव शाहिद इकराम, जितेन्द्र कुमार एवं धनेश्वर कुमार ने कॉलोनी की समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया। नये परियोजना प्रधान ने भी सभी सम्स्याओं के समुचित समाधान का आश्वासन दिया।

# ओड़िशा के विकास में वेदांता सीएसआर के प्रमुख योगदान को प्रदर्शित किया गया

**वेदांता एल्युमीनियम और एफएसीओआर द्वारा सीएसआर हस्तक्षेपों ने ओड़िशा में 6.37 लाख लोगों के जीवन को बदला**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** वेदांता लिमिटेड की सामाजिक प्रभाव शाखा, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन (एएएफ) ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी प्रभावशाली सामाजिक पहलों की घोषणा की है, जिसमें भारत भर में 1.73 करोड़ से अधिक व्यक्तियों के जीवन को बदलने के लिए 437 करोड़ का योगदान दिया गया है। जिसका शीर्षक पोषण, परिवर्तन, नेतृत्वः भारत की विकास कहानी है, में इसकी 153 उच्च प्रभाव वाली सामाजिक परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया है, जो 1,200 से अधिक गांवों में फैली हुई हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिला और बाल विकास, कौशल और आजीविका, पशु कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता सहित प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। वेदांता की सहायक कंपनियों, झारसुगुड़ा और लांजीगढ़ में परिचालन करने वाली वेदांता एल्युमीनियम और भद्रक में परिचालन करने वाली ओडिशा में 6.37 लाख लोगों को लाभान्वित करके सामुदायिक जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। महिला एवं बाल परियोजना नंद घर शामिल है, जिसने 14 राज्यों में 6,044 आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों का नेटवर्क बनाया है, जिसमें ओडिशा राज्य में 531 नंद घर शामिल हैं।

पूरे भारत में नंद घर 238,161 बच्चों और 178,620 महिलाओं को प्रारंभिक बचपन शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य सेवा और महिलाओं के लिए कौशल विकास जैसी आवश्यक सेवाओं के साथ सहायता प्रदान करते हैं। को टीबी किट के माध्यम से निदान, पोषण और व्यावसायिक सहायता प्रदान की गई। एफएसीओआर द्वारा 246 मोबाइल स्वास्थ्य शिविरों में संयंत्र और खदान सीएसआर परिचालन क्षेत्रों में 15,238 लाभार्थियों को मुफ्त जांच, परामर्श और बुनियादी दवाएं प्रदान की गयीं। वेदांता लांजीगढ़ की सखी परियोजना के माध्यम से, 336 एसएचजी के लिए बैंकों, सरकारी योजनाओं, एनबीएफसी-एमएफआई और गैर-लाभकारी संस्थाओं से 38.4 मिलियन प्राप्त किए गए, जिससे 1,174 महिला सदस्यों को लाभ हुआ। शिक्षा अमृत परियोजना के माध्यम से, जाजपुर और भद्रक में रळएट शिक्षा को बढ़ाने के लिए 3 विज्ञान प्रयोगशालाएँ स्थापित की गयी, जिससे 288 छात्र लाभान्वित हुए।

### वित्त वर्ष 2023-24 में 'एएएफ' सामाजिक प्रभाव के मुख्य आंकड़े

- भारत भर में 153 से अधिक सामाजिक परियोजनाओं में 437 करोड़ का निवेश किया गया।
- 1,200 से अधिक गांवों में 1.73 करोड़ व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया।
- 6,044 नंद घरों को सहायता प्रदान की गयी, जिससे 238,161 बच्चे और 178,620 महिलाएं प्रभावित हुईं।
- अपने पशु कल्याण परियोजनाओं के माध्यम से 1.48 लाख पशुओं को लाभ पहुंचाया गया।
- स्वास्थ्य सेवा पहलों के माध्यम से 17 लाख व्यक्तियों को सहायता प्रदान की गयी।
- 5.22 लाख लोगों के लिए सामुदायिक बुनियादी ढांचे में सुधार किया गया।

# इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक महेश कुमार बजाज कई कार्यक्रमों में लिया भाग

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक महेश कुमार बजाज ने 20 और 21 तारीख को ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर आये है। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने कई वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें राज्य में इंडियन बैंक द्वारा दी जाने वाली विभिन्न बैंकिंग सेवाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आम ग्राहकों और कॉर्पोरेट ग्राहकों की सुविधा के लिए इंडियन बैंक द्वारा की गयी विभिन्न पहलों पर चर्चा की। बजाज ने प्रतिभागियों को ओडिशा सरकार की 'सुभद्रा' योजना में बैंक की भागीदारी और सुभद्रा लाभार्थियों को सीबीडीसी प्लेटफॉर्म पर आरबीआई डिजिटल मुद्रा के प्रावधान के बारे में जानकारी दी। बजाज ने पुरी जिले के नीमापड़ा में एक नयी शाखा का उद्घाटन किया, जबकि बैंक के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के माध्यम से भुवनेश्वर में रामादेवी महिला विश्वविद्यालय को 4 सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीनें और कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (किस) को दो एम्बुलेंस प्रदान कीं। वर्तमान में, इंडियन बैंक 199 शाखाओं के माध्यम से राज्य में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है। उन्होंने बचत और जमा वृद्धि को बढ़ावा देने और बैंक छोड़ने वाले ग्राहकों के साथ फिर से जुड़ने के लिए दो अभियान, 'रन टू रीच' और 'कनेक्ट एंड कॉन्क्वर' शुरू किये। अभियान शुरू करने के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए, श्री बजाज ने बताया कि इंडियन बैंक, देश का सातवां सबसे बड़ा सरकारी स्वामित्व वाला बैंक, डिजिटल सेवाओं और ग्राहक जुड़ाव में अग्रणी है। उन्होंने बैंकिंग दक्षता और ग्राहक अनुभव बढ़ाने में डिजिटल रचनात्मकता के महत्व पर प्रकाश डाला। बजाज ने कहा कि इंडियन बैंक की डिजिटल यात्रा 220 से अधिक सुविधाओं के साथ (इंडस्मार्ट) मोबाइल बैंकिंग ऐप प्लेटफॉर्म के साथ जारी है।

# खोरधारोड मंडल ने मात्र 234 दिनों में 100 मिलियन टन माल ढुलाई का लक्ष्य हासिल किया

**पिछले वित्तीय वर्ष अर्थात 2023-24 में 100 मीट्रिक टन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 238 दिन लगे**

**कुल राजस्व 9,130 करोड़ रुपये है**

**यह पहला मंडल है जिसने 187 मिलियन टन का परिवहन (लोडिंग और अनलोडिंग दोनों) किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** खोरधारोड मंडल ने चालू वित्त वर्ष अर्थात 1 अप्रैल 2024 से 20 नवंबर 2024 तक केवल 234 दिनों में 100 मिलियन टन माल ढुलाई हासिल की है । मंडल ने इस नया कीर्तिमान को पिछले वित्त वर्ष की तुलना में इस वर्ष 4 दिन पहले ही हासिल किया । पिछले वित्त वर्ष अर्थात 2023-2024 में यही लक्ष्य हासिल करने में 238 दिन लगे थे। 100 मिलियन टन के माल लदान से प्रशासन को 9,130 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के दौरान 9,001 करोड़ रुपये था। इसे चक्रवात, साइडिंग पर श्रम मुद्दों, हड़ताल आदि जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद प्राप्त किया जा सका। इस माल ढुलाई कितीर्मान को प्राप्त करने में खोरधारोड क्षेत्राधिकार के अधीन प्रमुख अंशीदार लोडिंग्स में तालचेर, पारादीप, धमारा, मेरामंडली, जाखपुरा, सुकिंदा, केरजंगा, नयागढ़ में लौह अयस्क में प्रमुख इस्पात संयंत्र और गोपालपुर बंदरगाह से विभिन्न अन्य उत्पाद आदि शामिल है । खोरधारोड मंडल के सभी लोडिंग पॉइंट्स पर सरकारी क्षेत्रों और उद्योगों के साथ एक उचित योजना और समन्वय से लक्ष्य प्राप्त करने में बहुत योगदान मिला।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, खोरधारोड मंडल ने इस्पात संयंत्रों को 75 मीट्रिक टन कोयला, 4 मीट्रिक टन कच्चा माल, 7 मीट्रिक टन तैयार इस्पात, 5 मीट्रिक टन लौह अयस्क, 3 मीट्रिक टन उर्वरक और 6 मीट्रिक टन अन्य सामान जैसे सीमेंट, खाद्यान्न, खनिज तेल आदि का लदान किया है। इसके अलावा, खोरधारोड मंडल भारतीय रेलवे का पहला मंडल बन गया है, जिसने 234 दिनों में अर्थात लोडिंग और अनलोडिंग दोनों में 187 मिलियन टन का परिवहन किया है। 1 अप्रैल 2023 से 20 नवंबर 2024 की अवधि के दौरान, मंडल ने 100 मिलियन टन माल का लदान किया है और 87 मिलियन टन माल का उतरान किया।

# अडाणी समूह के साथ ओड़िशा में बिजली खरीद समझौतों से जुड़ी रिपोर्ट गलतः बीजद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** बीजू जनता दल ने अडाणी समूह के साथ ओड़िशा में बिजली खरीद समझौतों से संबंधित रिपोर्टों का खंडन किया है। पार्टी ने सभी आरोपों को निराधार और गलत बताया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उसने बताया कि 2021 में बिजली खरीद समझौता दो सरकारी एजेंसियों के बीच था। किसी भी प्राइवेट पार्टी के बीच यह समझौता नहीं किया गया था। बीजद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, यह केंद्र सरकार की एक योजना का हिस्सा है जिसे 'मैन्युफैक्चरिंग लिंक्ड सोलर स्कीम' कहा जाता है।

यह समझौता एसइसीआइ द्वारा 500 एमडब्यू नवीकरणीय ऊर्जा खरीदने के लिए था। अडाणी समूह समेत किसी भी प्राइवेट पार्टी के बीच यह समझौता नहीं किया गया था। वाइएसआरसीपी पर भी लगे आरोप इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने भी अडाणी समूह पर लगे आरोपों पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने बताया कि उनके पास पिछली वाइएसआरसीपी सरकार और अडाणी समूह से जुड़े रिश्वत घोटाले से संबंधित अमेरिका में दायर चार्जशीट रिपोर्ट है। सीएम नायडू ने बताया कि पांच महीनों से 2019 से लेकर 2024 के बीच हुए भ्रष्टाचार के आरोपों पर टीडीपी सरकार चर्चा कर रही है। वाइएसआरसीपी सरकार और अडाणी समूह पर लगे आरोपों पर सीएम नायडू ने कहा कि इससे दक्षिणी राज्य की छवि को नुकसान पहुंचा है। हालांकि वाइएसआरसीपी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया। पार्टी ने बताया कि अडाणी समूह के साथ कोई सीधा समझौता नहीं हुआ है।


### क्या है मामला

**भारत के दूसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडाणी सहित सात लोगों पर अमेरिका के न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि उन्होंने आंध्र प्रदेश और ओड़िशा सरकार के अधिकारियों को महंगी सौर उर्जा खरीदने के लिए रिश्वत दी। इससे अडाणी समूह को अगले 20 वर्षों में दो अरब डॉलर से ज्यादा का मुनाफा हो सकता था। अडाणी समूह ने इन आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि अमेरिकी अभियोजकों के आरोप बेबुनियाद हैं और समूह सभी कानूनों का पालन करता है।**

# सोनपुर जिले में टीपीडब्ल्यूओडीएल ने समूह शिक्षा केंद्र स्थापित किया



**भुवनेश्वर/बुर्ला (आजाद सिपाही)।** स्थानीय समुदाय की शिक्षा, प्रशिक्षण और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, टीपीडब्ल्यूओडीएल के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा सोनपुर जिले के उलुंडा ब्लॉक में एक सामुदायिक शिक्षण केंद्र (सीएलसी) स्थापित किया गया है। यह पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और क्षेत्र में शिक्षा, कौशल विकास और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ाने के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल की निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उद्घाटन समारोह में उलुंडा वीडियो श्रीमती करिश्मा बेस्त्रा, सरपंच श्री दैतारी बेहेरा और मिशन शक्ति के कई सदस्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने डिजिटल साक्षरता, वयस्क साक्षरता, युवाओं के लिए करियर मार्गदर्शन, एक मिनी लाइब्रेरी, सामुदायिक विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकारी योजनाओं में जानकारी और समर्थन में इन केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।




# अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी के लिए सामग्री पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** हाल ही में यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान मानद विश्वविद्यालय (सोआ) में चक्रीय अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी के लिए सामग्री के क्षेत्र में नवीनतम विकास पर ज्ञान और विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए देश भर और दुनिया के अन्य हिस्सों से सामग्री विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के उभरते क्षेत्र के विशेषज्ञ एकत्र हुए। वे 15 और 16 नवंबर को सोआ के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइटीइआर) के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 'सर्कुलर अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी के लिए सामग्री में हालिया प्रगति (आरएएमसीईटी-2024)' पर पहले अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रहे थे। सम्मेलन में छह आरएस के सिद्धांत-पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण, पुनर्विन्यास, पुनर्निर्माण, कम करने और पुनर्प्राप्त करने का उपयोग करते हुए टिकाऊ सामग्री के विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), इतालवी राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद, थाईलैंड विश्वविद्यालय बैंकॉक, पिसा विश्वविद्यालय इटली, क्लेमसन विश्वविद्यालय दक्षिण कैरोलिना यूएसए, दक्षिणी डेनमार्क विश्वविद्यालय, आइआइटी दिल्ली, आइआइटी जम्मू, आईआईटी गुवाहाटी, नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स, वेदांता लिमिटेड, एफएसीओआर और आईटीसी के विशेषज्ञों ने कार्यवाही में भाग लिया।










# एम्स की डॉ मनिता तमांग प्रतिष्ठित यूसी चक्रवर्ती पुरस्कार से सम्मानित


**कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वा ने डॉ मनिता को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण में, बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग की अंतिम वर्ष की वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ मनिता तमांग को हाल ही में संपन्न आइएपीएसकॉन 2024 में प्रतिष्ठित यूसी चक्रवर्ती पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एम्स ऋषिकेश। यह प्रतिष्ठित सम्मान पूरे भारत में बाल चिकित्सा सर्जरी के रेजिडेंट द्वारा किये गये उत्कृष्ट शोध के लिए मान्यता का शिखर माना जाता है। एक विशेष समारोह के दौरान, एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष बिस्वा ने डॉ मनिता तमांग को बधाई दी। उन्हें बधाई देते हुए, डॉ बिस्वास ने कहा, ह्वऐसी उपलब्धियां न केवल हमारे युवा डॉक्टरों के समर्पण और कड़ी मेहनत को स्वीकार करती हैं, बल्कि हमारे संस्थान को गौरवान्वित भी करती हैं। यूसी चक्रवर्ती पुरस्कार का निर्णय इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स जर्नल के प्रधान संपादक और क्षेत्र के अन्य प्रतिष्ठित विशेषज्ञों की एक प्रतिष्ठित समिति द्वारा किया जाता है। समारोह में चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा, बाल चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ मनोज कुमार मोहंती और प्रतिष्ठित प्रोफेसर डॉ सुब्रत कुमार साहू, डॉ बी बी त्रिपाठी और डॉ आदित्य मानेकर शामिल हुए। उनके अभूतपूर्व शोध ने न केवल चिकित्सा समुदाय के लिए मानक बढ़ाया है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में एम्स भुवनेश्वर की स्थिति को और मजबूत किया है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**